e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 84

सुविचार
कुछ लोगो की सुंदरता उम्र के साथ नही घटती, यह चेहरों से उतर कर दिलो में बस जाती है।

प्रभात मंत्र

मंगलवार
28.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रोजा का समय
इफ्तार (28/03/23) 06:04
सेहरी (29/03/23) 04:22
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

रांची का तापमान

अधिकतम	26°
न्युनतम	12°

कालरात्रि

एक वेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकणी तैलाभ्यक्तशरीरणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी।।

मां दुर्गा के सातवें स्वरूप को कालरात्रि कहा जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन ये सदैव शुभ फल देने वाली मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें शुभङ्करी भी कहा जाता है। दुर्गा पूजा के सप्तम दिन मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। उसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इस चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः मां कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश और ग्रह बाधाओं को दूर करने वाली हैं। जिससे साधक भयमुक्त हो जाता है।

विद्यार्थियों के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए सीएम

मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन जरूरीः हेमंत

राज्य के 130 छात्र-छात्राओं के बीच 1 करोड़ 32 लाख रूपये की नकद राशि, लैपटॉप और मोबाईल सम्मान स्वरूप प्रदान किया गया

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

पुरस्कार वितरण समारोह में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान सचिव मुख्यमंत्री वंदना डाडेल, झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्श अनिल कुमार महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, विभागीय सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक श्रीमती किरण कुमारी पासी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं राज्य भर से पहुंचे पुरस्कृत होने वाले छात्र-छात्राएं एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज राज्य सरकार ने आने वाली पीढ़ी के लिए एक नई योजना प्रारंभ की है। राज्य के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया जा रहा है। हमारी सरकार की सोच है कि झारखंड के बच्चे चाहे यहां के सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर रहे हों, सीबीएसई या आईसीएसई बोर्ड की पढ़ाई कर रहे हों। जो बच्चे शिक्षा को लेकर गंभीरता पूर्वक पढ़ाई करते हैं उनके उत्साह को मजबूती प्रदान करने एवं शिक्षा के प्रति उनकी जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से आपकी सरकार ने यह योजना शुरू की है।

ताकि बच्चे और होनहार बने।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित ÷पुरस्कार वितरण समारोह÷ जैक, सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड परीक्षा 2022 में झारखण्ड राज्य के प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय तृतीय स्थान प्राप्त तथा स्टेट ओलम्पियाड के प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं का पुरस्कार वितरण किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरस्कार वितरण योजना का उद्देश्य राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कर रहे बच्चों का उत्साहवर्धन करना है। शिक्षा विभाग ने इस कार्य को आज पूर्ण रूप दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में अच्छे स्कूल तथा शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए पैसों की जरूरत एवं पढ़ाई के लिए लैपटॉप और मोबाइल आवश्यक है। इसके जरिए वे तकनीकी जरूरतें पूरी कर सकते हैं।

राज्य सरकार मेधावी छात्र-छात्राओं को आज पुरस्कार के रुप में ये सब जरूरत की चीजें प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार इन बच्चों के अभिभावकों को भी सहयोग करने का प्रयास कर रही है, ताकि 10वीं और 12वीं के बाद की सीढ़ी के लिए उन्हें अधिक चिंता करने की जरूरत न पड़े और होनहार बच्चों को मदद मिल सके। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि प्रतियोगिता के इस दौर में यहां के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता देखने को मिली। उसका बेहतर परिणाम देखने को मिला है। आज होनहार बच्चे सम्मानित हुए हैं।

झारखंड सिर्फ खनिज संपदा नहीं बल्कि बौद्धिक क्षमता में भी आगे

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखण्ड सिर्फ खनिज संपदा पर ही नहीं बल्कि बौद्धिक क्षमता में भी आगे रहने की काबिलियत रखता है। यही वजह है कि जिन बच्चों को सरकार ने निः शुल्क उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजा था, वे अब अपने पैर पर खड़े हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश पढ़ाई करने गए कई बच्चों ने विदेशों में ही नौकरी पायी है।

वित्त विधेयक 2023 को संसद से मिली मंजूरी

जम्मू-कश्मीर का 2023-24 का बजट भी राज्यसभा ने किया पारित

एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच सरकार की ओर से पेश संशोधनों के साथ वित्त विधेयक 2023 को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पास कर लोकसभा को लौटा दिया। इसके बाद भारी हंगामे के बीच राज्यसभा दिनभर के लिए स्थगित हो गई।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को वित्त विधेयक 2023 को संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में पेश किया।

सदन ने विपक्षी सदस्यों के शोरगुल और हंगामे के बीच ही वित्त विधेयक 2023 को बिना चर्चा के ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया गया। वित्त विधेयक को लोकसभा को लौटाए जाने के साथ ही सदन में वित्त वर्ष 2023-24 के बजट की प्रक्रिया पूरी हो गई।इससे पहले वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का सामान्य बजट, अनुदान की अनुपूरक मांगें और उससे संबंधित विनियोग विधेयक सदन में पेश किया। सदन ने चर्चा के बिना जम्मू-कश्मीर के सामान्य बजट, अनुदान की अनुपूरक मांगें और उससे संबंधित विनियोग विधेयक को ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया।

इसके साथ ही आगामी वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट की प्रक्रिया उच्च सदन में पूरी हो गई। वहीं, जम्मू-कश्मीर का 2023-24 का सामान्य बजट भी लोकसभा को बिना चर्चा के वापस करने के बाद भारी हंगामे के बीच संसद का ऊपरी सदन राज्यसभा दिनभर के लिए स्थगित हो गई।

कुनो पार्क में नामीबिया से लाई गई मादा चीता साशा की मौत



एजेंसी

ग्वालियर/भोपाल : मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से लाई गई मादा चीता साशा की मौत हो गई। पीसीसीएफ रमेश के गुप्ता ने साशा की मौत होने की पुष्टि की है। बताया गया है कि वह करीब कई दिनों से बीमार थी। उसकी किडनी में इन्फेक्शन हो गया था, जिसके सोमवार सुबह साढ़े 8 बजे उसने दम तोड़ दिया। साशा की उम्र पांच साल थी। हालांकि, कूनो पार्क प्रबंधन अभी साशा की बीमारी को लेकर कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं। बताया जा रहा है कि साशा कई दिनों से बीमार चल रही थी। साशा की मौत से देश के चीता प्रोजेक्ट को बड़ा झटका लगा है। कूनो पार्क सहित वन विभाग साशा की मौत से सकते में हैं। वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया ने बताया कि मादा चीता साशा सुबह मृत अवस्था में मिली है, लेकिन उसकी मौत कब हुई, यह फिलहाल नहीं बताया जा सकता है। भोपाल से फॉरेस्ट और वेटनरी डॉक्टरों की एक टीम कूनो पहुंच गई है। बताया गया है कि 23 जनवरी को चीता साशा बीमार हो गई थी। जिसके इलाज के लिए भोपाल से वेटनरी डॉक्टरों की टीम कूनो पहुंची थी। डॉक्टरों ने उसकी किडनी में इंफेक्शन होना बताया था। वन विहार से पहुंची एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम मादा चीता को अपनी देख-रेख में लेकर उसका इलाज कर रही थी। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार भी आया था। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्मदिन के मौके पर पिछले साल 17 सितम्बर को नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनों राष्ट्रीय उद्यान में रिलीज किया था। इनमें साशा भी शामिल थी। इसके बाद इसी साल 18 फरवरी को दूसरे चरण में दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते लाए गए थे। इन्हें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान के बाड़े में रिलीज किया था।

विपक्ष का संसद से सड़क तक जोरदार प्रदर्शन

एजेंसी

नई दिल्लीः कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा से 'अयोग्य करार' दिए जाने और अडानी मामले को लेकर कांग्रेस समेत विपक्षी सांसदों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। सांसदों ने विरोध स्वरूप काले कपड़े पहनकर संसद भवन से विजय चौक तक रैली निकाली। प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल हुई। सोनिया भी काले रंग का दुपट्टा पहने नजर आई।।वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आज हम इसलिए काले कपड़े में आए हैं। क्योंकि देश में लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। राहुल गांधी की अयोग्यता मामले में सभी ने कांग्रेस पार्टी का साथ दिया है। सरकार चुनाव में जीतकर आए लोगों को डरा धमका रही है। जो लोग नहीं झुकते हैं उन्हें ईडी और सीबीआई का डर दिखाया जाता है।खड़गे ने आगे कहा कि आज लोकतंत्र का काला दिन है। सरकार संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से क्यों बच रही है, जबकि वे बहुमत में हैं, जेपीसी में ज्यादातर सदस्य उनकी पार्टी से ही होंगे, फिर भी वो डर रहे हैं, इसका मतलब दाल में कुछ काला है, जो डरते हैं कभी न कभी वो फंसते भी हैं।

लोकसभा आवास समिति ने राहुल गांधी को दिया सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस

लोकसभा आवास समिति ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को आवंटित सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस भेजा है। बंगला खाली करने के लिए राहुल को एक माह का समय दिया गया है। राहुल गांधी को 2004 में लोकसभा सांसद चुने जाने के बाद 12, तुगलक लेन बंगला आवंटित किया गया था। तब से वह इसी आवास में रह रहे हैं। लोकसभा सचिवालय के डिप्टी सेक्रेटरी डॉ. मोहित राजन ने सोमवार को राहुल गांधी को आवास खाली करने के संबंध में नोटिस भेजा गया है। इसमें लोकसभा सचिवालय की ओर जारी अधिसूचना संख्या 21/4(3)/2023/टीओ(बी) का हवाला देते हुए कहा गया है कि 23 मार्च 2023 से 17वीं लोकसभा की सदस्यता से आपकी अयोग्यता/समाप्ति के परिणामस्वरूप, मुझे यह निर्देश हुआ है कि आपको बंगला संख्या 12, तुगलक लेन अधिकतम एक महीने यानी 22.04.2023 तक की अवधि के लिए बनाए रखने की अनुमति है। नोटिस में कहा गया है कि आवास का आवंटन 23 अप्रैल 2023 से रद्द माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने 2019 के एक मानहानि मामले में दोषी ठहराया था। जिसके एक दिन बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। संसद सदस्य न होने के कारण अब राहुल गांधी को अपना सरकारी बंगला भी खाली करना होगा।

क्विक न्यूज

खाताधारक को सुनवाई का अवसर दिया जाए : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। बैंकों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लोन लेने वालों को सुने बिना उनके खातों को फ्रॉड घोषित नहीं किया जाएगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि बिना सुनवाई का अवसर दिए लोन लेने वालों के खातों को फ्रॉड घोषित करने के वर्गीकरण से गंभीर दीवानी परिणाम होते हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना एक तरह से लोन लेने वालों को ब्लैक लिस्ट में डालने के समान है।कोर्ट ने कहा कि रिजर्व बैंक के 2016 के मास्टर सर्कुलर के तहत किसी को फ्रॉड घोषित करने से पहले खाताधारक को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए गुजरात हाई कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया।

ब्राउन शुगर के साथ दो महिला तस्कर हिरासत

रांची : पंडरा थाने की पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो महिला तस्कर को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि पंडरा इलाके में मां और बेटी दोनों मिलकर ब्राउन शुगर की तस्करी करती थी। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पंडरा थाने की पुलिस ने दोनों महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ में ब्राउन शुगर भी बरामद किया गया है।

झारखंड कैबिनेट की बैठक में 44 प्रस्तावों पर लगी मुहर

रांची नगर निगम 224 सिटी बसों की करेगी खरीद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 44 प्रस्ताव पर मुहर लगी। बैठक के बाद कैबिनेट की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि बैठक में झारखंड श्रम प्रवर्तक भर्ती नियमावली (संशोधन) 2023 के साथ ही झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा संवर्ग संशोधित नियमावली 2023 की गठन की स्वीकृति दी गयी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा शहरी स्थानीय निकाय कर्मियों के लिए सातवें वेतन आयोग के आलोक में सरकार का वित्तीय भार 2027-28 तक होगा। पहले यह सिर्फ 2022- 23 तक था। वहीं नगर विकास विभाग रांची नगर निगम में 605.45 करोड़ की लागत से 224 सिटी बसों की खरीद करेगी। इन बसों में नॉन एसी की 220 और एसी इलेक्ट्रिक बस 24 होंगी। इससे राजधानी में बेहतर शहरी परिवहन व्यवस्था हो सकेगी।रांची शहरी क्षेत्र में चल रही सिटी बस सेवा में नगर निगम नई रूट पर बसों को चलाने की तैयारी में है। इसके तहत ही कैबिनेट की बैठक में 244 बसों को चलाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, जिसके लिए 605.45 करोड़ खर्च किए जाएंगे। विभागीय प्रस्तावों के मुताबिक बसों के परिचालन के लिए कुल 13 रूट और 200 नए बस स्टॉप बनाए जाएंगे। प्रत्येक बस प्रतिदिन 174 किमी की दूरी तय करेगा। बसों के परिचालन में कुल सकल लागत 62 रुपये प्रति किमी होगा, जबकि कुल राजस्व संग्रह 44.08 है। इस प्रकार प्रति किमी 17.03 रुपये का घाटा होने की संभावना है। ऐसे में अगले 10 वर्षों में 247 करोड़ रुपये के घाटा का आकलन किया गया है। बसों का प्रस्तावित किराया दो किमी तक पांच रुपये, दो से पांच किमी तक 10 रुपये, पांच से 10 किमी के लिए 15 रुपये और 10 किमी से अधिक होने पर 20 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रत्येक दो वर्षों में 11 प्रतिशत किराया वृद्धि होना प्रस्तावित है। पीपीपी मोड पर योजना का क्रियान्वयन ग्रॉस कास्ट कांट्रैक्ट मॉडल के आधार पर होगा, जिसमें तीन पक्ष ऑपरेटर 1, ऑपरेटर 2 और रांची नगर निगम होगा।

आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से ईडी ने की पूछताछ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। आईएएस राजीव अरुण एक्का से सोमवार को ईडी की टीम ने पूछताछ की। इससे पहले उन्हें 15 मार्च को हाजिर होने को कहा गया था। तब उन्होंने विधानसभा सत्र चलने का हवाला देकर ईडी से समय मांगा था। ईडी ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए 27 मार्च की तारीख तय की थी।ब्लैक मनी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित विशाल चौधरी के साथ राजीव अरुण एक्का के संबंध की पुष्टि होने के बाद वे ईडी की राडार पर आए थे।उल्लेखनीय है कि पांच मार्च को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और गृह सचिव राजीव अरुण एक्का पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक वीडियो क्लिप जारी किया था। बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि जिस विशाल चौधरी के घर ईडी ने छापेमारी की थी, उसके निजी कार्यालय में बैठ कर वह सरकार के गृह विभाग की फाइलें निपटा रहे हैं। इस वीडियो में बगल में एक महिला है, जो सचिव राजीव अरुण एक्का को फाइल दिखाने में सहयोग कर रही है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

बहुत जल्द झारखंड का सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र हो जायेगा बिश्रामपुर : रामचंद्र चंद्रवंशी

विधायक ने बिश्रामपुर बेलहरा मुख्य पथ में पड़ने वाले चार पुल का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिश्रामपुर : पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बिश्रामपुर बेलहारा मुख्य पथ में पड़ने वाले चार पुलों का शिलान्यास सोमवार को शिलापट्ट का अनावरण कर के किया.शिलान्यास के साथ ही बिश्रामपुर प्रखंड में खुटिशोत,पांडू प्रखंड में सुषमा,धुरिया व अमरावती नदी पर पुल बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया। शिलान्यास समारोह में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि मैं कभी जात पात व धर्म सम्प्रदाय की बात नहीं करता मैं सिर्फ विकास की बात करता हु। मेरा सपना है कि बिश्रामपुर विस क्षेत्र का पूर्ण विकास हो.जिसे साकार करने के लिए मैं दिन रात प्रयासरत रहता हूं.मेरा प्रयास रंग भी लाया है। जल्द ही विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र झारखंड का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। उन्होंने कहा कि जब 1995 में पहली बार विधायक बना था तब क्षेत्र उग्रवाद की आग में जल रहा था। क्षेत्र के युवा भटकाव की ओर चले गए थे। हमने युवाओं को शिक्षा व रोजगार उपलब्ध कराते हुए उन्हें मुख्यधारा में वापस लाया। विकास कार्यों को धरातल पर उतारने लगा.और देखते ही देखते क्षेत्र विकाशित होने लगा, युवा शिक्षित होने लगे। उसके बाद विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलनी शुरू हो गई.जिस बिश्रामपुर की पहचान उग्रवाद, अशिक्षा और पिछड़ेपन का था, आज वह बिश्रामपुर शिक्षा का हब बन चुका है.प्रतेक दिन विकास का नया नया अध्याय लिख रहा है। और यह सब जानता के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, शिवबंश मिश्रा, बीरेंद्र सिंह, प्रेमसागर सिंह, मुखिया मंजू देवी, राधा कृष्ण साव, मनीष कुमार, संतोष राम, किरण शर्मा, मुन्नी देवी, धीरन तिवारी, नरसिंह चौबे, उखमजी यादव, शुशील ठाकुर, सतेंद्र नारायण सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

मोटरसाइकिल कि आमने सामने टक्कर, एक कि मौत, तीन घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

छत्तरपुर : नौडीहाबाजार रोड पर दो मोटरसाइकिल में आमने सामने से टक्कर में एक कि मौत तीन घायल हो गया। तेज रफ्तात मोटरसाइकिल सवार नवयुवक नौडीहा बाजार तुरकाडीह मोड़ के समीप पहुचते दो बाइक में आमने सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें एक युवक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई वंही अन्य तीन घायल हो गए। जुसमे एक युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार नामुदाग स्कुल से इंटर का एग्जाम देकर घर वापस लौट रहे थे इसी बीच अन्य बाइक के साथ टक्कर हो गई। दो छात्र पचमो पड़रिया के और दो खैरदोहर के बताए जा रहे हैं सभी घायलों को अनुमंडलीय हॉस्पिटल छतरपुर भेजा गया जहाँ प्राथमिक उपचार कर मेदिनीनगर भेज दिया गया घटना स्थल पर नैडीहा पुलिस पहुच करवाई में जुट गई है।

भाकपा माओवादी के सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): छत्तरपुर पुलीस ने भाकपा माओवादी संगठन के सहयोगी को धर दबोचा छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि ग्रिफ्तार अभियुक्त कांड सं0-218/ 22 दिनांक 22.10.22 धारा 384/385/ 386/ 387/ 34 भा0द0वि0 एवं 17 CLA एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त बैजनाथ यादव पिता स्वर्गीय मराछू यादव ग्राम कुलहईया, थाना हरिहरगंज पलामू का रहने वाला जो भाकपा माओवादी के लिए लेवी का पैसा उठाने एवं पुलिस की गतिविधि कि जानकारी माओवादी तक पहुचाता था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। साथ ही एक अन्य आभुक्त को छतरपुर थाना कांड सं0-18/23 दिनांक 25.01.23 धारा 306 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त नगीना सिंह पिता स्वर्गीय महेश्वर सिंह ग्राम पिपराही थाना छतरपुर (पलामू) को भी गिरफ्तार कर मेदनीनगर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर जपला केंद्र पर विज्ञान की परीक्षा कदाचार व शान्ति पूर्ण संपन्न

हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): सरस्वती शिशु मंदिर जपला परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक विज्ञान विषय की परीक्षा कदाचार एवम शान्ति पूर्ण रूप से संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान केंद्राधीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह तथा मजिस्ट्रेट अभिषेख कुमार पासवान मुस्तैदी के साथ उपस्थित थे आज मैट्रिक के विज्ञान विषय का परीक्षा शांतिपूर्ण तथा कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न हुआ। परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त वीक्षक शंकर राम, अनिल कुमार पासवान, ममता कुमारी सिंह, शमीम बेगम, रौनक बेगम, रामप्रवेश राम, संजय कुमार, वीरेंद्र कुमार चौधरी, नरेंद्र कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, रविशंकर विभूति, आफताब आलम, कबिन्द्र पासवान, आशीष कुमार मिश्रा, प्रकाश मिश्रा, दसरथ साव, उमेश कुमार पासवान, इत्यादि ने वीक्षक के कार्य में मुस्तैदी के साथ अपने कार्य में लगे हुए हैं।

पड़वा में खुला जिनियस स्माइल प्ले स्कूल

प्रभात मंत्र संवाददाता

पडवा, पलामू : पड़वा बाजार परिसर में जिनियस स्माइल प्ले स्कूल खुला। सोमवार को इसका उदघाटन डीडीसी रवि आनंद ने किया। डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का प्ले स्कूल खुलना इस बात का संकेत है कि इस इलाके के लोग अपने बच्चों के बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए जागरूक है इसके साथ ही यह इलाका विकास की ओर निरंतर अग्रसर है। प्ले स्कूल बच्चों के शिक्षा का नींव होता है यदि नींव मजबूत होगा तो निश्चित रूप से बच्चे बेहतर करेंगे। डीडीसी रवि आनंद ने स्कूल प्रबंधन से बच्चों को शुरूआती दौर से अनुशासन और संस्कार युक्त शिक्षा देने की अपील की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में प्ले स्कूल खोलने के लिए निदेशक साहिल गुप्ता को बधाई देते हुए इलाके के लोगों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए फीस निर्धारण करने को कहा ताकि गरीब तबके के लोग भी अपने बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिला सकें। संत मरियम आवासीय विद्यालय के निदेशक अविनाश देव ने कहा कि इस तरह के स्कूल खुलना इलाके के लिए गौरव की बात है। प्रखण्ड प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि पड़वा धीरे धीरे एजुकेशन हब बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। निदेशक साहिल गुप्ता ने कहा कि इलाके की जरूरत को देखते हुए स्कूल की स्थापना की गई है। इस स्कूल में कम फीस में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाएगी। इस मौके पर पूर्व मुखिया रामबालक मेहता, एचएमकेपी के अध्यक्ष प्रमोद सोनी, मनोज विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

लंबित पीएम आवास योजना के लाभुकों पर रिकवरी व कुर्की जब्ती होना तय

कार्यवाही से बचने का एकमात्र उपाय आवास को ससमय पूर्ण करना

प्रभात मंत्र संवाददाता

पांडू, पलामू : जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में लंबित पीएम आवास योजना के लाभुकों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। आदेश के बाद प्रखंड समन्वयक संतन कुमार गुप्ता सोमवार के दिन पुलिसिया दल -बल के साथ रत्नाग पंचायत पहुंच लंबित आवास की जायजा ली एवं कारण पूछा. श्री गुप्ता ने कहा आवास को लंबित रखने वाले लाभुकों की सूची रिकवरी एवं कुर्की जब्ती हेतू बनाई जा रही है. बार-बार आदेश के बावजूद भी नजरअंदाज करने वाले लाभुकों से सख्ती के साथ पैसों की रिकवरी एवं कुर्की जब्ती की जाएगी. कई लोगों को जैसे श्याम नारायण शर्मा, अर्जुन शर्मा, सुनील राम, कृष्णा पासवान, वकील पासवान, बुल्लू साव, मनोज साव, उमेश राम, बिमलेश राम, चिंता देवी, रामकिसुन शर्मा के अलावा अन्य कई लोगों को पांच दिन का समय दिया गया है अगर फिर भी ईस दौरान कार्य में सुधार नहीं हुआ तो पांच दिन के बाद पुनः पुलिसिया दल बल के साथ पहुंचकर कुर्की जब्ती करने के बारे में भी पहल की जाएगी। इसके बावजूद भी अन्य कई ऐसे लाभुक है जो कार्य में रुचि नहीं ले रहा है तो उनके ऊपर भी कार्यवाही होना तय है. इसी प्रकार से प्रत्येक पंचायत में कार्रवाई किया जाएगा. किसी भी परिस्थिति में पीएम आवास योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर पंचायत स्वयंसेवक आशुतोष पांडे, जयराम जी, पंचायत सचिव नागेन्द्र दुबे के साथ-साथ अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों के बीच बांटे गए रिपोर्ट कार्ड

चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता): स्थित सनराइज पब्लिक स्कूल में सोमवार को एक से पांचवी कक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थियों के बीच रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री मनोज सिंह मौजूद थे। मौके पर अथितियो ने विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण कर आगे भी बेहतर करने की शुभकामनाएं देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक और बच्चो के पेरेंट्स समेत विद्यालय के अन्य शिक्षको के अलावे छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

छठ व्रतियों ने किया खरना, सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियो ने दिया पहला अर्घ्य

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): हिन्दू नववर्ष के पहले महीने चैत्र के शुक्ल पक्ष के षष्ठी तिथि को होने वाले लोक आस्था व सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाए खाए के साथ शुरुआत हुआ। इसके दूसरे दिन रविवार को खरना के प्रसाद के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया है। छठ व्रतियों ने पूरे दिन उपवास कर पान व सुपारी को हाथों में लेकर भगवान भास्कर को अध्य दिया।वही संध्या में गुड़, अरवा चावल एवं दूध से बने रसिया का भोग लगाकर खरना व्रत किया। इसी बीच दिन भर तैयारी के बाद शाम में व्रती विधि-विधान से छठी मइया की पूजा-अर्चना कर खरना का प्रसाद बांटा। व्रतियों ने स्नान कर चूल्हे में आम की लकड़ी से खरना के प्रसाद के लिए खीर बनाकर छठी मइया को केले के पत्ते पर प्रसाद के रूप में अर्पित किया। इसके बाद व्रती खुद इसे ग्रहण की और फिर खरना का प्रसाद परिवार के सदस्यों व आसपास के लोगों के बीच वितरण किया। इस दौरान व्रतियों ने महिलाओं को सिंदूर लगाकर अखंड सुहाग का आशीर्वाद दिया। साथ ही पुरुषों और बच्चों को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया गया।छठ व्रती कमला देवी एवं मीना देवी ने छठ महापर्व के आस्था के बारे में बताया कि भीषण गर्मी के बीच चैती छठ कर 36 घंटे का निर्जला उपवास कर व्रत करना कठिन है, लेकिन महिलाएं अपने संतान और परिवार की सुख समृद्धि के लिए इस व्रत को करती है। छठ महापर्व में भगवान सूर्य देव की आराधना की जाती है। ऐसे में लोग परिवार व समाज के लिए मन्नते मांगते है। जो छठी मैया हर मुराद पूरी करती है। यह व्रत अत्यंत ही पवित्र त्योहार माना गया है,खासकर शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि का व्रत है।छठ व्रती आज सोमवार को निर्जला उपवास रखकर संध्याकालीन सूर्य को पहला अर्घ्य देगी। वही मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समापन किया जाएगा।

संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल ने तीन गरीब मेधावी बच्चों को लिया गोद

➲गोद लिए हुए बच्चों को स्कूल प्रबंधन दसवीं तक देगा निःशुल्क शिक्षा

प्रभात मंत्र संवादाता

बिश्रामपुर : पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बिश्रामपुर के संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन द्वारा सोमवार को तीन गरीब मेधावी बच्चों को गोद लिया गया। जिन्हे स्कूल प्रबंधन द्वारा दसवीं कक्षा तक निन्शुल्क शिक्षा दिया जाएगा। इसके अलावा पोशाक और पठन पाठन की सामग्री भी मुफ्त में मिलेगा.स्कूल के प्राचार्य आर के सिंह ने बताया कि निन्शुल्क शिक्षा हेतु गोद लेने के के लिए स्कूल में कुल पांच आवेदन प्राप्त हुआ था। जांचोपरांत तीन आवेदन ही स्कूल के मैं और मापदंड पर सही पाया गया। चयनित तीनो मेधावी बच्चों को उनके माता- पिता को समक्ष आज गोद लेने की परिक्रिया पूरी की गई। स्कूल के निदेशक एन के तिवारी ने कहा कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा पैसे के अभाव में अशिक्षित नही रहेगा.गरीब मेधावी बच्चों को हम गोद लेंगे और उन्हे निःशुल्क शिक्षा देंगे.उन्होंने बताया कि बशर्ते कि अभी चार आवेदन और प्राप्त हुए हैं,जिसकी जांच चल रही है.मानक पर सही पाए जाने के बाद उन बच्चों को भी निन्शुल्क शिक्षा हेतु गोद लिया जायेगा.श्री तिवारी ने आम लोगों से आग्रह किया कि क्षेत्र में कोई भी गरीब मेधावी बच्चा हो तो उसका आवेदन स्कूल प्रबंधन के पास जमा कराएं। मौके पर शिक्षक अभिषेक ठाकुर, निधि राय, रिंदा कुमारी, रितु कुमारी, खुशबू चौबे, कुमारी मधु सहित कई शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

खड़गपुर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

शिशु स्वास्थ्य
प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला
आयुष

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : प्रखंड क्षेत्र के खड़गपुर गांव में सोमवार को विभागीय निर्देशानुसार प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 अरुण कुमार तथा मुखिया काजल कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीवी, मलेरिया, ई संजीवनी, अंधापन नियंत्रण, आयुष सहित कई विभागों के अलग -अलग स्टॉल लगाए गये थे। इसमें कई रोगों की जांच के साथ मरीजों के बीच दवा का भी वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 अरूण कुमार ने बताया कि कुल 300 मरीजों की जांच कर दवा दी गई। इस अवसर पर बीपीएम संजय कुमार सिंह, डॉ0 सत्यम सौरभ, विमलेश कुमार सिंह, डॉ0 तौहिद अहमद, समाजसेवी सतेंद्र मेहता, पंसस प्रतिनिधि विनोद राम, वार्ड सदस्य शैलेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

रावण दबाव से, परसुराम प्रभाव से और श्रीराम जी ने स्वभाव से समाज में किया बदलाव : मारुति किंकर जी महाराज

➲रेहला योगीवीर मंदिर परिसर में चल रहे श्रीराम कथा में उमड़ रही श्रोताओं की भीड़

प्रभात मंत्र संवादाता

बिश्रामपुर : रेहला (गड़वा रोड) के सिद्धपीठ बाबा योगी वीर मंदिर परिसर में वासंतिक नवरात्र पर चल रहे श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ में बाबा भोलेनाथ की नगरी वारणसी से आये मानस मर्मज्ञ मारुति किंकर जी महाराज ने श्रद्धालुओं से खचाखच भरे धर्म सभा में अपने संगीतमयी विधा से श्रीरामचरित मानस के कई रोचक प्रसंगों को उल्लेख कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया.उन्होंने कहा कि श्रीरामचरित मानस में जनकपुर में श्रीराम,परसुराम व रावण तीनों का आगमन हुआ है.रावण समाज मे परिवर्तन तलवार के बल पर ,परसुराम जी ने कुठार के बल पर और श्रीराम जी ने व्यवहार के बल पर समाज में परिवर्तन लाया.जो दबाव से परिवर्तन चाहता है, समाज के लोग उससे भयभीत रहते है और पीठ पीछे गाली देते हैं.वहीं जो प्रभाव से परिवर्तन लाता है,पीठ पीछे लोग उसकी निंदा करते हैं.जबकि स्वभाव से जो परिवर्तन करता है लोग उसकी स्तुति और प्रशंसा करते हैं.पीठ पीछे उसके यश का गुणगान होता है.उन्होंने कहा कि श्रीरामचरित मानस हृदय का मानस है.जिसमें चारधाम है.मिथिला धाम,चित्रकूट धाम, लंका धाम और अवध धाम.भगवान श्रीराम चारो धाम में आसान पर बैठे हैं.मिथिला में दूल्हा बनकर वरासन पर, चित्रकूट में तपस्वी बन कर कुशासन पर ,लंका में वीर बनकर रणासन पर और अयोध्या में राजा बनकर सिंहासन पर बैठे हैं।

संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, टॉपरों को किया गया पुरस्कृत

PAUL CONVENT SCHOOL

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : रेहला के संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभागार में एक समारोह आयोजित कर सभी कक्षा के तीन टॉपरों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह का उद्घाटन रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, सेवानिवृत बीईईओ सतेंद्र नाथ चौबे, स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले व नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों द्वारा सभी टॉपर छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। नेमधारी रजक ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। कठोर परिश्रम और लगन से ही मुकाम पाया जा सकता है। सेवानिवृत्त बीईईओ सतेंद्र नाथ चौबे ने कहा कि संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल अनुशासन और संस्कारपूर्ण शिक्षा देने के लिए जाना जाता है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि बच्चों का बेहतर चरित्र निर्माण हो इसके लिए कुछ अलग से करने का प्रयास किया जाए। निदेशक एस एम एस्ले ने कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर तकनीकी शिक्षा देने का हमेशा प्रयासरत रहता है। मौके पर साइमन एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष रंजीत तिवारी, सचिव रीना, प्राचार्य मोनिका एक्का, नूतन कुमारी, आशा कुजूर, संजय तिवारी, प्रीति चौरसिया, सत्यम सिंह, अक्षय कुमार, अमित पात्रा, हरप्रिया नायक, जोस्मिता लाकड़ा, ऊषा बरवा, वेद दूबे, मनीष तिर्की, फिलिसिया टिर्की, पूनम खेस सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका, अभिभावक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

छात्रा-शिक्षक का रिश्ता फिर हुआ दागदार

छात्रा ने प्रधानाचार्य पर लगाया छेड़खानी का आरोप

➲आरोपी प्रधानाचार्य को नगर उंटारी पुलिस ने कर लिया है गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : छात्रा-शिक्षक का पवित्र रिश्ता लगातार कलंकित होता जा रहा है। अभी खरौंधी प्रखंड में ऐसे उजागर मामले को लोग भूल भी नही पाए थे कि अनुमंडल मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरेया में ऐसे ही एक और मामले का खुलासा हुआ है। जिसमें कुंबाखुर्द ग्राम के अमरसरई टोला निवासी कक्षा 8 में पढ़ने वाली नाबालिक आदिवासी छात्रा ने विद्यालय के ही प्रधानाचार्य घनश्याम शुक्ल के ऊपर छेड़खानी का आरोप लगाया है।मामला प्रकाश में आने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्यालय पहुच कर हंगामा करने लगे।मामला बढ़ते देख किसी ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दे दिया। पुलिस मौके पर पहुच कर आरोपी प्रधानाचार्य घनश्याम शुक्ल को थाने ले आई है। इस मामले में बकौल ग्रामीण मामला 21 मार्च का है। घटना के दिन छात्रा के माता पिता घर पर नही थे। दो दिन बाद माता पिता के घर आने पर छात्रा ने घटना की जानकारी उन्हें दिया।इसके बाद दो दिन विद्यालय बंद रहा। मामला अंदर ही अंदर सुलगता रहा।सोमवार को विद्यालय खुलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण इकठ्ठा हो प्रधानाचार्य के खिलाफ जमकर हंगामा करने लगे।विद्यालय में हुए इस मामले को ले कर ग्रामीणों में भारी रोष है। **क्या कहती है पीड़ित छात्रा :** पीड़ित छात्रा ने बताया कि खाना खाने के बाद जैसे ही मैं थाली रखने कमरे में गई प्रधानाचार्य पहले से कमरे में उपस्थित छात्राओ को बाहर भेज कर मेरे साथ गलत हरकत करने लगे। मैं किसी प्रकार कमरे से बाहर भाग पाई। उस दौरान मेरे माता पिता घर पर नही थे।उनके आने के बाद मैंने प्रधानाचार्य की शिकायत उनसे किया। **क्या कहते है आरोपी छात्रा के पिता :** आरोपी छात्रा के पिता ने इस संबंध में बताया की घटना के दिन मैं घर पर नहीं था।दो दिन बाद जब घर आया तो मेरी बच्ची ने मुझे इस घटना की जानकारी दिया और मैंने इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को दिया। उसके बाद दो दिन विद्यालय बंद रहा। सोमवार को विद्यालय खुलने के बाद ग्रामीणों के साथ हम सभी आरोपी प्रधानाचार्य से पूछताछ करने पहुचे। इसके बाद आरोपी प्रधानाचार्य ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और ग्रामीणों से मिलने से इंकार कर दिया। छात्रा के पिता ने बताया कि इस प्रकार से शिक्षक अगर छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने लगे तो कौन अपनी बच्चियों को विद्यालय पढ़ने के लिए भेजना चाहेगा। उन्होंने कहा कि आरोपी प्रधानाचार्य के ऊपर करवाई किया जाना चाहिए। जिससे अन्य शिक्षकों को इससे सबक मिल सके। **क्या कहा आरोपी प्रधानाचार्य ने इस आरोप के संबंध में :** जब कि इस संबंध में आरोपी प्रधानाचार्य घनश्याम शुक्ल ने बताया कि मेरे ऊपर लगाया गया आरोप पूरी तरह से झूठा है।यह मेरे खिलाफ एक साजिश है। दरअसल इस गावँ के कुछ लड़के स्कूल के अगले बगल छात्राओ की पीछे घूमते रहते है।इस को रोकने के लिए कई बार मेरे द्वारा प्रयास किया गया है। इसी वजह से मेरे खिलाफ यह साजिस रचा गया है। **क्या कहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने इस संबंध में :** इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने बताया की छात्रा के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया तथा आरोपी प्रधानाचार्य की गिरफ्तारी भी कर ली गई है मामले में आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

रामनवमी को लेकर श्री राम बानर सेना ने की बैठक

रांची। श्री राम बानर सेना की बैठक अध्यक्ष लंकेश सिंह की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मैन रोड में सम्पन्न हुई । बैठक में मुख्यरूप से श्री राम बानर सेना के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे । बैठक में अध्यक्ष सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम बानर सेना के द्वारा झांकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है । झांकी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी अखाड़ाधारियों को पुरस्कृत किया जाएगा एवं सभी राम भक्तो पर पुष्प वर्षा की जाएगी ।राम बानर सेना के संग्रक्षक मिश्रा ने बताया कि समिति की तैयारी आखरी चरण में है । मिश्रा ने सभी अखाड़ाधारियों को राम बानर सेना के तत्वावधान में आमंत्रित किया ।बैठक में चुटुन पांडेय , पवन झा , अखिलेश राय , सूरज पांडेय , रमेश सिंह , सुदामा सिंह , विक्रम सिंह सहित दर्जनों पदाधिकारी शामिल थे ।

टाटीसिलवे इलाके में मिला युवक का शव

रांची : टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरा गेट रेलवे ट्रैक के समीप सोमवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। बताया जाता है कि ट्रेन के ठोकर लगने से यह हादसा हुआ है। युवक बीआईटी का रहनेवाला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है।

कोविड से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा राशि देने का डीसी ने दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने राजस्व से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। जिसमें अपर समाहर्त्ता रांची, राजेश कुमार बरवार एवं विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी सदर राँची, दीपक कुमार दुबे एवं रांची जिला के सभी अंचल अधिकारी और संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त ने बैठक में सबसे पहले सभी संबंधित अधिकारियों को रामनवमी, रमजान एवं चैती छठ, चैती दुर्गा पूजा को बेहतर तरीके से संपादित कराने के निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया।उपायुक्त ने राजस्व संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक करते हुए संबंधित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए- कृषि गणना 2021 प्रथम चरण के जितने पेंडेंसी के मामले रांची जिला में हैं, उन्हें 31 मार्च 2023 तक पूरा करने के निर्देश दिया।

राज्य ईवीएम वेयर हाउस हेतु भूमि जल्द उपलब्ध करा कर अगले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव से पहले उपायुक्त रांची ने भवन निर्माण कराने के निर्देश अंचल अधिकारी नामकुम को दिया गया। उपायुक्त ने गौशाला/खटाल हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए अंचल अधिकारी नगड़ी, रातु, नामकुम, कांके को निर्देश दिया, ताकि जल्द भूमि उपलब्ध होने पर शहर से खटालों को विस्थापित किया जा सकें। उपायुक्त द्वारा यातायात पार्क हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए अंचल अधिकारी कांके एवं अरगोड़ा को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जल्द भूमि उपलब्ध कराने को कहा गया ताकि यातायात पार्क जल्द बनाया जा सके। उपायुक्त ने एकलव्य विद्यालय संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए अंचल अधिकारी, नामकुम को जल्द भूमि उपलब्ध करा कर जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिया।

उपायुक्त ने राजस्व से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक की

उपायुक्त ने विधायक के आवास हेतु भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में अंचल अधिकारी, नामकुम, रातु, नगड़ी, ओरमांझी को निर्देश देते हुए भूमि जल्द उपलब्ध कराने को कहा ताकि विधायक आवास निर्माण शुरू कराया जा सके। उच्च न्यायालय से संबंधित मेडिएशन सेंटर हेतु भूमि जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश अंचल अधिकारी नामकुम और नगड़ी को दिया गया। उपायुक्त ने एयरपोर्ट/ सेना भूमि से संबंधित विस्थापन/ दाखिल खारिज के लंबित मामलों का निष्पादन त्वरित कराने का निर्देश अंचल अधिकारी, नामकुम और अरगोड़ा को दिया। कोई समस्या हो तो फोर्स की तैनाती कराने का निर्देश दिया। शहीद सम्मान स्मारक पार्क बनाने के लिए अंचल अधिकारी नगड़ी को जमीन मुहैया कराने के निर्देश दिया। उपायुक्त, रांची ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना एवं फसल राहत योजना से लंबित मामले जल्द से जल्द निपटा कर लाभुकों को भुगतान कराने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं रांची जिला के सभी अंचल अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया, ताकि लाभुकों को इस योजना का लाभ मिल सके। कैटगरी क्र में सुखाड़ राहत में भुगतान करने के निर्देश सभी रांची जिला के अंचल अधिकारीयों को दिया। कोविड से मृत व्यक्तियों के भुगतान से संबंधित सभी लंबित मामले/अन्य जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन पर लंबित जांच प्रतिवेदन पर जल्द कार्रवाई करते हुए भुगतान कराना सुनिश्चित कराने एवं जितने प्रतिवेदन आये उसका तुरंत सत्यापन करा मुआवजा राशि देने निर्देश दिया।



रमज़ान में कुरान उतारा गया

आदिल अज़ीम

रांची: रमजान एक ऐसा अकेला महिना है जिसका नाम कुरान में आया है। रमजान का महीना वो है, जिसमे कुरआन उतारा गया। (सूरह बकरह 185) रमजान में कुरआन को लौहे महफूज से आसमानी दुनिया पर उतारा गया। फिर जब जब अल्लाह चाहता जरूरत के हिसाब से हमारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर कुरान को उतारता रहता। नबी सल्ल ने फरमाया जब रमजान का महीना आता है तो आसमान के सब दरवाजे खोल दिए जाते है और जहन्नम के सब दरवाजे बंद करदिये जाते है। और शयातीन को जंजीर से जकड़ दिया जाता है। सहाबा कराम रमजान के 6 महीने पहले अल्लाह तआला से दुआ मांगा करते थे कि ए अल्लाह हमें रमजान तक पहुंचा दे। ताकि हम रमजान का महिना पाकर इसमें खूब इबादत कर सके और अपने गुनाहों से तोबा कर सके। और अपने नफ्स को पाक व साफ कर सके। और रमजान से खूब फायदा उठा सके। अल्लाह पाक हम सबको रमज़ान पाक का कद्र करने वाला बनाए।

हिंदी मौलिक नाटक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। हिंदी रंगमंच में मौलिक नाटक के अभाव एवं हिंदी मौलिक नाट्य लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वसुंधरा आर्ट्स रांची के तत्वावधान में अखिल भारतीय हिंदी मौलिक नाटक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन डिजिटल स्वरूप में किया गया था।

जिसमें नाटककारों से उनकी नाटकों की प्रति की पीडीए वसुंधरा आर्ट्स के गूगल फॉर्म में डिजिटल रूप में 15 मार्च तक मांगी गई थी, जिसका निर्णय 27 मार्च विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर होना था।इस प्रतियोगिता में झारखंड के अलावे मध्य प्रदेश, राजस्थान, जम्मू एवं कश्मीर , गुजरात, बिहार , दिल्ली और बेंगलुरु के नाटककारों के द्वारा भाग लिया गया।

प्रतियोगिता में अशोक सेंगर, ग्वालियर के नाटककार के नाटक साहूकार को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 3000 रुपया और प्रमाण पत्र, नीरज हेस्टिंग्स, कानपुर के नाटककार के नाटक दिल्ली एक्सप्रेस को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 2000 रुपया और प्रमाण पत्र तथा तृतीय पुरस्कार में इंदौर के नाटककार जितेंद्र इंगले के नाटक फैसला और रांची के नाटककार अरुण सिंह के नाटक मोक्ष को संयुक्त रूप से चयन किया गया जिसमे 1000 रुपया और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रतियोगिता सूरज खन्ना के मार्गदर्शन में किया गया।

सदका ए फित्र प्रति व्यक्ति कम से कम साठ रुपये अदा करें

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। दारूल कजा इमारत शरीया रांची के काजी शरीअत मुफती मोहम्मद अनवर कास्मी ने कहा है की सदका-ए-फित्र में जो लोग गेहूं या उसका आटा देना चाहें वेह प्रति व्यक्ति एक किलो छह सौ बानवे ग्राम (1.692) के हिसाब से अदा करें और जो लोग उसकी कीमत देना चाहें वेह इस वर्ष 2023 में प्रति व्यक्ति कम से कम साठ (60) रूपैय के हिसाब से अदा करें। जिन को गुंजाइश हो उन्हें गेहूं के अलावा जौ, पनीर, किशमिश और खजूर से भी सदका-ए-फित्र अदा करना चाहिए ताकि गरीबों को अधिक लाभ हो।

जो लोग जौ, पनीर, किशमिश या खजूर देना चाहें वह वर्तमान वजन के अनुसार तीन किलो तीन सौ चैरासी ग्राम (3.384) प्रति व्यक्ति के हिसाब से अदा करें। और इस की राशि अदा करने की सूरत में इस वर्ष 2023 में प्रति व्यक्ति जौ में कम से कम एक सौ चव्वन रुपये (154) खजूर में एक हजार एक सौ पचासी रुपये (1185) किशमिश में एक हजार सोलह रुपये (1016) और पनीर में एक हजार एक सौ पचासी रुपये (1185) अदा करें।

उन्होंने कहा कि यह रांची शहर के औसत मूल्य के आधार पर तय किया गया है।

राँची के अलावा बाकी स्थानों में एक किलो छह सौ बानवे ग्राम औसत गेहूं या उसका आटा इसी तरह तीन किलो तीन सौ चैरासी ग्राम जौ, पनीर, किशमिश और खजूर की जो कीमत होती है उस के हिसाब से अदा क्या जाय। यह कम से कम है जो इस से बड़ा कर देना चाहें वेह दे सकते हैं। सदका ए फित्र हर ऐसे मुसलमान पर अपने और अपनी नाबालिग औलाद की तरफ से ईद की नमाज से पहले पहले अदा करना जरूरी है जो मालिक ए नेसाब हो ।

सीएम से मिले झारखंड कांग्रेस के प्रभारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी श्री अविनाश पांडे ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी के बीच राज्य में चल रहे विकासात्मक कार्यों सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे।

ट्रैफिकिंग नेटवर्क के अंतर्गत कार्यशाला संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखण्ड एंटी ट्रैफिकिंग नेटवर्क के अंतर्गत एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय सुरक्षित प्रवासन पर प्रवासी मजदूरों की वर्तमान स्थिति है। झारखण्ड एंटी ट्रैफिकिंग नेटवर्क (ग्राम स्तर पर काम करने वाली संस्थाओं का समूह है जो पिछले 23 सालों से झारखण्ड राज्य में महिला व्यापार की रोकथाम और सुरक्षित पलायन को बढ़ावा देने हेतु प्रयासरत है। वर्तमान में झारखण्ड एंटी ट्रैफिकिंग नेटवर्क राज्य के 13 जिलों में 13 संस्था साथियों के सहयोग से महिला गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए अधिकार आधारित सोच एवं प्रक्रिया के साथ कार्य कर रही है। स्पार्क जतन नेटवर्क के लिए को- ऑरडीनेटिंग एजेंसी के रूप में कार्य कर रही है। झारखण्ड से प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में महिला पुरुषों का पलायन देश के महानगरों में होता रहता है। यह देखा गया इनमें से अधिकांश महिलाएं दबाव और मजबूरी वश घरेलू काम के लिए पलायन करती है। साथ आगे चलकर यौन शोषण एवं ट्रैफिकिंग जैसे हिंसाएँ होती है। कार्यशाला का संचालन स्पार्क संस्था से एच आई फातमी द्वारा स्वागत वक्तव्य किया गया। कार्यक्रम समन्वयक सुषमा पाण्डेय के द्वारा झारखण्ड में प्रवासी मजदूरों के पालयन की स्थिति पर पीपीटी प्रस्तुत किया गया। मौके पर स्पार्क संस्था के मोहम्मद शमशाद, मुर्तजा, फिरदौस का अहम योगदान रहा।

Jharkhand Anti Trafficking Network
State Level Workshop with Stakeholders and Government Department on Safe Migration
27.03.2023

डोरंडा महाविद्यालय में रंगमंच दिवस के अवसर पर कार्यक्रम हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। डोरंडा महाविद्यालय के बी एड विभाग में विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी पी वर्मा ने किया। उन्होंने इस अवसर पर थियेटर के कलाकारों के विश्वस्तरीय पहचान को बतलाया। उन्होंने विभिन्न राज्यों के रंगमंचीय कला को विस्तृत रूप से बतलाया साथ ही इसे संस्कृति व सभ्यता का संवाहक बतलाया। उन्होंने प्राचीन समय के कलाकारों और आधुनिक कलाकारों के कला के बारे मे विस्तार से बतलाया। बी एड विभाग के प्रशिक्षु शिक्षिका शिवांगी ने कार्यक्रम का शुरूआत भरतनाट्यम की प्रस्तुती देकर किया। कुश, सागिर, चिराग, प्रगती व टीम ने शिक्षा व्यवस्था पर व्यंगात्मक नाटक का मंचन किया। रिया व विजय ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभाग की कोआडिनेटर डॉ शिल्पी सिंह व विभागाध्यक्षा डॉ सीमा सिंह ने सभी विद्यार्थीयों को बधाई दिया। विद्यार्थीयों की प्रस्तुती देख महाविद्यालय का प्राचार्य ने एक बड़ा मंच देने की घोषणा की व सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर लेखक परवेज कुरेशी की लिखित पुस्तक झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाएं एवं चुनौतियाँ शिक्षिका सह झॉलीवुड अभिनेत्री नमिता को दिया गया। मौके पर डॉ कुमारी संजु, डा दीप्ती, डा शैलेंद्र, मनोज सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।

हाई कोर्ट ने दिया सेवानिवृत्त कर्मी को छह प्रतिशत ब्याज के साथ सारी सुविधाएं देने का आदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को पाकुड़ डिवीजन में पेयजल स्वच्छता विभाग में कार्यभारित स्थापना से सेवानिवृत्त कर्मी अमरेंद्र कुमार का कार्यकाल नियुक्ति के दिन से मानकर सारे बेनिफिट देने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने याचिकाकर्ता की याचिका को स्वीकार करने के साथ ही एकल पीठ के आदेश को रद्द कर दिया। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता की सेवा की गणना नियुक्ति के दिन एक दिसंबर 1981 से करके इन्हें सारे बेनिफिट जैसे पेंशन, पीएफ, ग्रेच्युटी आदि का भुगतान छह प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ दिया जाए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मनोज टंडन ने कोर्ट को बताया कि अमरेंद्र कुमार की नियुक्ति एक दिसंबर, 1981 को पाकुड़ डिवीजन के पेयजल स्वच्छता विभाग में कार्यभारित स्थापना में हुई थी। वर्ष 2005 में उसका नियमितीकरण हुआ। राज्य सरकार ने कहा कि पेंशन देंगे, लेकिन जिस दिन से उन्हें नियमित किया गया है, उस दिन से उन्हें पेंशन दिया जाएगा। याचिकाकर्ता वर्ष 2022 में सेवानिवृत्त हुए हैं। अधिवक्ता मनोज टंडन ने कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने प्रेम सिंह बनाम यूपी सरकार के केस में वर्ष 2019 में कहा है कि कार्यभारित स्थापना में नियुक्ति होने के दिन से सेवा की गणना होगी। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता को किसी तरह की राहत नहीं दी थी। इस पर याचिकाकर्ता ने खंडपीठ में एलपीए दाखिल कर एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी थी।

झारखण्ड उच्च न्यायालय
राँची

दिवंगत सतीश कौशिक की अपकमिंग फिल्म नौटंकी जल्द रीलिज होगी

रांची। ये साली आशिकी से बतौर लीड इंडस्ट्री में अपना डेब्यू करने वाले एक्टर वर्धन पुरी ने हाल में दिवंगत बहुमुखी अभिनेता सतीश कौशिक के साथ दो बार स्क्रीन स्पेस शेयर करने पर खुद को बताया लकी, जिसमें उनकी जल्द रिलीज होने वाली विवेक अग्निहोत्री की नौटंकी भी शामिल है। वर्धन ने बताया, सतीश जी न केवल एक महान अभिनेता और सह-अभिनेता थे, बल्कि एक फादर फिगर, वेल विशर और एक ऐसे व्यक्ति भी थे जिन्हें मैं फैमिली का सदस्य मानता हूं।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के लिए झारखंड को 3 साल में मिले 10 करोड़

917086 महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं इस अभियान से

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान भारत सरकार की एक अति महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व एक स्वस्थ दिनचर्या प्रदान किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण, उनका भोजन, गुणवत्तापूर्ण प्रसव, जांच, दवा, अल्ट्रासाउंड सहित कई प्रकार की सेवाएं इस अभियान के तहत प्रदान की जाती हैं। गर्भवती महिलाएं खुद सुरक्षित रहें और सुरक्षित प्रसव कर सकें, इसके लिए भारत सरकार गंभीरता पूर्वक इसकी मॉनिटरिंग भी करती है। उपरोक्त आशय की जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार ने लोकसभा में दी। सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को लेकर भारत सरकार से सवाल किया था और इसके तहत जारी की गई धनराशि, लाभान्वितओं की संख्या सहित कई अन्य जानकारियां सदन के माध्यम से सरकार से मांगी थी। इसके जवाब में सरकार ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पूरक पोषण के बारे में जागरूकता सहित गर्भवती महिलाओं की आहार, नींद, नियमित जांच, संस्थागत प्रसव और स्तनपान के लिए सामूहिक परामर्श प्रदान करता है। केंद्रीय मंत्री ने सदन में बताया कि वर्तमान समय में झारखंड में उपरोक्त अभियान से लाभान्वित गर्भवती महिलाओं की संख्या 917086 है। केंद्रीय मंत्री ने सदन में यह भी बताया कि उपरोक्त अभियान के क्रियान्वयन हेतु 2019-20 में झारखंड को 292 लाख रुपया, 20-21 में 622 लाख रुपया और 21-22 में 99 लाख की राशि प्रदान की गई है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि इस अभियान के तहत प्रसव पूर्व देखभाल प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या पीएमएसएमए पोर्टल पर भी उपलब्ध है तथापि इस योजना से राजधानी रांची में 35372 महिलाओं को लाभ मिला है। सबसे कम लाभुकों की संख्या पलामू जिले में है, जहां महज 2026 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला जबकि इस योजना से सबसे अधिक लाभान्वित महिलाओं की संख्या पश्चिम सिंहभूम में है, जहां 101347 महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हुई है।

हर कार्यकर्ता जीत की शुरुआत अपने बूथ से करे : कर्मवीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी हैं। लेकिन कार्यकर्ता का आधार संगठन है और संगठन सर्वोपरी है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा में सब कार्य के लिए कार्यकर्ता और सभी कार्यकर्ता के लिए काम की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता जीत की शुरुआत अपने बूथ से करें। कर्मवीर सिंह सोमवार को रांची के नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में भाजपा के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की सांगठनिक बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने आगामी लोकसभा, विधानसभा चुनाव में पार्टी की बड़ी सफलता के लिए बूथ आधारित कार्यक्रमों को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने बूथ समितियों को सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी और सर्व समावेशी बनाने पर बल दिया, जिसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने आगामी 11 अप्रैल को भाजपा द्वारा रांची में हेमंत सरकार के खिलाफ होने वाले विशाल प्रदर्शन की तैयारी सहित बूथ पर मनाए जाने वाले छह कार्यक्रमों,आगामी छह अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस, 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती पर मनाए जाने वाले समरसता सप्ताह जैसे कार्यक्रमों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी की योजना के अनुसार सभी कार्यकर्ता आगामी छह अप्रैल को पार्टी की स्थापना दिवस पर अपने घरों पर झंडा अवश्य लगाएं। साथ ही अंबेडकर जयंती के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा सहित सभी महापुरुषों की प्रतिमा की साफ सफाई करते हुए प्रभातफेरी, माल्यार्पण, व्याख्यान, गोष्ठी जैसे कार्यक्रम अवश्य करें। साथ ही समरसता सप्ताह में स्वच्छता अभियान एवं सेवा कार्य अवश्य आयोजित करें।

नवरात्र, और रमजान को लेकर सजा फलों का बाजार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : नवरात्र, रमजान और चैती छठ को लेकर फलों का बाजार गुलजार है। लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्र और चैती छठ की पूजा में भक्त लीन हैं। इसके साथ मुस्लिम समुदाय का रमजान भी चल रहा है। ऐसे में लोग बढ़ चढ़ कर खरीदारी कर रहे हैं। फल दुकान में भीड़ ज्यादा दिख रही है। रांची के डेली मार्केट सहित सेब, संतरा, अंगूर, अनार, नारियल, केला, तरबूज आदि फलों की सैकड़ों दुकानें और ठेले लगे हैं। सोमवार को चैती छठ का पहला अर्घ्य है और इसे लेकर फलों का बाजार पूरी तरह से सज कर तैयार है। इसके अलावा रमजान और नवरात्र को लेकर भी फलों की डिमांड बढ़ गई है। बड़े पैमाने पर लोग फलों की खरीदारी करने बाजार पहुंच रहे हैं। थोक बाजार में फलों की कीमतों में मामूली बढ़त देखी जा रही है। इसके बावजूद खुदरा बाजार में फलों की कीमत सामान्य बनी हुई है, जिसके कारण यहां की खरीदारी पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है।

डेली मार्केट सहित सेब, संतरा, अंगूर, अनार, नारियल, केला, तरबूज आदि फलों की सैकड़ों दुकानें और ठेले लगे हैं।

आजीविका संसाधन केंद्र का किया गया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

ओरमांझी : सोमवार को प्रखंड के गांगू टोला में आजीविका संसाधन केंद्र का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया।

इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी,मुखिया दीपक बड़ाईक, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू, वार्ड सदस्य मनी देवी,उप मुखिया, ग्राम प्रधान, पंचायत समिति सदस्या, समाजसेवी, पशुपालन विभाग के पदाधिकारी थाना प्रभारी एव नूना पहन का विधिवत स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों ने कार्यालय का उद्घाटन के विषय में जानकारी दिया।रांची जिला में पांचवें स्थान पर इस कार्यालय का उद्घाटन किया गया।अतिथियों को बताया गया कि प्रखंड में दो और भी भवन बनकर काफी दिनों से बेकार पड़ी हुई उसे भी जेएसएलपीएस की सखी मंडल की दिदीयों को दिया जाए, ताकि उसका देखभाल और प्रशिक्षण का कार्यक्रम किया जा सके। आजीविका संसाधन केंद्र में प्रशिक्षण, पशुपालन ,खेती - बारी आदि बहुत से विषय पर जानकारी अब लगातार सखी मंडल की दीदीयों को दिया जाएगा। पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा सखी मंडल की विधियों को खासकर आजीविका पशु सखी को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बड़े जानवरों को टीका कैसे दिया जाता है, और किस बीमारी हमें क्या देना चाहिए। जानकारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। जिसमें छोटे किसान, मध्यम किसान और बड़े किसानों के द्वारा टपक सिंचाई का खेती लगातार किया जा रहा है उसको साझा किया गया। उक्त कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश कुमार सिन्हा, डीपीसी अभिषेक चांद, प्रशांत कुमार, कनीज फातीमा, विजेता टोप्पो, मोवीन खान, अनीता सिंह , धनोती देवी, किसुन, संदीप, दीपमडल, रेणु देवी, मुननी देवी, मनीता देवी, संगीता देवी, ग्राम संगठन की लेखापाल सह मास्टर बुक कीपर कुमीता देवी , सुशीला देवी, रासो देवी,गीता देवी, लीलावती देवी , सुमित्रा देवी, सुनिता देवी और भी बहुत सी ग्रामीण सखी मंडल से जुड़ी हुई दिदीयो ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग किया।

सरहुल मिलन समारोह का आयोजन

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली प्रखण्ड के कुसुमटिकरा गांव मे रविवार को प्राकृति पर्व सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया ! मिलन समारोह में विभिन्न गांव से सरना समिति के ग्रामीण पहुंचे ! मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो भी शामिल हुए ! अतिथियों का स्वागत सरहुल आयोजन समिति ने अपने पारंपरिक तरिके से किया !सभी महिलाएं एवं पुरुष ढोल मांदर की थाप पर झुम उठे ! इस मौके पर गोपाल सिंह मुंडा, सोमरा मांझी, विजय महली, मुरलीधर करमाली, अर्जुन बेदिया, अनिल टाइगर, राजेन्द्र मांझी, गोइराम बेदिया, हरिपदो मांझी समेत काफी संख्या में सरना समिति के लोग मौजूद थे ।

साप्ताहिक सेवा शिविर का शुभारंभ

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): करमचंद भगत महाविद्यालय के हॉल में सोमवार को राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) साप्ताहिक सेवा शिविर का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य अतिथि के प्राचार्य ड़ॉ. राजा अजित कुमार विशिष्ट अतिथि डॉ. विंध्याचल राम, एनएसएस प्रमुख प्रो मगदली खलखो, प्रो पुष्पा करकेट्टा,डॉ. आशा रानी लकड़ा, एवं डॉ.अल्पना मेहता ने सयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर दीप प्रजवल्लन कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। साप्ताहिक सेवा शिविर में पहला दिन नशा मुक्ति अभियान पर किया गया। प्रचार्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए,कहा आज के युवा पीढ़ी को नशापान व धूम्रपान बिल्कुल नहीं करना चाहिए। नशा करने से समाज को बहुत क्षति हो रही हैं और तरह -तरह कि बीमारियां जन्म ले रही हैं। प्रो मगदली खलखो ने नशा मुक्ति अभियान पर विस्तृत जानकारी देते हुए हुए छात्र-छात्राओं को इसे दूर रहने की बात कही। एनएसएस द्वारा आयोजित साप्ताहिक सेवा शिविर में एनएसएस के छात्रा अलग अलग सामजिक विषयों को लेकर गठित टीम लगातार सात दिनों तक अलग-अलग गांवो में अभियान के रूप में चलायेगी और ग्रामीणों को जागरूक करेगी। साप्ताहिक सेवा शिविर का संचालन प्रो. पुष्पा केरकेट्टा व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आशा रानी लकड़ा ने किया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अभाविप के - आकाश रक्षित और विक्रम कुमार महतो ने अपना सराहनीय योगदान दिया व कार्यक्रम में कई छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

पूर्व मुखिया पास्कल उरांव का निधन

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के तुतलो के पूर्व मुखिया पास्कल उराँव का सोमवार लगभग 10 बजे निधन हो गया। परिजनों ने बताया की 2 दिन पहले रांची के देव कमल हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। जहां उसकी हालत नाजुक थी। आज सुबह डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य असलम अंसारी, मुखिया गंगी कुमारी, कुलदीप उरांव सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

जय श्री राम भक्तों की शोभायात्रा आज

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): श्री राम भक्तों द्वारा आज तीन बजे शोभायात्रा निकाला जाएगा ! शोभायात्रा सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से बुंडू चौक, काली मंदिर,झारखंड मोड़, बड़ा मुरी, रेलवे मार्केट, होकर छोटा मुरी रेलवे क्लोनी हनुमान मंदिर में समापन किया जाएगा !इस शोभायात्रा मे सभी राम भक्त महिला एवं पुरुष शामिल होगें ! शोभायात्रा के पूर्व संध्या सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया !शोभायात्रा शांति पुर्ण हो इसको लेकर लोगों सै अपील किया गया की किसी भी तरह का अफवाह ना फैलाए ! गलत अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस के द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

माता कात्यायनी की पूजा का आयोजन

अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता): श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा राम नवमी पूजा समिति के तत्वधान में षष्ठी स्वरूप माता कात्यायनी की पूजा के साथ सप्तशती का पाठ हुआ । दूसरे पहर में शाम के 4ः00 बजे के करीब मां दुर्गा की नव पत्रिका के साथ बेलबरन की पूजा शुरू हुई । नौ प्रकार के पौधों को एकत्र करके नव पत्रिका के पूजन के साथ बेल बरन का पूजन किया गया । आज पूजन के विधि होने के पश्चात मां को भोग में फल मेवा लगाया गया और संध्या आरती की गई जिसमे नगर वासी उपस्थित होके पुण्य का भागी बने श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा समिति लोअर चुटिया हाईटेंशन पूजा पंडाल में आज छठे दिन माता कात्यायनी की पूजा की गई । और मां से या प्रार्थना किए की मां सबका कल्याण करें। इस पूरे पूजन को सफल बनाने में पुरोहित अजीत चक्रवर्ती जजमान श्री भूनु साहू एवं उनकी पत्नी बबलू चौधरी एवं उनकी पत्नी उपवास रखकर मां की पूजा एवं आराधना कर रहे हैं । श्रीराम सेना के द्वारा कलश स्थापना के साथ ही माता की प्रतिमा भक्तों के लिए खोल दी जाती है ताकि भक्तों मां का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें श्रीराम सेना के द्वारा बच्चों एवं बड़ों के लिए मेले का भी आयोजन किया गया है । जिसमें छोटे झूले बड़े झूले ब्रेक डांस नाउ स्कॉर्पियो बच्चों के लिए वोट एवं बहुत सारे खाने-पीने के व्यंजनों की चीजें के साथ-साथ मीना बाजार भी लगाया गया है । चैती दुर्गा पूजा में मां शांत स्वरूप में रहती है एवं चैत नवरात्र में लोग मां की आराधना करते हैं ताकि पूरे साल देश में खुशहाली और शांति बनी रहे और देश खुशियों से जगमगाता रहे चैती दुर्गा पूजा में इस बार मां के साथ कुल 25 मुख स्थापित है तथा कलश स्थापना के साथ ही पूजा पंडाल भक्तों के लिए खोल दिया पूजा को सफल बनाने में संरक्षक शंकर महतो आनंद केसरी अध्यक्ष विकास जयसवाल दीपेश पाठक बाबा, नीरज सिंह, ,राजेश, विष्णु,शेखर,पंकज, संतोष, मनोज, रवि ,अनूप, अमर, सोनू, जॉनी , संदीप, बबलू, रवि ,राजू,अनूप, आशीत, शिवम मोदी, सोनू, यशराज, प्रिंस, राजू, बबलू, आदि लोग शामिल है । श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा समिति झारखंड का इकलौता पूजा समिति है जो कि चैत नवरात्र 10 दिवसीय मनाता है एवं प्रतिदिन संध्या 6ः30 बजे माता की आरती की जाती है इस वर्ष श्रीराम सेना के द्वारा 501 महिलाओं को माता की चुनरी भेंट स्वरूप माता की शोभायात्रा में दी जाएगी श्रीराम सेना ने सभी महिलाओं से यह आग्रह किया है । कि वे सभी माता की शोभायात्रा में पीला वस्त्र धारण करके पंडाल में आएंगे क्यों कि ने श्रीराम सेना की शोभायात्रा महिलाओं के द्वारा ही निकाली जाती है ।

सरहुल पर्व आदिवासियों के प्रकृति प्रेम का प्रतीक : रामेश्वर उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

ओरमांझी : प्राकृतिक पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़ाह समाज सरहुल महोत्सव मुना पतरा चकला ओरमांझी सरहुल पूजा परंपरागत रीति रिवाज के साथ पूरी हुई। मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने मंच का सफल संचालन विधि विधान के साथ किए और सरहुल महोत्सव एवं पूजा में बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी और जवाबदेही को समझे सरहुल पूजा की। मुख्य और श्री उरांव जी ने कहे की इस ऐतिहासिक अस्थल पर लाखों की संख्या में आदिवासी महिलाएं पुरुष अपने पारंपरिक वेशभूषा ढोल नगाड़े लाल पाल साड़ी धोती गंजी के साथ भिन्न-भिन्न गांव से नाचते गाते लाखों की संख्या में शामिल हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिथि रामेश्वर उरांव वित्त मंत्री मौके पर उपस्थित थे। उन्होंने यहां पूजा अर्चना कर झारखंड वासियों के जीवन में सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व प्राकृतिक और पेड़ों की पूजा जाती है तथा यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति प्रेम और श्रद्धा रखने का संदेश देता आपसी भाईचारा एकता का भी संदेश देता है यह पर्व हमें समाज में एकजुटता के साथ रहना सिखाता है। वहीं विशिष्ट अतिथि खिजरी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों के प्रकृति प्रेम का प्रतीक सुखवा वृक्ष ।विशेष पूजा होती है तथा श्री कच्छप जी ने यह भी कहा कि सखवा को साहस, हिम्मत,संघर्ष और धैर्य का प्रतीक माना जाता है, पूरे विधि विधान से होती है इनकी पूजा-अर्चना। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने भी सभा को संबोधित करते हुए सरहुल पर्व के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताएं मौके पर पड़हा समाज के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमनाथ मुंडा जी के अध्यक्षता में कार्यक्रम हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू पूर्व विधायक राम कुमार पाहन शिक्षाविद डॉक्टर करमा ,उप प्रमुख रिज़वान अंसारी, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा लालू साहू समुंदर पाहन, सुनील उरांव बिरजू उरांव संजय तिर्की नील मोहन पहान बालक पहान करमा उरांव, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू, मुखिया शिव नाथ मुंडा, प्रेम नाथ मुंडा, सुरेन्द्र उरांव, अशोक कुमार सुरेश प्रसाद साहू बिरजू उरांव रामधन बेतिया गुप्ता, अफताब आलम, सरिता देवी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

समय चुनौतीपूर्ण, जमीनी स्तर पर आम लोगों से जुड़े कांग्रेस कार्यकर्ता : बंधु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : प्रखण्ड मुख्यालय स्थित विधायक कार्यालय में सोमवार को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की अध्यक्षता में पार्टी के विभिन्न समितियों की बैठक किया गया. बैठक को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि, आम जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को किसी भी हालत में नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि, सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वह आम लोगों को नरेन्द्र मोदी सरकार की विफलता, तानाशाही और लोकतंत्र विरोधी करवाईयों की जानकारी दे। देश की सबसे पुरानी पार्टी और लोकतंत्र की रक्षक कांग्रेस को हर स्तर पर मजबूत करना देशहित में बहुत जरूरी है।बंधु तिर्की ने आगे कहा कि एक अदालती निर्णय के बाद राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्यता को समाप्त करने में की गयी जल्दबाज़ी पूरी तरह सामने आ गयी है। हाल के घटनाक्रमों के बाद केन्द्र की मोदी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मज़कूर आलम सिद्दीकी, बेड़ो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष करमा उरांव, बेड़ो प्रखंड के उप प्रमुख मुदस्सीर हक़, जिला परिषद सदस्य बेरोनिका उरांव, नवल किशोर सिंह, गोपाल उरांव, सरोज लकड़ा, पंचू मिंज, देवनीस तिग्गा, सिल्वेस्टर कच्छप, मतियस खेस, मो. शमशाद, रईफुद्दीन मिरदाहा, वीरेंन्द्र उरांव, फागू गोप, पूनम उरांव, रुस्तम अंसारी, बिरसा उरांव, हबीब अंसारी, नेज़ाम अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

सरहुल मिलन समारोह का भव्य आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : प्रकृति पर्व सरहुल का भव्य आयोजन सरहुल मिलन समारोह द्वारा ई ई एफ मंदिर मैदान में किया गया। इस समारोह में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि डॉक्टर रामेश्वर उराव वित मंत्री झारखंड सरकार,विशिष्ट अतिथि, डॉक्टर प्रदीप वर्मा,राजेश कच्छप विधायक खिजरी,राम कुमार पाहन पूर्व विधायक, वीणा कुमारी उप प्रमुख नामकुम, जय पाल हजाम उप प्रमुख अंगडा, ग्रामीण एस पी, थाना प्रभारी टाटीसिल्वे,जमल मुंडा टी ए सी सदस्य,भीम मुंडा, अनुराधा मुंडा जिला परिषद सदस्य अंगडा, विपिन टोप्पो जिला परिषद सदस्य नामकुम , अंतु तिर्कि, प्रमोद सिंह सांसद प्रतिनिधि, मुकेश कुमार, सुषमा बड़ाईक इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम कि शुरुआत सरना का पाहन द्वारा पूजा अर्चना एवम आगत अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।अतिथियों का स्वागत नगाड़ा, ढोल, मांदर के साथ बैच, बुके, अंग वस्त्र देकर किया गया।

केंद्रीय रेल मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : मुरी रेलवे स्टेशन का नाम अमर स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद रघुनाथ महतो के नाम पर करने को लेकर रांची के सांसद श्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री को एक आग्रह पत्र भी सौंपा। सांसद ने रेल मंत्री को बताया कि रघुनाथ महतो का जन्म सरायकेला खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड में हुआ था। ÷अपना गांव अपना राज, दूर भगाओ विदेशी राज÷ के नारे के साथ रघुनाथ महतो ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई धार दी थी। उनके इस नारे के साथ ही आसपास के सैकड़ों गांव के लोग ब्रिटिश सरकार के खिलाफ उठ खड़े हुए थे। इस आंदोलन के कारण ब्रिटिश सरकार और उसके अधिकारियों को अपने सत्ता संचालन में कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ा था। रघुनाथ महतो क्षेत्र के महापुरुष के रूप में सभी समाज के लोगों के बीच आदरणीय है। 1769 से 1778 तक रघुनाथ महतो के नेतृत्व में लोगों ने स्वतंत्रता के लिए खूब संग्राम किया था। यह अट्ठारह सौ सत्तावन की क्रांति से लगभग एक 100 साल पहले की बात है। रघुनाथ महतो सिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी सरकार के सिपाहियों की गोली से बलिदान हो गए। सांसद श्री सेठ ने केंद्रीय मंत्री को बताएं कि यह पूरा क्षेत्र सहित पूरा राज्य रघुनाथ महतो जी को आदर्श पुरुष मानता है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER
Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/25/2022-23

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 03.04.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 05.04.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 05.04.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

Sl.No.	Name of Work	Estimated Cost	Amount of Earnest Money	Cost of Tender Paper	Time Completion of Work
1.	Repair of 5 Unit Toilet, Septic Tank, Boundary Wall, Sanitary, and Electrical Work at Kasmar Picket Tarhasi Thana, Palamu.	1940994.00	39000.00	5000.00	02 Months
2.	Repair of 2 Unit Toilet, Septic Tank, Deep Boring, Sanitary, and Electrical Work, 3 Unit Bathroom, Fitting Concertian Wire at Kamgarpur Picket, Hussainabad Thana, Palamu.	2361523.00	47500.00	5000.00	02 Months
3.	Concertina Wire Deep Boring at Mitar Picket, Manatu Thana, Palamu.	350466.00	7500.00	750.00	01 Months
4.	Repair of 2 Unit Toilet, Septic Tank, Deep Boring, Sanitary, Kitchen Shed at Padma Picket, Manatu Thana, Palamu.	2019541.00	40500.00	5000.00	02 Months
5.	Repair of 5 Unit Toilet, Septic Tank, Sanitary, Electrical Work, Kitchen Shed at Chetma Picket, Nawajaipur Thana, Palamu.	2161357.00	43500.00	5000.00	02 Months
6.	Repair of 8 Unit Toilet, Septic Tank, Sanitary, Electrical Work, Deep Boring at Panki Thana, Palamu.	1308174.00	26500.00	2500.00	01 Months
7.	Repair of 8 Unit Toilet, Septic Tank, Sanitary, Electrical work at Hariharganj Thana, Palamu.	980449.00	20000.00	1250.00	01 Months
8.	Repair of 6 Nos Barrack at Saraidih Picket, Naudiha Bazar Thana, Palamu.	2475975.00	5000.00	5000.00	02 Months
9.	Deep Boring at Mansuriya Thana, Palamu.	327725.00	7000.00	750.00	01 Months
10.	Repair of Boundary Wall Concertina Wire and Kitchen Shed at Latheya O.P Chhattarpur Thana Palamu.	1749154.00	35000.00	5000.00	02 Months
11.	Concertina Wire at Jhabar Picket, Satbarwa Thana Palamu.	745925.00	15000.00	1250.00	01 Months
12.	Repair 8 Unit Toilet and Concertina Wire Kishunpur Picket, Patan Thana Palamu.	668483.00	13500.00	1250.00	01 Months
13.	Repair 16 Unit Toilet, Deep Boring and Electrical Work Mahudand Picket, Hussainabad Thana Palamu.	1564215.00	31500.00	5000.00	02 Months
14.	Concertina Wire at Khajuri Picket, Chhattarpur Thana, Palamu.	68,224.00	1400.00	500.00	15 Days
15.	Repair 11 Unit Toilet at Chhattarpur Thana, Palamu.	567997.00	11500.00	1250.00	01 Months
16.	Concertina Wire at Untari Road Thana, Palamu.	268900.00	5500.00	750.00	15 Days
17.	Repair 05 Unit Toilet, Septic Tank, Electrical Work and Sanitary Work Dangwar O.P, Hussainabad Thana Palamu.	1468800.00	29500.00	2500.00	01 Months
18.	Barbed Wire, Toilet and Bathroom at Sadar Thana, Palamu.	906379.00	18500.00	1250.00	01 Months

नोटः–

1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि *Updated Character, PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0 / विविध–06–33 / 2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security*उपलब्ध करायें।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 293661 Building(22-23).D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –31 / 2022–23

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 05.04.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 06.04.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक। 5.निविदा खोलने की तिथि एंव समयः–06.04.2023 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची।
   2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का सीन :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

क	कार्य का नाम	प्राक्कलित राषि	अग्रधन की राषि	B.O.Q. का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि।
1.	Repairing and replacement of burnt 1.5 HP to 5 HP submersible motor pump 5.0 HP & 7.5 HP Centrifugd motor pump with panel box starter in Rajbhawan Campus Ranchi under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi.(for 04 months)	Rs. 4,49,813.00	9,000.00	750.00	04 Months
2.	Repair and maintenance of Domestic/Commercial RO/Water Purifier with cooler of different models installed at Rajbhawan Main Building, secretary Residence, ADC -P, ADC -M and House Controller Residence and other Govt. Building/Quarters at different Location under D.W.&S. Division Gonda Ranchi.2023-24	Rs. 6,40,678.00	13,000.00	1250.00	1 Years
3.	Repairing and Replacement of burnt 1.0 HP to 5 HP Submersible motor pump 1.5HP & 7.5 HP Centrifugal motor pump with panel box starter in all ministers and all MLA's residence and all Officer's residence under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (for 04 months)	Rs. 7,36,357.00	15,000.00	1250.00	04 Months
4.	Repairing and Replacement of burnt 1.0 HP to 5 HP Submersible motor pump 5.0 HP Centrifugal motor pump with panel box starter at CM secretariate and other office Building under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	Rs. 7,54,483.00	16,000.00	1250.00	04 Months
5.	Repairing and Replacement of burnt 1.5 HP to 5.0HP Submersible motor pump 5.0HP & 7.5 HP Centrifugal motor pump with panel box starter in CM House, speaker house, all Ex. CM Residence, Judge Colony, A udrey House staff quarter & Machhli Ghar staff quarter a t different places under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (for 04 months)	Rs. 8,17,961.00	19,000.00	1250.00	04 Months
6.	Repair and maintenance of Domestic/Commercial RO/Water Purifier System with cooler of different models installed at CM House, Speaker Residence, Chief Justice Bungalow, MLA Quarter and Govt. Building and Quarters at different Location under D.W.&S. Division Gonda Ranchi.2023-24	Rs. 8,36,633.00	19,000.00	1250.00	1 Year
7.	Repair and maintenance of Different Models of Geyser installed at Rajbhawan Main Building & Quarter, CM House, Speaker House, Chief Justice Bungalow & Other Govt. Bungalow and Quarters at different Location under D.W.&S. Division Gonda Ranchi.2023-24	Rs. 9,69,537.00	20,000.00	1250.00	1 Year
8.	Day to day of Pump Motor, Repair and maintenance work for of W/S, Sanitation and Sewerage work and Repair and Rewinding of 1.5 HP, 2.0HP, 3.0HP and 5.0HP Submersible Motor Pump & Panel Box with Rising pipe line and cleaning of water tanks at different places of Sri Krishna Institute of Public Administration, Meyar's Road, Ranchi Under D.W. & S. Division Gonda, Ranchi-For the Year 2023 -24	Rs. 17,99,567.00	36,000.00	5000.00	1 Year
9.	Day to Day Repair and replacement of plumbing fixtures of Hon,ble MLA,s Residence, Hon'ble Minister's Residence and all officer's Residence and operation of motor pump at D.W. & S. Section Rajbhawan under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.(for Six Months)	Rs. 21,40,021.00	43,000.00	5000.00	06 Months
10.	Day to Day Repair and replacement of plumbing fixtures of CM Secretariat, Raj Secretariat and all other office Building under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.(for Six Months)	Rs. 21,40,613.00	43,000.00	5000.00	06 Months
11.	Day to Day Repair and replacement of plumbing fixtures cleaning of toilet and bathroom of CM House, Old CM House, speaker House and all Ex. CM Residence and operation of Motor Pump under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.(for Six Months)	Rs. 22,41,870.00	45,000.00	5000.00	06 Months
12.	Day to Day Repair and replacement of plumbing fixtures and retrification of choked sewerage line of Judge colony, Audrey House staff quarter & Machhli Ghar staff quarters and operation of Motor Pump under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.(for Six Months)	Rs. 24,27,653.00	49,000.00	5000.00	06 Months
13.	Day to Day Repair and replacement of plumbing fixtures, cleaning of all fountain, toilet and bathroom of Rajbhawan main Building, Annecy, VIP Toilet , Toilet Complex (Gate No -02), all Of ficer's Residence and Police Barracks in Rajbhawan Campus and Operation of Motor Pump at D.W. & S. Section Rajbhawan under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.(for Six Months)	Rs. 24,92,688.00	50,000.00	5000.00	06 Months

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.293690 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

श्री श्री अखंड हरिनाम कीर्तन में शामिल हुए कल्याण चंद्र सिंह

तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुकड़ू प्रखंड में चल रहे श्री श्री अखंड हरिनाम कीर्तन का आज समापन हुआ। जिसमे आस पास के काफी लोग शामिल हुए। गौरतलब हो कि कीर्तन 23 मार्च से शुरू हुआ था। 26 मार्च को रात्रि में जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह और अशोक शाह शामिल हुए। इसमें 16 आना कमेटी में कुकरू के गांव वालों ने हिस्सा लिया। जागरण में 6 पार्टियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव वालों ने अपना अपना सहयोग दिया।

आजसू केंद्रीय कमेटी की बैठक में शामिल हुए सुदेश महतो

केंद्रीय समिति की बैठक
दिनांक : 27 मार्च, 2023
आजसू पार्टी
अबकी बार गांव की सरकार

चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ उपचुनाव जिसे सरकार के मुखिया ने अपने घर का चुनाव कहा था वहां गठबंधन के तहत पार्टी ने चुनाव जीतकर कांग्रेस को नहीं बल्कि राज्य के मुखिया को उनके घर में हराने का काम किया है. ये बातें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने सरायकेला जिले में आजसू केंद्रीय कमेटी की बैठक में कही. सोमवार को सरायकेला ज़िले के ईचागढ़ विधानसभा अंतर्गत एक निजी रिसोर्ट में आजसू पार्टी के केंद्रीय कमिटि की बैठक में शामिल होते हुए सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार लूट और झूठ की बुनियाद पर चल रही है जिसे आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकने का काम पार्टी करेगी. भाजपा के साथ गठबंधन के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए पार्टी बंगाल और उड़ीसा में भी चुनावी मैदान में उतरेगी. उन्होंने कहा कि पार्टी महाधिवेशन से पूर्व राज्य भर में पार्टी सभी ईकाइयों को मजबूत करेगी. इसके तहत एक लाख पदेन पदाधिकारी बनाये जाएंगे. श्री महतो ने यह भी कहा कि आजसू पार्टी के द्वारा पहली बार रिसर्च टीम का गठन किया गया है, जो पार्टी के साथ पुरे राज्य की समस्याओं को आकलन करते हुए समय समय पर अपनी रिपोर्ट सोपेंगी, जिसके आधार पर आगे की रणनीति बनायेगी. इस मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, देव शरण भगत, केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के अलावा पार्टी के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

गोबरघुसी के भाजपा कार्यकर्ता गोपाल दत्त का निधन, कुणाल षाड़ंगी पहुंचे

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पटमदा मंडल के गोबरघुसी बूथ के सक्रिय कार्यकर्ता गोपाल दत्त का रविवार की रात को टीएमएच में निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्री एवं एक पुत्र को छोड़ कर चले गए। इस संबंध में पटमदा मंडल भाजपा के अध्यक्ष मंटू चरण दत्त ने कहा कि हमने एक अभिभावक को खो दिया जो पार्टी के लिए समर्पित थे। करीब 70 वर्षीय गोपाल दत्त का अंतिम संस्कार गांव में ही कर दिया गया। उनके पुत्र नंदू दत्त ने मुखाग्नि दी। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, पंचायत अध्यक्ष कानाई प्रमाणिक, प्रकाश सिंह, बूथ अध्यक्ष सोनारतन सिंह आदि मौजूद थे। वहीं दोपहर को गोबरघुसी पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी।

हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार को पटमदा प्रखंड के माचा तथा लावा गांव में चल रहे हरिनाम संकीर्तन में पूर्व विधायक सह झारखंड भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए। मौके पर कुणाल षाड़ंगी ने पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर पूर्व जिला पार्षद सुदीप्तो दे राणा, पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, अजित दत्त, देबू दत्त,अमित दत्त, ग्रामप्रधान सह पंचायत समिति बृंदावन दास, लावा पंचायत अध्यक्ष अजय प्रमाणिक, सुशांत मल्लिक, हृदय कुंभकार, झूलन दास, श्यामल गोराई, विकास दास, संतोष कुमार सिंह, विकास सहिस, अयोध्या कुंभकार, तपन गोराई व दीपक गोराई आदि ग्रामीण मौजूद थे।

तिरुलडीह में धूमधाम से हुआ कलश व प्रतिमा विसर्जन

तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुकडु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह में सोमवार को नवान्ह परायण महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ मुर्ती व कलश का विसर्जन किया गया। तिरूलडीह यज्ञ स्थल से गाजे बाजे बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया। पुलिस प्रशासन के देखरेख में शांति पूर्ण ढंग से श्रद्धालु नाचते गाते व जयकारा लगाते हुए पुरे तिरूलडीह स्टेशन बस्ती, सीरकाडीह, गुंदलीडीह आदि का भ्रमण करते हुए सुवर्ण रेखा नदी में मुर्ती ,कलश आदि का विसर्जन किया गया। पंडित राजु पांडे ने बताया कि तिरूलडीह में नौ दिनों तक नवान्न परायण महायज्ञ का आज अंतिम दिन पूर्णाहुति के साथ विसर्जन किया गया।

महिलाओं ने किया जरुरतमंदों के बीच भोजन वितरण

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर की महिला इकाई द्वारा एमजीएम अस्पताल में लगभग 200 से अधिक जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से मंजू चौधरी, उर्मिला खन्ना, चंदा चौधरी, आशा चौधरी, रेखा चौधरी, पूनम चौधरी, आशा चौधरी, कुमुद अग्रवाल, स्वेता खन्ना, रंजू अग्रवाल, मनीष खन्ना, किशन चौधरी आदि मौजूद थे।

जमशेदपुर कोर्ट गेट के पास मनप्रीत हत्याकांड के गवाह पर फायरिंग, बाल -बाल बचा नवीन सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सिदगोडा थाना क्षेत्र के शिवसिंह बगान एरिया में विगत 8 जून 2022 को घर में घुसकर की गयी मनप्रीत पाल सिंह के हत्या मामले में कोर्ट में गवाही देने जा रहे गवाह नवीन सिंह पर कोर्ट के गेट नंबर -3 पर अपराधियों ने गोली चला दी. उस समय वह कोर्ट के अन्दर प्रवेश ही करने जा रहा था. इस घटना में नवीन बाल -बाल बच गया और अपराधी बाइक पर सवार होकर चलते बने। गोली चालन के बाद अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। इस घटना से कोर्ट की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी पर सवाल खड़े होने लगे हैं। अभी दो दिन पूर्व ही मनप्रीत पल सिंह हत्याकांड का आरोपी जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आया है। आशंका व्यक्त की जा रही है की गवाह को धमकाने के लिए ही इस घटना को अंजाम दिया गया है। 8 जून 2022 को मनप्रीत पाल सिंह भी एक केस में गवाही देने के लिए कोर्ट गया हुआ था। जिसके बाद कोर्ट से लौटते ही उसकी माँ के सामने घर में घुसकर उसकी हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के बाद पूरा पुलिस अमला हरकत में आ गया है कई थाना के थानेदारों को मामले की जांच में लगा दिया गया है। पुलिस आस - पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

एक घंटे बाद गोलमुरी में दूसरी हवाई फायरिंग कर चलते बने अपराधी : जमशेदपुर सिविल कोर्ट जमशेदपुर के गेट नंबर -3 पर पुलिस की तमाम मुस्तैदी को धता बता कर शहर के चर्चित मनप्रीत पाल सिंह हत्याकांड के गवाह पर गोली चालन के एक घंटे बाद ही बेलगाम हो चुके अपराधियों ने गोलमुरी में दिन- दहाड़े फायरिंग कर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। पांच की संख्या में आए अपराधियों ने गोलमुरी टिनप्लेट गोलचक्कर के पास दिनदहाड़े हवाई फायरिंग की और चलते बने। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गयी . गोलमुरी थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि पांच की संख्या में आए अपराधियों ने हवाई फायरिंग की है. घटना को अंजाम देने के बाद सभी ओल्ड केबुल बस्ती की ओर फरार हो गए। पुलिस ने घटना स्थल से तीन खोखा बरामद किया है और मामले की छानबीन में लग गयी है।

उपायुक्त ने पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जिले की उपायुक्त विजया जाधव ने हंस फाउण्डेशन की ओर से संचालित पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया । इस मौके पर समाहरणालय परिसर से उन्होने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल यूनिट को प्रखंडों के लिए रवाना किया । वर्तमान में 7 प्रखंडों जिनमें धालभूम अनुमंडल में पटमदा व बोड़ाम, पोटका, गोलमुरी-सह-जुगसलाई तथा घाटशिला अनुमंडल में घाटशिला तथा धालभूमगढ़ व गुड़बांदा में लोगों को चिकित्सीय जांच, इलाज व दवाओं की निःशुल्क सुविधा मुहैया करायी जाएगी । इस मेडिकल वैन में मेडिकल अफसर के अलावा फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन और एएनएम की टीम रहेगी, जो प्रतिदिन मरीजों की जांच, इलाज के साथ-साथ दवाइयां उपलब्ध कराएगी । आवश्यकतानुसार, गंभीर मरीजों को सदर अस्पतालमें रेफर करने का भी कार्य यह टीम करेगी । उपायुक्त ने इस मौके पर हंस फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए कहा कि खासकर दूर दराज, दुर्गम व पहाड़ी क्षेत्र में बसे लोगों तक स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाने में यह मेडिकल यूनिट काफी उपयोगी होगी ।

बिजनेस लोकल इनवायरमेंट को ध्यान में रख कर करें : सीइओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (जीएम) की ओर से ऑपरेशन एंड सप्लाई चेन कॉन्क्लेव क्लॉकस्पीड 3.0 का आयोजन किया गया. जिसमें देश व दुनिया की कई प्रसिद्ध कंपनियों के एमडी व उनके प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. एक्सएलआरआइ के प्रोफेसर आलोक राज ने सभी आगंतुकों का अभिवादन करते हुए कहा कि आज के दौर में पठन-पाठन में इंडस्ट्री व एकेडमिया के बीच सामंजस्य की आवश्यकता है. मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में यूएसए के टेस्ला पावर सीईओ एपीएसी सुभाष आर्य उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि आज के दौर में वर्ल्ड फंक्शनिंग में सप्लाई चेन मैनेजमेंट अति आवश्यक है. उन्होंने कहा कि हमें विश्व स्तर पर सोचना चाहिए, लेकिन विश्व स्तर पर व्यापार करते समय हमेशा लोकल कंडीशन को भी उतना ही महत्व देना चाहिए. सप्लाई चेन मैनेजमेंट में कार्य को धरातल पर उतारने की स्पीड काफी अहम भूमिका निभाती है. इसके बाद सप्लाई चेन एनालिटिक्स~ शेपिंग द फ्यूचर ऑफ लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट÷ विषय पर एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया. जिसमें चैनालिटिक्स के एमडी मिलिंद कानेतकर, मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के प्रेसिडेंट ऑपरेशंस अभय श्रीवास्तव, डीएचएल सप्लाई चेन इंडिया प्रा लिमिटेड के ऑपरेशंस डायरेक्टर इस्ट सौमोव कुंडू, इमामी एग्रोटेक लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट व सप्लाई चेन के प्रमुख पुष्कर मुखर्जी, सेलियस लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक व सीओओ रजनीश रमन, व एक्सएलआरआइ पीजीडीएम (जीएम) की संजना वार्ष्णेय ने हिस्सा लिया. मौके पर मिलिंद कानेतकर ने अपने भाषण में गूगल मोबिलिटी पर महत्व दिया. कहा कि इससे ग्राहकों की जरूरत को एनालिटिक्स द्वारा निर्धारित किया जा सकता है और कंपनी को इसे क्रियान्वित करने और लागू करने पर ध्यान देना चाहिए.

उपायुक्त व एसपी ने रामनवमी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की

समाहरणालय सभागार
सरायकेला - खरसावां

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री अरवा राजकमल एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के संयुक्त अध्यक्षता मे आगामी रामनवमी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ रामनवमी पर्व मनायें। इस दौरान उन्होंने कहा की जिले मे 47 लाइसेंसी एवं 31 गैर लाइसेंसी अखाड़ा समिति है जिनमे कुछ समिति के द्वारा 30 एवं अधिकतम समिति के द्वारा 31 को जुलुस निकली जाएगी। उपायुक्त ने कहा रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। उन्होंने कहा की सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारी रामनवमी पूजा के दौरान विभिन्न लाइसेंसी, गैर लाइसेंसी अखाडा समिति द्वारा निकले जाने वाली जुलुस निर्धारित रूट लाइन तथा निर्धारित समयावधी मे ही सम्पन्न हो यह सुनिश्चित कराए। साथ ही किसी भी प्रकार से किसी धर्म या सम्प्रदाय को आहात करने वाले गाना ना बजाए जाए यह सुनिश्चित करे। सभी थाना प्रभारी रात्रि 10 बजे से लेकर प्रातः 6 बजे तक किसी भी प्रकार से लाउडस्पीकर एवं डीजे पर गाना बजाना ना हो यह सुनिश्चित करे। उपायुक्त ने कहा की आगामी पर्व त्यौहार के मध्यजर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने तथा ड्रंक ड्राइव के विरुद्ध विशेष वाहन जाँच अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, पुलिस उपाधिक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला हरविंद्र कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए संदीप कुमार दुराईबुरु, अपर उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला-चांडिल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलधिकारी एवं सभी सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कुड़मी समाज ने गृह मंत्री के नाम तीन सूत्री मांगपत्र उपायुक्त को सौंपा, कहा

कुड़मी समाज की मांग अनदेखा हुआ तो 2024 में बीजेपी को वोट नहीं

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सोमवार को आदिवासी कुड़मी समाज की ओर से जमशेदपुर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए अपनी तीन सूत्री मांगों के संबंध में उपायुक्त के माध्यम से देश के गृह मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया और जल्द से जल्द मांग को पूरी करने की मांग की गई अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। मांगपत्र के अनुसार कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करना, कुड़मालि भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने और भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो की प्रतिमा को संसद भवन में स्थापित करने संबंधी मांग को लेकर पूरे राज्य साथ ही साथ पड़ोसी राज्यों में भी अपनी आवाज को बुलंद करते हुए देश के गृह मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया है। इनके प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान समय में बजट सत्र चल रहा है ऐसे में अगर इनकी मांगों को अनदेखा की गई, तो 20 सितंबर 2023 को पूरे झारखंड में रेल रोकने का कार्य किया जाएगा साथ ही साथ उन्होंने कहा कि 2024 में लोकसभा चुनाव में कुड़मी समाज भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं देकर चोट देने का काम करेगी। मौके पर आदिवासी कुड़मी समाज के केन्द्रीय महासचिव सुनील महतो गुलियार, आदि थे।

उद्यमी गृह निर्माण सहयोग समिति के चुनाव में विजय सिंह राणा की टीम निर्विरोध चुनी गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : आदित्यपुर उधमी गृह निर्माण सहयोग समिति लिमिटेड, आदित्यपुर का चुनाव का कार्यक्रम सोमवर को संपन्न हुआ। जिसमें 11 सदस्यों की प्रबंध कार्यकारिणी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया । इस प्रबंध कार्यकारिणी में अध्यक्ष के पद पर विजय सिंह राना, सचिव अनिल कुमार, उपाध्यक्ष नीलम बाष्णेय एवं कार्यकारिणी सदस्य के पद पर उर्मिला दुबे, पूर्णिमा रीहल, राधा देवी, रंजू, बसंत प्रसाद महतो, सुदीप मिश्रा, डीएन तिवारी, राकेश कुमार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव का संचालन सहकारी समितियां सरायकेला के अधिकारी द्वारा क्या किया गया एवं निर्वाचन पदाधिकारी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी की देख-रेख में चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के कार्यक्रम के दौरान कुल 31 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। जिसमें कुछ नामांकन पत्रों में त्रुटियां पाए जाने के कारण रद्द किए गए। कुल 18 सदस्यों के वैद्य नामांकन पत्रों को प्रकाशन किया गया था।

लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस ने निकाला विशाल विरोध मार्च व नरेंद्र मोदी का शव यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : भारत में आज लोकतंत्र का गला घोंट जा रहा है, विपक्षी नेताओ को केस कराकर जेल भेजा जा रहा है, लोकसभा से कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का सदस्यता निरस्त कर दिया गया है। इसके विरोध में आज पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के आह्वान पर जमशेदपुर ग्रामीण प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में करनडीह चौक से खासमहल तक विशाल विरोध मार्च एवं नरेंद्र मोदी का शव यात्रा निकाला गया। जिसका अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने किया तथा कार्यक्रम के संयोजक प्रखंड के प्रभारी अजय मंडल एवं कांग्रेस नेता सतीश तिर्की, भरत सिंह रहे। जिला कांग्रेस कमिटी के तरफ से मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुबोध सिंह सरदार एवं विशिष्ट अतिथि कार्यालय प्रभारी वरीय नेता संजय सिंह आजाद, दिबेश राज अध्यक्ष ओबीसी विभाग, करनडीह मंडल अध्यक्ष रवि कुर्ली, परसुडीह मंडल अध्यक्ष सुभद्रा कर्मकार शामिल हुए। विरोध में विशाल मार्च एवं नरेंद्र मोदी का शवयात्रा करनडीह चौक से निकाला गया है। जो खासमहल में शव का दाह संस्कार दिबेश राज ने मुखाग्नि देकर सम्पन्न किया।

आधुनिक पॉवर एंड नेचुरल रिसोर्सेस लिमिटेड द्वारा आयोजित एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट

टीम संकल्प ने जीता एमपीएल-23 का खिताब

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टीम संकल्प ने फाइनल में टीम जीवनदायिनी को 15 रनों से हरा कर चौथे महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) क्रिकेट का ख़िताब जीत लिया। आधुनिक पॉवर एंड नेचुरल रिसोर्सेस लिमिटेड द्वारा कर्मचारियों के लिए आयोजित टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के सभी मैच कंपनी परिसर स्थित महादेव खेल प्रांगण मैदान में खेले गए थे। रविवार को खेले गए फाइनल मैच में टीम जीवनदायिनी ने टॉस जीतकर टीम संकल्प को पहले बल्लेबाज़ी करने के लिए आमंत्रित किया। टीम संकल्प ने पहले बल्लेबाजी करते हुए और निर्धारित 10 ओवरों में 87 रन बनाए जहां टीम के कप्तान नितिन अग्रवाल ने सर्वाधिक 37 रन बनाये। आलोक ने दो विकेट लिये। जवाबी पारी में जीवनदायिनी की टीम केवल 72 रन ही बना सकी। सौरभ भास्कर ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 22 रन बनाए। नितिन अग्रवाल और बुद्धेश्वर बास्के ने दो-दो विकेट लिए। महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) में कुल 12 टीमों नव ऊर्जा, श्रमशक्ति, उजाला, प्रकाश, जीवनदायिनी, संकल्प, शक्तिस्रोत, कवच, सिदो-कान्हू, स्वर्णरेखा, प्रतिष्ठा और अन्नपूर्णा ने हिस्सा लिया था। श्रृंखला के सभी मैचों में अंपायर की भूमिका एनएसपी राव, आलोक शर्मा, अमल बैद्य, राजेश सिंह व मनिंदर सिंह ने निभाई थी। कंपनी के निदेशक महेश कुमार अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा के अलावा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी राजेश शर्मा, एनएसपी राव, संजीव चौधरी, सैय्यद खालिद परवेज, राजेश कुमार सिंह, अजय बांगड़े, अमित सिंह ने मैदान में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी तथा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर समान्नित किया गया।

मानगो में सड़क किनारे से हटा अतिक्रमण

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : रामनवमी में विधि व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था को देखते हुए मानगो चौक से दरभंगा डेयरी तक सड़क किनारे और डिवाइडर से अतिक्रमण हटाया गया। रविवार सुबह से ही माइकिंग कर लोगों को खुद से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। कुछ दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें खुद से हटा ली। इस दौरान अतिक्रमण कर बनाये गए अस्थाई दुकानों को गिराया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम और दंडाधिकारी मौजूद रहे। एसडीओ पीयूष सिन्हा ने बताया कि इन सभी दुकानों को हटाकर इन्हें कहीं और शिफ्ट किया जाना है, इसके लिए मानगो नगर निगम द्वारा सभी दुकानों की पहचान की जा रही है। मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव ने कहा कि सभी दुकानदारों को नदी किनारे बने स्थाई दुकानों में शिफ्ट करने की योजना है ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संपादकीय

गरिमा के साथ मौत!

मौत की सजा पर अमल का सबसे अच्छा तरीका क्या हो सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से मंगलवार को इस सवाल पर चर्चा कराने को कहकर ऐसी बहस शुरू कर दी, जिसकी सभ्य समाज में हमेशा जरूरत रहती है। वैसे, यह एक जटिल मसला इस तरह से भी है कि मौत की सजा का तरीका तय करना न्यायपालिका की नहीं विधायिका की जवाबदेही मानी जाती है। शायद, इसीलिए शीर्ष अदालत ने भी साफ किया कि वह इस मामले में कोई आदेश नहीं जारी करने जा रही कि मौत की सजा का कौन सा तरीका तय किया जाए। लेकिन यह सवाल उसके सामने आ गया है, इसलिए यह देखना जरूरी है कि मौत की सजा देने का मौजूदा तरीका कानून और संविधान की कसौटियों पर खरा उतरता है या नहीं। गले से लटकाकर फांसी देने के मौजूदा तरीके को सुप्रीम कोर्ट ने पिछली बार 1983 में सही बताया था, लेकिन तब से विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में जितनी प्रगति हो चुकी है, उसके मद्देनजर इस सवाल पर फिर से विचार करना बनता है। दुनिया के अन्य देशों की स्थिति पर नजर डालें तो उधर से भी इस जरूरत की पुष्टि होती है। बल्कि, बहस तो इस बात पर भी है कि मौत की सजा होनी ही क्यों चाहिए। दुनिया के ज्यादातर देश इससे तौबा कर चुके हैं। तर्क यह है कि सजा का मकसद अपराधी को तकलीफ देना नहीं, सुधार का मौका मुहैया कराना होना चाहिए। अगर किसी अपराधी में सुधार की उम्मीद नहीं दिख रही हो और उसके समाज में रहने से अन्य लोगों को खतरा हो तो उसे उसकी जिंदगी के अंतिम पल तक कैद में रखा जा सकता है। बहरहाल, हर देश और समाज अपने हिसाब से तय करता है कि मौत की सजा रखी जाए या नहीं। अपने देश में भी यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामलों में ही दी जाती है। लेकिन जिन मामलों में भी सजा दी जाए, उनमें इस तरह से दी जाए कि मानवीय गरिमा का किसी भी रूप में उल्लंघन न हो। सुप्रीम कोर्ट की ताजा पहल ने हमारे न्यायतंत्र में निहित इस कसौटी की अनिवार्यता को एक बार फिर रेखांकित किया है। इसका नतीजा चाहे जो भी हो- तमाम पहलुओं से अध्ययन के बाद फांसी की मौजूदा प्रक्रिया को सबसे कम तकलीफदेह माना जाए या फिर किसी अन्य उपाय को- मृत्यु की गरिमा के सिद्धांत की पुष्टि होनी तय है। अगर किसी अन्य उपाय को बेहतर पाया जाता है तो मौजूदा तरीका असंवैधानिक घोषित हो जाएगा। उसके बाद विधायिका नए तरीके की पुष्टि कर सकती है। आज के दौर में जब अपने देश में, कई कारणों से, अपराधियों का सीधे एनकाउंटर कर देने का विमर्श जोर पकड़ता दिख रहा है, उम्मीद की जाए कि शीर्ष अदालत की यह पहल हमें इंसाफ की कसौटियों को लेकर ज्यादा जागरूक बनाएगी।

गले से लटकाकर फांसी देने के मौजूदा तरीके को सुप्रीम कोर्ट ने पिछली बार 1983 में सही बताया था, लेकिन तब से विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में जितनी प्रगति हो चुकी है, उसके मद्देनजर इस सवाल पर फिर से विचार करना बनता है। दुनिया के अन्य देशों की स्थिति पर नजर डालें तो उधर से भी इस जरूरत की पुष्टि होती है। बल्कि, बहस तो इस बात पर भी है कि मौत की सजा होनी ही क्यों चाहिए। दुनिया के ज्यादातर देश इससे तौबा कर चुके हैं। तर्क यह है कि सजा का मकसद अपराधी को तकलीफ देना नहीं, सुधार का मौका मुहैया कराना होना चाहिए। अगर किसी अपराधी में सुधार की उम्मीद नहीं दिख रही हो और उसके समाज में रहने से अन्य लोगों को खतरा हो तो उसे उसकी जिंदगी के अंतिम पल तक कैद में रखा जा सकता है। बहरहाल, हर देश और समाज अपने हिसाब से तय करता है कि मौत की सजा रखी जाए या नहीं। अपने देश में भी यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामलों में ही दी जाती है। लेकिन जिन मामलों में भी सजा दी जाए, उनमें इस तरह से दी जाए कि मानवीय गरिमा का किसी भी रूप में उल्लंघन न हो। सुप्रीम कोर्ट की ताजा पहल ने हमारे न्यायतंत्र में निहित इस कसौटी की अनिवार्यता को एक बार फिर रेखांकित किया है।

कुछ अलग

कांग्रेस को कोई समझाये कि राहुल गांधी को सजा मोदी सरकार ने नहीं अदालत ने सुनाई है

क्या आपने कभी देखा है कि अदालत अगर किसी व्यक्ति को किसी मामले में दोषी पाते हुए उसे सजा सुना दे तो दोषी व्यक्ति या उसका समुदाय सड़कों पर हंगामा करने लगे, क्या आपने कभी देखा है कि यदि कोई जाँच एजेंसी या पुलिस किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाये या जाँच एजेंसी किसी के पास पूछताछ के लिए जाये तो वह व्यक्ति या उसका परिवार सड़क पर हंगामा करने लगता है? नहीं ना। जब देश का आम व्यक्ति कानून का पालन करता है। नोटिस मिलने पर जांच एजेंसी के समक्ष हाजिर होता है। सजा सुनाये जाने पर जेल जाता है या उस फैसले को चुनौती देता है तो वीआईपी व्यक्ति ऐसा क्यों नहीं करता? देश में दशकों तक राज करने वाले गांधी परिवार के राजनीतिक वारिस राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के मामले में अदालत ने सजा सुनाई तो कांग्रेस देशभर में सड़कों पर हंगामा कर रही है। कांग्रेस को समझ क्यों नहीं आ रहा है कि सजा मोदी सरकार ने नहीं सूरत की एक कोर्ट ने सुनाई है। यही नहीं, जब नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पटियाला हाउस कोर्ट जाना पड़ा था तब भी कांग्रेस ने ड्रामा कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह समेत पार्टी के आला नेताओं का सड़कों पर मार्च करा दिया था। सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया तो कांग्रेसियों ने सड़कों पर जमकर हंगामा काटा। आज जिस तरह से कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेता मार्च निकालते हुए विजय चौक तक पहुँचे और राष्ट्रपति से मुलाकात तथा आगामी विरोध प्रदर्शन कार्यक्रमों का ऐलान करते हुए मोदी सरकार को कोसा उससे सवाल उठता है कि क्यों कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को देश के कानून से ऊपर मानते हैं। जब दो साल की सजा सुनाये जाने पर कई अन्य सांसदों और विधायकों को संबंधित सदनों की सदस्यता गंवानी पड़ी तो राहुल गांधी को क्यों छूट मिलनी चाहिए? दूसरी ओर, मोदी उपनाम के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को अदालत ने सजा सुनाई तो कांग्रेस ने कह दिया कि हमें पहले से पता था यही होगा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी की आवाज दबाने की साजिश हो रही है। क्या कांग्रेस को पता नहीं है कि अदालतों में साजिश नहीं होती बल्कि सुबूतों के आधार पर फैसला सुनाया जाता है। अभी दो दिन पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी मामले में जो जांच कमेटी बनाई है वह क्लीन चिट कमेटी है। क्या कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट पर भी विश्वास नहीं है? कांग्रेस नेता जिस तरह भारत के लोकतंत्र, भारत की संसद, जांच एजेंसियों, न्यायपालिका, संवैधानिक संस्थानों और मीडिया पर सवाल उठा कर उन्हें संदेह के घेरे में लाना चाह रहे हैं वह गांधी परिवार की सत्ता लोलुपता को दर्शाता है। लोकसभा चुनाव महज एक साल दूर है इसलिए विपक्ष की बेसब्री बढ़ती जा रही है। कुछ विदेशी एजेंसियों की भारत विरोधी रिपोर्टों को हवा देकर भारत में भुखमरी या हालात खराब होने की बात को प्रचारित किया जा रहा है, विदेशी मीडिया में भारत विरोधी खबरें छपवाई जा रही हैं, विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें की जा रही हैं। यही नहीं, अब तो विपक्ष एक बार फिर ईवीएम के खिलाफ आवाज बुलंद करने जा रहा है। इस क्रम में शरद पवार के घर पर विपक्ष की बैठक में आगे की रणनीति बनी। देखा जाये तो देश में एक चलन-सा बनता जा रहा है कि चुनाव हार जाओ तो ईवीएम पर ठीकरा फोड़ दो जबकि जो भी दल ईवीएम पर सवाल उठाते हैं वह ईवीएम के जरिये ही चुनाव जीतते रहे हैं। विपक्ष को चाहिए कि अपनी नाकामियों के लिए वह देश के तंत्र को दोषी ठहराने की बजाय अपनी कमियों को ईमानदारी से ढूँढ़े और आगे बढ़े। कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष को यह भी समझना होगा कि सत्ता के लिए शॉर्टकट रास्ता सफलता नहीं दिलायेगा बल्कि सत्ता से और दूर ले जायेगा।

पाकिस्तान समर्थित इन खालिस्तान समूहों ने भारत के खिलाफ षड़यंत्र तेज कर दिया

खालिस्तान समर्थकों पर आक्रामकता जरूरी

- डॉ. अनिल कुमार निगम

खालिस्तानी समर्थक अपना खुद का झंडा हाथ में लिए हैं। वे राष्ट्रीय ध्वज लिए लोगों पर हमला कर तिरंगा का अपमान भी करते हैं। ध्यातत्व है कि पहले भी ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों का उत्पात देखने को मिल चुका है। ऑस्ट्रेलिया में एक पखवाड़े के अंदर तीन बार हिंदू मंदिरों पर हमला किया गया। खालिस्तानियों ने इन मंदिरों को निशाना बनाकर तोड़-फोड़ की और उनकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे। ऐसी घटनाएं भारत के लिए तो चिंताजनक हैं ही, आस्ट्रेलिया की सरकार के लिए भी एक चुनौती है जिसने कुछ दिन पहले खालिस्तानी तत्वों को काबू करने को लेकर एक अहम सुरक्षा बैठक की थी। ऑस्ट्रेलिया में काफी समय से खालिस्तानियों की गतिविधियों को समर्थन मिल रहा है।

सात समंदर पार खालिस्तान समर्थित समूहों की बढ़ती गतिविधियां भारत की एकता, अखंडता और शांति व्यवस्था के लिए संकट बनती जा रही हैं। अमेरिका, ब्रिटेन के बाद कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान समर्थित इन खालिस्तान समूहों ने भारत के खिलाफ षड़यंत्र तेज कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया में जिस तरीके से खालिस्तान समर्थकों ने भारतीयों पर हमला और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया, वह हर भारतीय की आन, बान और शान पर न केवल हमला है बल्कि यह भारत की अस्मिता पर आघात है। हालांकि दिल्ली में सिख फॉर जस्टिस रेफरेंडम-2020 और खालिस्तान के देश विरोधी स्लोगन लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान की है। लेकिन सुरसा की मुंह की तरह बढ़ रही इस समस्या के प्रति केंद्र सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक गंभीर और आक्रामक होने की आवश्यकता है।

विदित है कि ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है। खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न में राष्ट्रीय ध्वज लेकर जा रहे भारतीयों पर हमला करने का एक वीडियो सामने आ चुका है। खालिस्तानी समर्थक अपना खुद का झंडा हाथ में लिए हैं। वे राष्ट्रीय ध्वज लिए लोगों पर हमला कर तिरंगा का अपमान भी करते हैं। ध्यातत्व है कि पहले भी ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों का उत्पात देखने को मिल चुका है। ऑस्ट्रेलिया में एक पखवाड़े के अंदर तीन बार हिंदू मंदिरों पर हमला किया गया। खालिस्तानियों ने इन मंदिरों को निशाना बनाकर तोड़-फोड़ की और उनकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे। ऐसी घटनाएं भारत के लिए तो चिंताजनक हैं ही, आस्ट्रेलिया की सरकार के लिए भी एक चुनौती है जिसने कुछ दिन पहले खालिस्तानी तत्वों को काबू करने को लेकर एक अहम सुरक्षा बैठक की थी। ऑस्ट्रेलिया में काफी समय से खालिस्तानियों की गतिविधियों को समर्थन मिल रहा है।

सोशल मीडिया पर उनकी असामाजिक गतिविधियां जोरों पर चल रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि विवादित पोस्टर सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से प्रसारित हो रहे हैं। इस तरह के पोस्टर पर सतवंत सिंह और केहर सिंह की तस्वीरें लगी हैं। सतवंत सिंह वही सुरक्षा कर्मी था जिसने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की थी। केहर सिंह को उनकी हत्या की साजिश के आरोप में फांसी की सजा दी गई थी। कनाडा में भी भारत विरोधी गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय और कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने इन घटनाओं को कनाडा प्रशासन के सामने उठाया और उनसे इन अपराधों में उचित कार्रवाई की मांग की है।

हालांकि भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों को अब तक समुचित सजा नहीं मिली है। यही कारण है कि विदेश मंत्रालय ने भारतीयों के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की। इसमें कनाडा में रहने वाले भारतीयों को वहां बढ़ रही सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए चेताया गया। यही नहीं, अमेरिका में पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानी अलगाववादी समूहों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं जिस पर भारत ने भी चिंता व्यक्त की है। भारत के हिंदू नेताओं और बड़े राजनेताओं की टारगेट किलिंग की साजिश की खबरें भी आई हैं। खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस तरह की साजिश में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। ज्ञात हुआ है कि आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों और पंजाब से फरार होकर विदेश में बैठे अपराधी तत्वों के जरिए पंजाब में हिंदू नेताओं को मारने की साजिश रची है।

वास्तविकता तो यह है कि लगभग एक साल से खालिस्तान आंदोलन फिर से चर्चा में आ गया है। पंजाब ने आतंकवाद का अत्यंत डरावना और काला दौर देखा है। वर्ष 1980 और 90 के दशक में पंजाब का प्रशासन और आम जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया था। सुबह घर से निकला व्यक्ति शाम को घर वापस आएगा भी, इसकी कोई गारंटी नहीं होती थी। पंजाब केसरी अखबार के संपादक लाला जगत नारायण और उनके पुत्र रमेश समेत हजारों लोगों की हत्या कर दी गई थी। सरकार बहुत ही मशक्कत के बाद पंजाब को आतंकवाद से मुक्त करा सकी थी। दिल्ली में सिख फॉर जस्टिस रेफरेंडम 2020 और खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान की है। सुरक्षा एजेंसियों को इस बात की आशंका है कि दिल्ली से जिन संदिग्धों की पहचान हुई है वे सभी स्लीपर सेल हो सकते हैं।

इसी वर्ष जनवरी में दिल्ली के जनकपुरी, तिलक नगर, पश्चिम विहार समेत 12 स्थानों पर खालिस्तान के समर्थन में दीवारों पर लगाए पोस्टर विदेशी साजिश का हिस्सा हैं। पोस्टर लगाने के ही मामले में दिल्ली पुलिस ने हाल में ही एफआईआर दर्ज की थी और कुछ लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस जांच में यह पता चला है कि विदेश में बैठे गुरपंत सिंह पन्नू के इशारे पर दिल्ली में खालिस्तान की एंट्री हुई थी। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक दोनों को देश की राजधानी दिल्ली में देशविरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए फंडिंग की गई थी। वर्ष 2020-21 किसान आंदोलन के दौरान खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा विदेशी फंडिंग की बात पहले ही साबित हो चुकी है। पिछले एक वर्ष में खालिस्तान को समर्थन देने के मामले में विदेश की धरती पर जिस तरीके से साजिश रची जा रही है, वह अत्यंत गंभीर मामला है।

हालांकि भारत सरकार इसको लेकर आस्ट्रेलिया और कनाडा वार्ता कर रही है पर सरकार को इस मुद्दे को लेकर अधिक आक्रामक होने की आवश्यकता है। जी-20 के माध्यम और अमेरिका सहित यूरोपीय देशों के समक्ष पाकिस्तान को और अधिक एक्पोज करने की आवश्यकता है। भारत कनाडा और आस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों के साथ ऐसे समझौता करे कि वे अपनी धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किसी भी कीमत पर न होने दें। इसके अलावा भारत सरकार पंजाब सहित देश के युवाओं को अधिक से अधिक जागरूक करे कि वे देश की मुख्यधारा के साथ चलें और दिग्भ्रमित होने से बचें। इसी में उनका और देश हित निहित है।

जी-20 सतत जलवायु के लिए जल संरक्षण

पंकज कुमार
सचिव, जल संसाधन विभाग

भारत ने 1 दिसंबर, 2022 को इंडोनेशिया से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की। जी-20 नेतृत्व, देश को ग्लोबल वार्मिंग, भोजन और ऊर्जा की कमी, आतंकवाद, भू-राजनीतिक संघर्ष और डिजिटल अंतर को कम करने समेत विभिन्न आकस्मिक स्थितियों से मुकाबला करने के लिए दुनिया को ÷भारत के प्रयास तथा वर्तमान स्थिति÷ (इंडिया स्टोरी) को सामने रखने का अवसर प्रदान करता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत की जी-20 अध्यक्षता; पिछली 17 अध्यक्षता के कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के आधार पर आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस वर्ष की जी-20 थीम ÷एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य÷; भारत के ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ (विश्व एक परिवार है) के अंतर्निहित दर्शन को पूरी तरह से व्यक्त करती है। यह दर्शन भारत के जी-20 नेतृत्व का मार्गदर्शन करेगा। पहली जी-20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) की बैठक एक सकारात्मक परिणाम के साथ संपन्न हुई, जिसमें सभी जी-20 देशों ने भारत की अध्यक्षता के अंतर्गत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) द्वारा प्रस्तावित विषयों पर अपना समर्थन व्यक्त किया। निम्न उर्वरता भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने, समुद्र-तटीय क्षेत्रों में नीली अर्थव्यवस्था के जरिये सतत विकास को बढ़ावा देने, जैव विविधता को बढ़ाने, जंगल की आग और समुद्री कचरे को रोकने, चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने आदि विषयों पर हुई गहन चर्चा ने दूसरे शिखर सम्मेलन में अधिक सकारात्मक व दृष्टिगत विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार किया है।

जल संसाधन प्रबंधन के सर्वोत्तम तौर-तरीके अपनी जी-20 की अध्यक्षता के कार्यकाल के दौरान, भारत जलवायु परिवर्तन और जल संकट की चुनौतियों से जुड़े प्रभाव को कम करने के लिए एक एकीकृत, व्यापक और सर्वसम्मति पर आधारित दृष्टिकोण के प्रति आशान्वित है। जल संरक्षण, वास्तव में, भारतीय पहचान और सांस्कृतिक इतिहास का अभिन्न अंग है और वर्तमान समय में यह और अधिक प्रासंगिक हो गया है। पानी की ÷बचत÷ करना, केवल जल संरक्षण से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हम सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, चाहे समय और स्थान कोई भी हो।भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। जल जीवन मिशन कार्यक्रम का लक्ष्य, 2024 तक 193 मिलियन से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से पेयजल आपूर्ति की सुविधा प्रदान करना है। हमारे महत्वाकांक्षी नमामि गंगे मिशन ने नदी के कायाकल्प, प्रदूषण में कमी, पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण और नदी बेसिन प्रबंधन के समग्र दृष्टिकोण आदि के सन्दर्भ में मूलभूत बदलाव किये हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने इसे प्राकृतिक जगत को पुनर्जीवित करने के लिए विश्व के शीर्ष 10 कायाकल्प कार्यक्रमों (रेस्टोरेशन फ़्लैगशिप) में से एक के रूप में मान्यता दी है।अति महत्वपूर्ण जल भंडारण अवसंरचना को जलवायु अनुकूल बनाने के लिए भारत, दुनिया के सबसे बड़े बांध पुनर्वास कार्यक्रम का भी कार्यान्वयन कर रहा है।इसके अलावा, मांग और आपूर्ति पक्ष से जुड़े कार्यक्रमों के संयोजन के माध्यम से भूजल संसाधनों के दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए, अटल भूजल योजना लागू की जा रही है। यह योजना समुदाय के नेतृत्व में, ग्राम पंचायत-वार जल सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से वर्तमान में चल रही/नई योजनाओं के संयोजन के जरिये कार्यान्वित की जा रही है। इन प्रयासों और कई अन्य योजनाओं के साथ, भारत वर्ष 2047 तक जल सुरक्षित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ रहा है। इस परिदृश्य में, हम दूसरी जी-20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) बैठक की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं। यह बैठक जल संरक्षण और सतत तथा समानता आधारित जल संसाधनों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करेगी।हमें उम्मीद है कि जल संसाधन प्रबंधन पर वैश्विक सर्वोत्तम तौर-तरीकों और अभिनव विचारों पर चर्चा करने के लिए बैठक में विभिन्न जी-20 देशों के साथ-साथ अंतर्राष्टीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। मुझे विश्वास है कि राष्टीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नदी कायाकल्प; जलवायु-अनुकूल अवसंरचना; भूजल प्रबंधन; स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के माध्यम से स्वच्छता तथा स्वच्छ पेयजल तक सार्वभौमिक पहुंच के लिए रणनीति आदि विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए होने वाली चर्चाओं से भाग लेने वाले देशों को एक दूसरे से सीखने और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में तेजी लाने में मदद मिलेगी।इतिहास और विरासत गुजरात के पर्याय हैं। गौरवशाली गुजरात में कई प्राचीन शहरों के अवशेषों, महलों, किलों और मकबरे मौजूद हैं, जो राजवंशों के भव्य स्वर्ण युग को दर्शाते हैं। रानी की वाव और अडालज वाव की बावड़ी; प्राचीन जल प्रबंधन प्रथाओं को प्रदर्शित करती हैं तथा ये जल संसाधन संरक्षण के लिए भारत की दीर्घकालिक परंपरा की द्योतक हैं। गुजरात, पुराने और नए पारंपरिक जल ज्ञान तथा जल अवसंरचना निर्माण में उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीकों के मिश्रण के साथ, 20 देशों को एक मूल्यवान मंच प्रदान करेगा, ताकि प्रत्येक देश का सर्वश्रेष्ठ सामने आ सके और प्रत्येक देश से सीखने का अवसर मिल सके।

देश दुनीया से

भारत ने दिखाया भ्रष्टाचार कम करने का रास्ता

दुनिया भर की सरकारों के लिए भ्रष्टाचार व्यापक मुद्दा रहा है। यह ऐसा मसला है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था से अरबों डॉलर निकल जाते हैं। इससे आर्थिक विकास की दर में कमी आती है। लोगों का प्रशासन पर भरोसा घटता है, गरीबी भी बढ़ती है। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए वैश्विक स्तर पर कई पहल हुई हैं। कई राष्ट्राध्यक्षों ने इसे खत्म करने के वादे भी किए। फिर भी यह समस्या बढ़ती ही जा रही है, लेकिन इधर एक उम्मीद जगी है। एक नई रिसर्च से इसे कम करने का सस्ता उपाय सामने आया है। अगर इसे अपनाया जाए तो कोई देश करोड़ों या अरबों डॉलर की बचत कर सकता है। इसमें कोई शक नहीं कि भ्रष्टाचार मुश्किल चुनौती है। एक तरफ तो जो अधिकारी रिश्वत लेता है, उसकी आमदनी बढ़ती है। दूसरी तरफ, जो रिश्वत देता है, उसका काम तेजी से होता है या उसे बेहतर सेवा मिलती है। दुनिया भर के नेताओं ने 2016 से 2030 के बीच सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स (SDGs) के तहत भ्रष्टाचार में अच्छी-खासी कमी लाने का वादा किया है। इन लक्ष्यों के तहत जो पहल की गई हैं, उसे कई देशों ने मंजूर भी किया है। अफसोस की बात यह है कि भ्रष्टाचार कम करने के वादे ये नेता पूरे नहीं कर रहे हैं। ट्रांसपेरेंसी इंटरनैशनल के करप्शन परसेप्शन इंडेक्स से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर पिछले 10 वर्षों में इस मामले में जरा भी प्रगति नहीं हुई है। यह इंडेक्स 2012 में बना था। तब दुनिया में जितना भ्रष्टाचार था, उतना ही 2021 में भी रहा। अगर यही हाल रहा तो 2030 तक या आगे आने वाले किसी भी वक्त में भ्रष्टाचार खत्म नहीं होगा। लोग इससे अनजान नहीं हैं कि भ्रष्टाचार कई रूपों में सामने आता है। इनमें से एक तब होता है, जब सरकार कोई चीज खरीदती है। दुनिया भर में सरकारें 11 लाख करोड़ डॉलर की खरीदारी करती हैं, जो वैश्विक GDP का 12 फीसदी बैठता है। हैरानी की बात यह है कि जहां दुनिया की 50 फीसदी कम समृद्ध आबादी रहती है, उन देशों में सरकारों के कुल खर्च का 50 फीसदी हिस्सा इसी मद में जाता है। सरकार की ओर से खरीद प्रक्रिया को बेहतर बनाने और भ्रष्टाचार कम करने के लिए इंटरनेट की मदद लेनी चाहिए। अगर इस पूरी व्यवस्था को ऑनलाइन कर दिया जाए तो पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार में कमी आएगी। जब खरीदारी की प्रक्रिया ऑनलाइन होती है तो इसके बारे में अधिक कंपनियों को पता चलता है। लिहाजा सरकार को अधिक बोलियां मिलती हैं और अधिक पैसा बर्बाद नहीं होता। इसे भारत के तजुर्बे से समझा जा सकता है। यहां 2016 में सरकार ने ई-मार्केट प्लेस (GeM) की शुरुआत की। इस ऑनलाइन प्लैटफॉर्म को इसलिए लाया गया ताकि इसके जरिये सरकार और पब्लिक सेक्टर की कंपनियां जरूरी वस्तुओं और सेवाओं की खरीदारी कर सकें। GeM का इरादा पारदर्शिता बढ़ाना और सरकारी खरीद प्रक्रिया को समावेशी बनाना है। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि 1 फरवरी 2023 तक वित्त वर्ष 2023 में GeM पर हुआ लेन-देन (ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू) 1.5 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया था, जो कमाल की बात है। वहीं, अगर लॉन्च के बाद से देखें तो इस प्लैटफॉर्म पर हुआ लेन-देन 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। इस मंच के जरिये 13 करोड़ से अधिक सौदे हुए हैं, जिनमें 66 हजार सरकारी संस्थानों ने खरीदारी की है और 58 लाख विक्रेताओं और सेवाएं देने वाली कंपनियों की भागीदारी रही है। GeM पर 11,000 तरह की चीजों की कैटिगरी है, जिनमें 29 लाख वस्तुएं शामिल हैं। सेवाओं के मामले में यह संख्या 270 है, जिनके जरिये 2.5 लाख सेवाएं दी जाती हैं। भारत की इस शानदार कामयाबी के बावजूद 40 फीसदी निम्न और निम्न-मध्यमवर्गीय देशों में सरकारी खरीदारी की प्रक्रिया को ऑनलाइन नहीं किया गया है। शोधकर्ताओं ने अलग-अलग दर्जे के देशों में 11 सरकारी ऑनलाइन खरीदारी पहल पर आने वाले खर्च और उसके फायदों का पता लगाया।

एक नई रिसर्च से इसे कम करने का सस्ता उपाय सामने आया है। अगर इसे अपनाया जाए तो कोई देश करोड़ों या अरबों डॉलर की बचत कर सकता है। इसमें कोई शक नहीं कि भ्रष्टाचार मुश्किल चुनौती है। एक तरफ तो जो अधिकारी रिश्वत लेता है, उसकी आमदनी बढ़ती है। दूसरी तरफ, जो रिश्वत देता है, उसका काम तेजी से होता है या उसे बेहतर सेवा मिलती है। दुनिया भर के नेताओं ने 2016 से 2030 के बीच सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्सके तहत भ्रष्टाचार में अच्छी-खासी कमी लाने का वादा किया है।

नागरिक बोध

अंधविश्वासी सत्य की सीमा से निकलकर असत्य के क्षेत्र में चला जाता है

भारत की जनता ने अनेकों अंधविश्वास पाल रखे है।अंधविश्वास के कारण बनते बनते काम बिगड़ जाते है।मनुष्य इच्छाओं का दास बन गया है। उसकी इच्छाए, कामनाएं, वासनाएं उस पर इतनी अधिक हावी हो गई है कि उनकी पूर्ति के लिए समय, श्रम एवं धन का अपव्यय करने लगा है। इन अंधविश्वासों के चलते देश और समाज का भी भला नही हो सकता है। अंधविश्वास से देश के विकास में व्यक्ति समय, धन और अपनी बुद्धिचातुर्य का योगदान नही कर सकता है।टोन टोटके में उलझकर समय नष्ठ कर देता है। अंधविश्वासों से दूर रहना चाहिए। जब जब समाज का आध्यात्मिक चिंतन कमजोर होता है, तब तब अंधविश्वासो को बल मिलता है। लोग सत्य का पथ भूलकर अंधविश्वास के गहरे गर्त में गिरते चले जाते है। उन्हें धर्माधर्म का बोध नही रह पाता। जिनका मन मजबूत होता है, संकल्पवान है, वह दुविधा की स्थिति में नही रहते है।जो संदेह करते है, वे ही इधर उधर भटकते हुए अपना जीवन नष्ट कर देते है।अंधविश्वास की धूल समाप्त कर जीवन को खुशियों से भरना चाहिए। आज का युग विज्ञान का युग है आज विज्ञान तो हर बात को ज्ञान की कसौटी पर कसकर अपना निर्णय देता है। तब टोने टोटके में अपना जीवन और समय बर्बाद करने की जरूरत नही है। विज्ञान भी अंधविश्वासों को मूर्खतापूर्ण कार्य मानता है। अंधविश्वास को छोड़कर श्रद्धा को डगमगाने नही दे। जब जब हमारी श्रद्धा डगमगाई है, तब तब जीवन मे अनेक प्रकार की विकृतियों में पड़ाव डाला है और मानव का जीवन पूर्णरूप से संकटग्रस्त हो गया है। पढ़े लिखे लोगों की बजाय अनपढ़ लोगो को अंधविश्वास ने बड़ी मजबूती से कस रखा है।कुत्ता कान फड़फड़ाये तो लोग अप शुकन समझ लेते है। बिल्ली रास्ता काट जाये तो लोग अपनी यात्रा स्थगित कर देते है। अंधविश्वास के कारण धर्म का स्वरूप विकृत हो गया है। महर्षि दयानंद सरस्वती अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा है-अज्ञानी लोग सन्निपात, ज्वरादि और उन्मादादि मानसिक रोगों का नाम भूत प्रेतादि रखते है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

सीसीएलकर्मी संजय महतो ब्लाईंड मर्डर केश का टंडवा पुलिस ने किया खुलासा, प्रेमिका समेत तीन गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा/चतरा : जिले के टंडवा स्थित कोयलांचल इलाके में घटित चर्चित सीसीएलकर्मी संजय महतो ब्लाईंड मर्डर केस का 72 घंटो के भीतर पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। घटना के बाद एसपी राकेश रंजन के द्वारा मामले के उद्भेदन को लेकर टंडवा एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित एसआईटी की टीम ने प्रोफेशनल तरीके से कार्रवाई करते हुए घटना के मुख्य आरोपी मृतक की प्रेमिका पूर्णिमा देवी समेत तीन हत्यारों को धर दबोचा है। साथ नहीं टीम ने हत्याकांड मे प्रयुक्त तीन मोबाईल फोन भी जब्त कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह ने बताया कि मामले के जांच के दौरान यह बात सामने आया कि मृतक सीसीएल कर्मी संजय महतो का गांव के ही कुछ लोगो के साथ पुराना विवाद था जिसको लेकर उसकी प्रेमिका पुर्णिमा देवी के साथ मिलकर हत्या की घिनौनी साजिश रची थी और फिर मृतक की प्रेमिका से फोन कर मृतक संजय महतो को उसके घर बुलवाया जिसके बाद 10-15 लोगो ने मिलकर उसका अपहरण कर हत्या की घटना को अंजाम दिया। गौरतलब है कि बीते गुरूवार की देर शाम 7 बजे सीसीएलकर्मी संजय यादव अपने घर ग्राम होन्हे से संदेहास्पद रूप से लापता हुआ था। जिसके बाद टंडवा थाना क्षेत्र के शिवपुर-टोरी रेल लाईन स्थित गोड़वार-डेढ़गड़हा गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध अवस्था मे मृतक का शव बरामद किया गया था। इस ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस ने टेक्नीकल टीम और डॉग स्क्रायड टीम का सहारा लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रोफेशनल तरीके से डॉग स्क्रायड, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट के साथ-साथ तकनीकी शाखा के सहयोग से घटनास्थल का डिटेल लिया था। जिसके बाद टंडवा एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित स्पेशल एसआईटी की टीम ने मामले की हर पहलुओं की जांच करते हुए हत्या कांड का उद्भेदन किया है। इस दौरान पुलिस ने सीसीएल कर्मी संजय महतो के हत्या में शामिल उसकी प्रेमिका पूर्णिमा देवी के साथ दो अन्य अपराधियों प्रदीप गंझू और रोहन यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों अपराधी मृतक के ही गांव के रहने वाले हैं।

महुआडांड़ में हाथी का तांडव जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ : प्रखंड अंतर्गत रविवार को रात्रि में बोड़ा कोना के समीप हाथी ने रात्रि में एक घर को ध्वस्त कर दिया। उस समय रात्रि में उस घर पर कोई नहीं था हालांकि घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। वन विभाग की टीम हाथी को भगाने में लगे हुए हैं रात रात जागकर कर रहे हैं हाथी को भगाने का प्रयास। हाथी का तांडव इन दिनों काफी बढ़ गया है। इसके डर से आसपास के ग्रामीणों ने दूसरे घर में रह रहे है। आसपास के ग्रामीणों को मोबिल एवं पटाखों की वितरण की जा रही है। वन विभाग वनपाल अजय टोप्पो ने बताया कि जिनके घर छतिग्रस्त हो रहे हैं उनका आवेदन मिलने के बाद मुआवजा की भुगतान किया जा रहा है। जंगल जाने से बचे, सुरक्षित रहें। किन्हीं के घर हाथी तोड़ता है तो वन विभाग को सूचित करें।

चतरा जिला मुख्यालय में नीलाम्बर पीताम्बर का शहादत दिवस 28 मार्च को

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): खरवार भोगता समाज विकास संघ की चतरा जिला समिति के तत्वावधान में 28 मार्च को वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर शाही भोगता का शहादत दिवस मनाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला समिति के सचिव विजय कुमार भोगता ने बताया कि शहादत दिवस कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री रामेश्वर उरांव है। कार्यक्रम के उदघाटन कर्ता राज्यसभा सांसद धीरज साहू है। वही विशिष्ट अतिथि में पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता, भोगता समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में चतरा जिला के विभिन्न प्रखंड के भोगता समाज के लोग अपनी परम्परिक वेश भूषा में शामिल होंगे।

सिंघानी मुस्लिम टोला में रामनवमी व रमजान को सौहार्द पूर्वक मानने को लेकर की गयी बैठक

पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र सिंघानी मुस्लिम टोला में बैठक बैठक की गयी जिसका नेतृत्व भाजपा नेता मौलाना महफूज रहमान ने किया। यह बैठक रामनामी तथा रमजान को देखते हुए रखा गया जो किसी तरह से आपसी मेलजोल ना बिगड़े। इस बैठक में दोनो समुदायो ने भाग लिया जिसमे मुस्लिम मोहला रास्ते में बह रहे पानी को रामनवमी , एवं छठ पूजा को लेकर चार दिनों के लिए रोकने को ले कर चर्चा हुवा और किसी तरह से विवाद न हो इसके लिए भी हिंदू भाइयों से निवेदन किया की रामनवमी जैसे पावन त्यौहार में शराब पी कर लोग झाकी में भाग ना ले इस तरह से दोनो पक्षों ने अपना अपना बात रखा साथ में थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने सभी ग्रामीण वासियों से निवेदन तथा हुड़दंगियों को हिदायत किया की किसी तरह से हुड़दंगियों से बचे जिससे आपसी मेलजोल बना रहे। इस बैठक में मौलाना मुस्ताक, मो .इसराइल, गफूर मियां, मौलाना अनवर, कामेश्वर दांगी, चंद्रशेखर दांगी, रामचंद्र रजक, संजय दांगी, वार्ड समिति राजेश दांगी पूर्व वार्ड डोमन राणा, प्रकाश केशरी, रोहन रजक, उपस्थित थे।

अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया.स्वास्थ्य मेला ओपीडी सहित 310 मरीजों की जांच कर,आवश्यक परामर्श व दवा उपलब्ध कराया गया। प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उदघाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ ने सयुक्त रूप से फीता काट कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न रोगों से संबंधित अलग-अलग स्टाल लगाया गया था.जिसमे परिवार नियोजन, आयुष, मातृत्व, शिशु, पोषण, कोविड, नियमित टीकाकरण, कैंसर जागरूकता, मलेरिया, आयुष्मान भारत,एनसीडी कार्यक्रम, एचआईवी नियंत्रण सहित अन्य स्टाल लगाए गये थे.इस अवसर पर लोगो को संबोधित करते हुए अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य लोगो के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ साथ जानलेवा विमारियों के प्रति लोगो को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि लोगो को कैंसर, क्षय रोग,कोविड जैसे बीमारियों के प्रति जागरूक करना है. प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी व प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने उपस्थित लोगों से सरकार द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाने की अपील किया। स्वास्थ्य मेला में आयुष चिकित्सक डॉ कैसर आलम, डॉ रामानुज प्रसाद, सीएचओ सोनम कुमारी, अस्पताल लेखापाल करुणा कुमारी, कार्यालय सहायक राजेश कुमार, अशफाक अहमद, रियाज अंसारी, मनोज पाठक, बिपेश कुमार तमांग, एएनएम ममता कुमारी, नीलम लता, संचारिया तिग्गा, गरिमा कुमारी सहित बड़ी संख्या में अस्पताल कर्मी व ग्रामीण ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

नागरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रखंड स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार को नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1955 के तहत प्रखंड स्तरीय सेमिनार का आयोजन बीडीओ नीतू सिंह की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें प्रमुख रोहन साव, बीडीओ नीतू सिंह, जिप सदस्य देवनन्दन साहू, उपप्रमुख दामोदर गोप मुख्य रूप से शामिल थे। यह सेमिनार का आयोजन कल्याण विभाग चतरा द्वारा आयोजित किया गया। बीडीओ ने कहा कि जिला कल्याण के अंतर्गत दस योजनाएं ग्रामीणों के लिए संचालित की जा रही है। जिसमें विभाग द्वारा विद्यालय छात्रवृति प्री मैट्रिक, प्रवेशिकोतर छात्रवृति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहयता योजना, बिरसा आवास, कब्रिस्तान, सरना, मसना घेराबंदी, धुमकुड़िया भवन निर्माण, संचालित आवासीय विद्यालय, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण और वन पट्टा शामिल है।सेमिनार में बीडीओ द्वारा उक्त योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगो को विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, मुखिया शकुंतला देवी, अनिता देवी, नितेश कुमार सिंह पुरन राम, मनोरंजन सिंह, नरेश साव,चंदा देवी, पंसस परमेश्वर यादव, उपमुखिया जीवन सिंह, कृष्णा साव, गोपाल महतो, राजेश कुमार, मो काशिफ, रफीक अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

इटखोरी से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यालय के बच्चों का किया जांच

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत में स्थित गांगपुर में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोमवार 27 मार्च को इटखोरी से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों का हेल्थ संबंधी जांच किया। जिसमें बच्चे बच्चों की लंबाई स्वास्थ्य की त्रुटियां एवं कइ जानकारी बच्चों से स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने प्राप्त किया। एवं सभी कुछ सकुशल पाया गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्ष क् धर्मेंद्र कुमार, पूनम कुमारी सिंह,पंकज कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

बाबा चौहरमल व दिवंगत केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की प्रतिमा का चिराग करेंगें अनावरण : संदीप

हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता): एनएच 98 किनारे भगत तेंदुआ ग्राम में शिरोमणि वीर बाबा चौहरमल और दिवंगत केन्द्रीय मंत्री लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवान के आदमकद प्रतिमा का मई माह में कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि एलजीपी (रामविलास) के सुप्रीमों चिराग पासवान के द्वारा किया जाएगा। इसकी जानकारी वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि आगामी मई महीने में अनावरण के लिए एलजीपी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चिराग पासवान के पटना स्थित आवास पर उनसे मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण दिया गया। उन्होंने अनावरण कार्यक्रम में भाग लेने का आमंत्रण को स्वीकार करते हुए एक सप्ताह में तिथि निर्धारित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही हरिहरगंज के भगत तेंदुआ ग्राम स्थित अनावरण स्थल पर बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर तैयारी शुरु कर दी गई जायेगी। मौके पर चिराग पासवान से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में गढ़वा वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष चंदन पासवान, पलामू जिला के पूर्व जिला परिषद सह वर्तमान जिला परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि नंद कुमार पासवान, महासचिव गढ़वा रामचंद्र पासवान के साथ ही विजय पासवान आदि मौजूद थे।

7 वर्षीय रंजू कुमारी के रीढ़ का समुचित ईलाज दिल्ली एम्स में होगा : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम काशियाडीह निवासी फागुन महतो के 7 वर्षीय पुत्री रंजू कुमारी के रीढ़ की हड्डी टेढ़ी हो गई है। चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह से रांची आवास पर मिलकर टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने बच्ची रंजू के ईलाज में मदद का आग्रह किया। सांसद सुनील सिंह इस बच्ची के ईलाज को गंभीरता से लेते हुए कहा कि रंजू कुमारी के रीढ़ का समुचित ईलाज दिल्ली एम्स में किया जाएगा साथ ही रंजू के ईलाज में प्रधानमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद का भी प्रयास किया जाएगा। मौके पर काशियाडीह पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी, पिता फागुन महतो, बिनोद महतो मौजूद थे। बताते चलें कि बच्ची के पिता फागुन महतो राज मिस्त्री का काम करते हैं। फागुन महतो ने कहा कि हमारी आर्थिक स्थिति कमजोर है जिसके कारण बच्ची का सही रुप से समुचित ईलाज नहीं करवा पा रहा हूं, सांसद से मिलकर संतुष्ट हूं, अब मेरी बच्ची का सही ईलाज दिल्ली एम्स में हो पाएगा।

डूबते सूरज को अर्घ्य दें सूर्य नारायण की श्रद्धालुओं ने किया पूजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड पंचायत के अंतर्गत स्थित रामसागर में 27 मार्च सोमवार संध्या डूबते सूर्य भास्कर को अर्घ्य दें श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना किया। चैती छठ का चार दिवसीय महापर्व नहाय-खाय के साथ सूर्योपासना करते हुए पहले दिन का अर्थ का कार्यक्रम समापन हुआ। चार दिनों के इस लोक आस्था का महापर्व को विधि-विधान के साथ भव्य तरीके से भगवान भास्कर की आराधना श्रद्धालु करते हैं। और सोमवार को पहला अर्घ्य व मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चैती छठ महापर्व का पारण किया जाएगा।इसके बाद आटे का बना ठेकुआं का प्रसाद एवं ऋतु के अनुसार सभी फल प्रसाद के रूप में वर्ती स्वयं भी उसे ग्रहण करेंगे तथा दूसरों के बीच वितरण करेंगे। और चैती छठ पूजा काफी नेम निष्ठा के साथ मनाते हुए पूजा विसर्जन हो जाएगी।

श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : चैत मास में होने वाले चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को छठ व्रतियों ने दिन भर का उपवास रखते हुए शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देकर खरना अनुष्ठान संपन्न किया। वही सोमवार को विभिन्न छठ घाटों में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध दिया गया वही मंगलवार को छठ व्रतियों द्वारा उगते सूर्य को अर्घ्य दे कर लोक आस्था के छठ महापर्व की पूर्णाहुति की जाएगी। इससे पूर्व छठ व्रतियों ने रविवार को नदी तालाब में स्नान के पश्चात संध्याकाल में खरना के लिए खीर का प्रसाद तैयार किया। वही पूरे विधि विधान के साथ अनुष्ठान करते हुए खीर का प्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। आस्था अनुसार खरना के प्रसाद का बहुत महत्व है इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ व्रतियों के घर पहुंचकर खरना का प्रसाद ग्रहण करते हुए पुण्य लाभ लेते हैं। सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देने से पूर्व व्रतियों द्वारा छठ महापर्व पर चढ़ाए जाने वाले ठेकुवा का प्रसाद बनाया गया वही शाम को अस्त होते सूर्य को अर्ध्य अर्पित की गई।

दो थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर व अफीम के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार, जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : लावालौंग और गिद्धौर पुलिस ने 20 ग्राम ब्राउन शुगर और 2 किलो अर्धठोस अफीम के साथ 5 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया की पुलिस अधीक्षक चतरा सूचना प्राप्त मिली थी कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में लोग अफीम की तस्करी हेतु आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार दो अलग-अलग टीम का गठन किया गया। जिसमें गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर पत्थलगड़ा रोड से विक्रम कुमार मेहता पिता चन्दर प्रसाद मेहता ग्राम जिरहू थाना पदमा, अमित कुमार मेहता पिता दुलारचंद मेहता ग्राम बरका खुर्द थाना इचाक जिला हजारीबाग, प्रदीप यादव पिता दिनेश्वर यादव ग्राम रोहमर थाना गिद्धौर चतरा का रहने वाला है। जिन तीनों अपराधियों से तीन अलग अलग प्लास्टिक में पैक 20 ग्राम शुगर, एक बिना नंबर का मोटरसाइकिल , नगद 9550 रुपए, एक इलेट्रॉनिक माप तौल मशीन, तीन मोबाइल के साथ जरूरियात कागजात शामिल है।दूसरी ओर लावालौंग थाना क्षेत्र से दो किलो अफीम के साथ जुगेश कुमार गंझू पिता गनौरी गंझू ग्राम बंदारू,फागुन गंझू पिता कुशन गंझू ग्राम बंदारू दोनो थाना लावालौंग जिला चतरा का रहने वाला है।जिनके पास से अर्ध ठोस दो किलो अफीम, एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। छापेमारी टीम में शामिल लावालोंग से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार प्रियदर्शी, थाना प्रभारी बमबम कुमार एसआई रोहित साव एवं सशस्त्र बल वहीं गिद्धौर से अंचला अधिकारी जयशंकर पाठक थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल आरक्षी पंकज कुमार और बबलू अंसारी शामिल है। गिरफ्तार पांचों तस्करों को एनडीपीएस के तहत चतरा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें कि एक सप्ताह के अंदर 50 किलो अफीम जिले के अलग अलग थाने से बरामद किया गया है। वहीं दर्जनों तस्कर जेल के सलाखों के पीछे भेजा गया है। फिर भी प्रतापुर, कुन्दा, लावालौंग ,कन्हाचट्टी थाना क्षेत्र से लगातार अफीम का तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आखिर क्यों जबकि सभी थाना क्षेत्र में पोस्ते की खेती को पुलिस द्वारा विनिस्टिकरन किया जा चुका था। फिर भी इतना बड़ा बड़ा अफीम का खेप बरामद किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मेला का आयोजन को लेकर किया गया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदग्गा : प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन को लेकर चिकित्सा प्रभारी की अध्यक्षता में प्रखंड पदादिकारी व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक किया गया। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य। बैठक कर प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर दिव्या निशि ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में सभी तरह की बीमारीयों का निशुल्क उपचार कर दवा दीया जायेगा। तथा बीमारी की जानकारी लेकर रोगियों को समाधान के लिये उपाय बतलाया जाएगा। इसमे 40 वर्ष से ऊपर के लोगो का मोतिया विन्द जांच कर चस्मा भी दिया जाएगा। साथ ही कहा कि मेला में प्रखंड क्षेत्र के हर उम्र के लोग आकर अपना विमारी का इलाज करा कर निशुल्क दवा ले सकते हैं। तथा बीमारी से सम्बंधित इलाज के लिये परामर्श ले सकते हैं। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से पूरे प्रखंड को रोग मुक्त बनाना है। वही स्वास्थ्य मेला को लेकर जागरूकता चलाया जा रहा है। मौके पर प्रमुख फूलझरी उराँव, सत्यकाम श्रीवास्त, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, बाल विकास पदाधिकारी के अलावे सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

31 मार्च को भरत मिलाप शोभायात्रा के निमित तैयारी पूरी, 4 जिले से अखाड़े झाकियां लेंगे भाग

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत रामनवमी के अवसर पर 31 मार्च दशमी तिथि को भव्य होगा भरत-मिलाप शोभायात्रा का आयोजन। उक्त संबंध मे कैरो महाबीर मंडल कैरो सलाहकार समिति के विशेश्वर प्रसाद दीन ने बताया की पुर्व के वर्ष के भांति ही श्री रामनवमी पुजा के अवसर पर दशमी तिथि 31 मार्च को भव्य भरत-मिलाप शोभायात्रा कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस निमित्त 04 जिले लोहरदगा,गुमला,राँची,व कुछ भाग लातेहार जिले के प्रमुख आखाडो, आकर्षक झाँकियो को आमंत्रित किया गया है। वही इस अवसर पर कैरो महाबीर मंडल कि और से मेला तांड़ स्थित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम भक्त हनुमान जी की मूर्ति को बंगाल के कारीगर मधु सूत्रधर एवं जादव सूत्रधर के द्वारा आकर्षक रुप से सजाया संवारा जा रहा है,वही मेला स्थल से आसपास की दूरी पर सड़को के उपर दोनो साईड झंडा व भगवा पताका से कैरो मुख्य चौक को सजाया संवारा भी गया है। वही वर्ष प्रतिपदा से प्रतिदिन लगातार दुर्गा बाडी मे नवाह्न परायण आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी के द्वारा करके कैरो का वातावरण भक्तिमय हो गया है।

प्रभात मंत्र
रांची, मंगलवार, 28 मार्च 2023

संक्षिप्त खबरें

बाल बाल बची बोर्ड एग्जामनर छात्रा खुशी कुमारी

पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): बाल बाल बची बोर्ड एग्जामनर छात्रा 14 वर्षीय खुशी कुमारी। बताते चलें कि किरिगढा निवासी सुजीत कुमार सिंह की पुत्री खुशी कुमारी बोर्ड का एग्जाम देने अपने चचेरे भाई दीपक कुमार सिंह के साथ घुटवा जा रही थी। लेकिन ब्लॉक मोड़ के पास विपरीत दिशा में आ रही अल्टो कार से टक्कर हो गई टक्कर होने के बाद खुशी कुमारी और दीपक कुमार सिंह मूर्छित होकर जमीन में गिर पड़े तथा लोगों की मदद से आनन-फानन में खुशी कुमारी एवं दीपक कुमार सिंह को साई नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने खुशी कुमारी और दीपक कुमार सिंह का प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद खुशी कुमारी को होस आते ही कहने लगी कि मुझे बोर्ड एग्जाम देने जाना है। डॉक्टरों ने इलाज के बाद स्थिति को देखते हुए उसे बोर्ड एग्जाम देने के लिए भेज दिया और शाम को दोबारा इलाज करने के लिए बुलाया।इधर दीपक कुमार का इलाज चलते ही रहा। दुर्घटना होने के बाद दुर्घटना स्थल पर सैकड़ों लोग जमा हो गए हैं और कहने लगे कि हाई स्कूल पतरातु से लेकर ब्लॉक चौक तक आए दिन दुर्घटनाएं होने संभावना बनी रहती है। खास करके तब जब एसएस हाई स्कूल में छुट्टी होती है। उस समय सैकड़ों छात्रों के आवागमन से दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं ज्यादा बढ़ जाती है और आए दिन किसी ने किसी के साथ दुर्घटनाएं होती ही रहती है। तथा उपस्थित लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से हाई स्कूल एवं ब्लॉक चौक के पास एक एक ठोकर देने की मांग की जिससे की दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं कम हो।

बीडीओ की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारूकुदर +2उच्च विधालय मे रामनवमी की हुई शांति समिति की बैठक की गई । शांति समिति की बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी की अध्यक्षता ने की तथा संचालन जेपीएस ने किया । बैठक मे नौ आखाडे के लाईसेंस धारी और समिति के अध्यक्ष के साथ अब्दूल सफाज,फिरोज अंसारी,लालो महतो,चन्द्रनाथ महतो,शिवचरण महतो,डुमरचंद महतो,गुलाब राम,टेकलाल महतो,दौलत कुमार,गांगो महतो, मौलाना शलीम जाकिर हुसैन,ने एकमत से निर्णय लेते हुए सरकारी निर्देशानुसार जुलूस मे डीजे पर पूर्ण बंदी की सहमति जताई । शराब पर पाबंदी के लिए प्रशासन के निर्देश का पालन होगा। मुखिया उत्तम महतो ने कहा कि रामनवमी का त्योहार पूरी परम्परा के साथ ढोल नगाड़ों की धुन पर पूरे हर्षोल्लास के मनाया जायेगा ।

हजारीबाग के आलोक को हरियाणा के राज्यपाल आज करेंगे सम्मानित

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): खिरगांव पाण्डेय मोहल्ला निवासी आलोक नाथ पाण्डेय को 28 मार्च को हरियाणा राजभवन में सम्मानित किया जाएगा। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा ने चंडीगढ़ स्थित राजभवन में यह कार्यक्रम राष्ट्रपति अवॉर्डी को सम्मानित करने के लिए रखा है। इस सम्मान में नगद इनाम, मैरिट सर्टिफिकेट एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए जायेंगे। सम्मान समारोह गत वर्षों में राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाने वाले एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए आयोजित किया गया है। आलोक को 24 सितंबर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रपति पुरस्कार(2019-20) से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर आलोक के माता पिता आह्लादित हो कहा कि हम सभी को राष्ट्र व समाज के प्रति अपना कर्तव्य निर्वहन करना चाहिए। इस गौरवशाली उपलब्धी पर खिरगांव में खुशी की लहर है। आपको बता दे की आलोक ने अपनी शिक्षा पहले हजारीबाग के जैक एंड जिल स्कूल, बाल विद्या मंदिर, संत जेवियर्स स्कूल व संत कोलंबस कॉलेज से की है। एमसीए करने हेतु उन्होंने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिला लिया था जिस दौरान एनएसएस ज्वाइन की और निरंतर कार्य करने के फल स्वरूप राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया। आलोक ने हजारीबाग में अपने दोस्तो के संग मिलकर एक टीम खुशी नामक संस्था का गठन भी किया है जो निरंतर हजारीबाग में सामाजिक कार्य करते हुए देखी जा सकती है।

जिप सदस्या ने प्रखंड क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मर को बदलने हेतु मुख्य अभियंता को लिखी पत्र

बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जिला परिषद भाग 07 के जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया ने प्रखंड क्षेत्र में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए जिला मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर अविलंब ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है।वहीं जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया ने बताई की पंचायत झुरझुरी अंतर्गत सक्रेज में 100 केवीए ट्रांसफार्मर , कोनहारा खुर्द पंचायत अंतर्गत मस्जिद के पास 200 केवीए ट्रांसफार्मर,बरकट्ठा उत्तरी पंचायत अंतर्गत बरकट्ठा बाजार में 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर,गोरहर पंचायत अंतर्गत सिवा टोला में 25 केवी ट्रांसफार्मर,गोरहर पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर में 25 केवीए ट्रांसफार्मर,ग्राम पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर में 25 केवी ट्रांसफार्मर झुरझुरी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 09 में 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर विगत कई दिनों से खराब रहनें से लोग अंधेरे में रहने को विवश है।वहीं दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा चल रही है जिसमें छात्र छात्राओं को परीक्षा की तैयारी व पढाई करने में काफी परेशानियाँ झेलनी पड़ रही है,वहीं बिजली की इस दयनीय स्थिति को देखते हुए जिला परिषद सदस्या ने मुख्य अभियंता समेत सभी वरीय पदाधिकारियों से खराब ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदलने की अपील की है।

अल्ट्रासाउंड केंद्रों व निजी अस्पतालों की करें औचक निरीक्षण : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट/गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के निमित्त प्रावधानों के तहत बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों की औचक रूप से जांच करने एवं जाँच प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के दौरान संधारित की जाने वाली जानकारी एवं उन्हें जिला स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु संचालकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए वैसे संचालक जो नियमित रूप से जिला स्तर पर प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं को सूचीबद्ध करने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सिविल सर्जन सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड से संबंधित ऑनलाइन तथा ऑफलाइन एंट्री का मिलान करने एवं उनमे भिन्नता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए वहीं उन्होंने अलग-अलग अस्पतालों में कार्य कर रहे चिकित्सकों की समय सारिणी के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, डीआरसीएचओ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, अधिवक्ता विग्नेश दुबे गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

गोला में जंगली हाथियों का उत्पात

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ मे तीन हाथियों का झुंड गोला प्रखंड के खोखा गांव के सिरका जंगल में मौजूद है। हाथियों के झुंड ने आज अहले सुबह खोखा में एक महिला को मार डाला है।जबकि एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। जानकारी के अनुसार हाथियों के झुंड ने आज सुबह 5:00 बजे के लगभग खोखा की एक महिला को कुचल कर मार डाला है। बताया जाता है कि पूनम देवी पति चंद्रनाथ महतो खोखा गोला को हाथियों ने कुचल कर मार डाला। वही हाथियों के झुंड ने पुराना सिरका के रहने वाले 28 वर्षीय युवक रोशन लाल महतो को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया है। बताया गया कि हाथियों के झुंड ने महुआ चुनने गई महिला पूनम देवी को पटक कर मार दिया। गांव के लोगों को सूचना मिलने के बाद इसकी जानकारी वन विभाग को दिया गया। वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर महिला के शव को हटाया।

वनविभाग की कार्यवाई में अवैध आरामिल को किया गया ध्वस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : वन प्रमंडल पदाधिकारी,हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के निर्देशों पर अवैध आरामिलो के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे सघन छापामारी एवं जप्ती अभियान के क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड के करगालो गाँव में अवैध रूप से संचालित आरामिल पर छापामारी एवं जप्ती की कारवाई की गई। आरामिल के विरुद्ध की गई छापामारी में अवैध रूप से स्थापित आरामिल, सीमेंटेड आरा बेंड सॉ, प्लेटफार्म को जे.सी.बी. से समूल उखाड़कर नेस्तनाबूद कर दिया गया और स्थल पर संग्रहित वन पदार्थों (लकड़ियों) एवं उपस्करों (आरा पत्ती, रबर बेल्ट, फाउंडेशन प्लेट, ताजा कुन्नी, विभिन्न प्रजाति के बोट्टा एवं चिरान) जिसक कीमत लगभग 70000/-(सत्तर हजार) रुपये से अधिक है, को जप्त करते हुए ट्रेक्टरों द्वारा वन प्रक्षेत्र कार्यालय, बगोदर(सरिया) परिसर में लाकर रखा गया है।

अवैध आरामिलो के खिलाफ की गई छापामारी एवं जप्ती में आदतन वन अपराधी नवरत्न साव ग्राम - करगालों पर भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41, 42 एवं बिहार काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1990 की धारा 9, 10, 14 के तहत वन मुकदमा दर्ज किया गया है।

हनुमत प्राण प्रतिष्ठा हेतु ध्वजारोहण के बाद नगर भ्रमण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : प्रखंड अंतर्गत लबगा के माँ पंचबहिनी मंदिर प्रांगण में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर ध्वजारोहण के बाद नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण लबगा रसदा अम्बा टोला गेगद महुआ मोड़ आदि जगहों में किया गया। इस यज्ञ का शुभारंभ 24 अप्रैल से एवं समापन 4 मई को किया जाएगा। सोमवार को नगर भ्रमण के बाद उपरोक्त जगहों पर यज्ञ पूर्ण होने तक मांस मदिरा पूरी तरह से बंद रहेगा। यह निर्णय पूजा कमेटी एवं ग्रामीणों के सर्वसम्मति से लिया गया। नगर भ्रमण में आजसू केंद्रीय महा सचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी केंद्रीय सचिव विजय साहू बैजनाथ राय शशि मिश्रा धनंजय मिश्रा राजेश पाठक अमरेंद्र पांडेय और नव्रोतम पांडेय सहित सेंकड़ों लोग शामिल हुए।

भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी में बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : भारतीय जनता पार्टी का बूथ सशक्तिकरण अभियान बड़कागांव पूर्वी, उरिमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में पूरे 11 पंचायत में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को उरिमारी, गरसुला एवं पोटंगा पंचायत का बैठक उरीमारी में मंडल महामंत्री दिनेश करमाली के आवास परिसर में तीनों पंचायत के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया गया। मौके पर राष्ट्रपति का अभिभाषण पढ़ कर सुनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से कार्तिक मांझी, मेघन यादव, बुधन करमाली, राजेंद्र करमाली, तुला करमाली, उमेश साव, छोटन सिंह, युगेश बेदिया, शिवा करमाली, भन्दू करमाली, शंकर सोरेन, सुरेन्द्र करमाली, सुरेश प्रजापति, विजय साव, अजय साव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सभी लोग सरकारी नियम का पालन करें : जितेंद्र कुमार पांडेय

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : थाना परिसर बड़कागांव में रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी गांव के अध्यक्ष सचिव, रामनवमी अखाड़ा के लाइसेंस धारी और डीजे साउंड के प्रोपराइटर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद एवं संचालन थाना प्रभारी विनोद तिर्की के द्वारा किया गया। बैठक में रामनवमी त्योहार को लेकर विशेष चर्चा की गई। सभी अखाड़ा समितियों से रामनवमी जुलूस के रूट की जानकारी ली गई। जुलूस रूट पर सड़क में जल जमाव और लटकते बिजली तार तो दुरुस्त करने का निर्देश बिजली विभाग के जेई और मुखिया को दिया गया। साथ ही उपस्थित लोगों ने जुलूस में शामिल लोगों के लिए पेय जल के व्यवस्था करने की मांग किया।

जुलूस के समय को लेकर अखाड़ा के लोगों को विशेष निर्देश दिया गया। मौके पर सभी वक्ताओं ने कहा के आपसी सौहार्द के साथ हिंदू मुस्लिम एकता को बनाए रखते हुए महा रामनवमी पर्व को मनाना है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने शराब पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

महुदी जुलूस को ले कर भी आवाज उठाई गई जिस पर प्रशासन के द्वारा जवाब दी गई के यह मामला न्यायिक प्रक्रिया के तहत विचाराधीन है इस लिए प्रशासन इस मामले पर कोई निर्णय नहीं ले सकती।

पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा के बड़कागांव में किसी भी धर्म का त्योहार हो आज तक शांतिपूर्ण रूप से त्योहार मनाया गया है। साथ ही लोगों से नशामुक्त त्योहार मनाने का आह्वाहन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय ने कहा के डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। ये उच्च स्तरीय निर्णय है इसका पालन करना जानता का काम है और पालन करवाना प्रशासन का काम है। कई बार होता है जो निर्देश आता है वो कठोर होता है लेकिन जन हित के लिए आवश्यक होता है। सभी लोग सरकारी नियम का पालन करें।

विधायक अंबा प्रसाद ने कहा के लोगों के द्वारा जो समस्या बताई गई है उसके समाधान का पूरी तरह से कोशिश करूंगी। मर्यादा पुरुष राम के भक्त बन कर त्योहार मनाएं। पिछले वर्ष जिस प्रकार से रामनवमी मनाई गई थी उसी प्रकार इस वर्ष भी त्योहार मनाएं। हमारा देश नियम कानून से चलता है कानून से ऊपर न विधायक है न ही प्रधानमंत्री है। लोगों से विधायक ने मिल जुल कर सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का आग्रह किया।

मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, जिप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचनदेव महतो, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत महतो, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बड़कागांव मध्य मुखिया तकरीमउल्लाह खान, मुखिया विमला देवी, मुखिया बासुदेव यादव, मुखिया पारसनाथ महतो, बिजली विभाग के जेई सत्यदेव कुमार, इंस्पेक्टर नीरज कुमार, एसआई रितेश कुमार राव, प्रशांत मिश्रा, चणेश्वर किस्कू, मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, चंदन पुरी, बालेश्वर महतो, प.स.स प्रभु राम, रितेश ठाकुर, भीखन महतो, सुंदर महतो, विशेश्वरनाथ चौबे, रामसेवक सोनी, चंदर से, ज्ञानी सिंह, श्रीकांत निराला, बीगल चौधरी, सुरेश महतो, बड़कागांव रामनवमी समिति अध्यक्ष बिंदु कुमार दांगी, राजकुमार यादव, नरेश साव, पूनम साव, विक्रम महतो, रामकृष्ण शुक्ला, सोनू इराकी, भुदल महतो सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

राशि ने बढ़ाया विष्णुगढ़ का मान

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़ प्रखंड के लिए बहुत ही गर्व की बात है,कि विष्णुगढ़ की बेटी राशि,पिता राजू साव ने झारखण्ड स्टेट ओलंपियाड-2022 के जनरल नॉलेज में चयन हुआ था।कठिन परीक्षा में राज्यस्तरीय स्थान हासिल का कमाल करते हुए मिसाल पेश की । झारखंड स्टेट ओलंपियाड-2022 के जनरल नॉलेज विषय से चयन पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा रांची के प्रोजेक्ट भवन में सम्मानित किया गया । बाल विकास विद्यालय,के प्राचार्य नवलकिशोर वर्मा ने बताया कि राशि बचपन से मेरे विद्यालय में मेधावी छात्रा रही है,आज का परिणाम इसकी अपनी मेहनत एवं लग्न का फल है। मुझे राशि से आगे और बेहतर करने की उम्मीद है।विष्णुगढ़ की बेटी राशि को बाल विकास विद्यालय,बिष्णुगढ़ के संचालक नवल किशोर वर्मा एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय की तरफ से बहुत-बहुत बधाई दी गई ।

बरकट्ठा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आज

बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आज प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन सुबह 10:00 बजे से किया जायेगा। जिसका शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा किया जाएगा।इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्र के आमजनों से अनुरोध कर कहा की बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य मेला में शामिल होने का अपील करते हुए कहा कि नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठायें।साथ ही क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को जानकारी देकर स्वास्थ्य मेला में उपस्थित होने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य विभाग से संबंधी स्टॉल लगाए जाएंगे तथा संबंधित चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहेंगे।जिनके द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच किया जाएगा और जांचोंपरांत जरुतर अनुसार दवा का भी वितरण किया जाएगा।

मुखिया ने विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सलैया मुखिया इन्द्रदेव प्रसाद ने पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर तीन विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।बरवां चट्टानी नाला में बना चेक डैम मरम्मती,सलैया श्मशान घाट पर बना चेक डैम की मरम्मती,सीताराम प्रसाद मुर्गी फार्म से आर.ई.ओ रोड दिनेश प्रसाद के घर तक पी. सी.सी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।मुखिया इन्द्रदेव प्रसाद ने कहा कि जल नल के साथ-साथ पंचायत में आवागमन के लिये सड़क निर्माण मेरी प्राथमिकता है।इस मौके पर दिनेश प्रसाद, नारायण प्रसाद,वार्ड सदस्य पप्पू कुमार,प्रियंका कुमारी, मंटू प्रसाद,छोटन प्रसाद धनेश्वर प्रसाद,रामदेव प्रसाद रोहित प्रसाद,ताजिर हुसैन,राजू राणा,काली साव,राजेश रविदास, गोपी प्रसाद,शंकर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद,द्वारिका प्रसाद,अनूप कुमार,लखन प्रसाद,तुलसी प्रसाद,उदेश्वर प्रसाद,सीताराम प्रसाद समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

अंचलाधिकारी से मिले समाजसेवी सी के पाण्डेय

बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के विद्यार्थियों का जाति,आय एवं आवासीय प्रमाणपत्र निर्गत होने में विलंब को लेकर समाजसेवी व जिप सदस्य प्रतिनिधि सी के पाण्डेय नें आज बरकट्ठा अंचलाधिकारी श्रीकान्त लाल मांझी से मिल कर जल्द ही उक्त समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया।अंचलाधिकारी श्रीकान्त लाल माँझी ने बताया कि अंचल कार्यालय में कर्मचारियों की कमी को लेकर वरीय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।जल्द ही विद्यार्थियों की इन समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा। सरकारी नियमो के अनुसार स्कूल कॉलेजों मे नामांकन कराने,छात्रवृत्ति, निजी या सरकारी नौकरी आदि अन्य कार्यों के लिए आवेदन करने मे सभी जगहों में आवेदको के लिए अपना जाति,आय और आवासीय प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होता है।

दो दिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला-2023 का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में दो दिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला-2023 का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि मध्य विद्यालय बरही के प्रभारी प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद रुखरियार, विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू समाज के पदेन मुखिया सदस्य सुरेश साव और विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर संयुक्त रूप से किया गया। तदोपरांत मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का प्रथम दिवस पाँच सत्रों में संचालित की गई। प्रथम सत्र का विषय वंदना के पश्चात् संक्षेप में कार्यशाला की प्रस्तावना एवं अतिथि के उद्बोधन, द्वितीय सत्र में विद्या भारती शिशु योजना, तृतीय सत्र में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पर चर्चा, चतुर्थ सत्र में विभागों का बंटवारा और पंचम सत्र में विद्यालय का वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा आदि विषय को सम्मलित किया गया। इस कार्यशाला में वार्षिक शैक्षणिक सहित अन्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने, शैक्षणिक और आर्थिक बिंदुओं पर चर्चा सहित वार्षिक तैयार कार्य योजना की जानकारी कराना इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रहा। कार्यशाला की भूमिका रखते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि शैक्षणिक पक्ष को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विद्या भारती अपने विद्यालय में प्रतिवर्ष इस तरह की कार्यशाला का आयोजन करती है।मुख्य अतिथि ने सभी आचार्यो को अपने दायित्व का पालन करने की सलाह देते हुए कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा देने में विद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान है। बच्चों और अभिभावकों को तालमेल स्थापित कर शिक्षा में योगदान देना चाहिए।

झामुमो जिला समिति की बैठक संपन्न

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : झामुमो जिला समिति की बैठक सोमवार को होटल ट्रीट के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू व संचालन विनोद कुमार महतो ने किया। बैठक में रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव की समीक्षा, अनुशांगिक इकाईयों के गठन, संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान में तेजी लाने, 4 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस मनाने के साथ आगामी चुनाव की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू ने कहा कि हार-जीत चुनाव के दो पहलु हैं। जिसे हमें स्वीकार करना चाहिए। कहा इससे घबराने नही बल्कि सीख लेने की जरूरत है। कहा कि कार्यकर्ताओं ने अपना उम्मीदवार नही रहने के बाद भी जो अपनी पार्टी के लिए जो संघर्ष किया है इसे बरकरार रखेंगे। कहा कि इसका परिणाम आनेवाले चुनावों में देखने को मिलेगा। कहा कि आप सभी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों का पालन कर परचम लहराने का कार्य करें। कहा कि 4 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने की जरूरत है। कहा कि स्थापना दिवस में रामगढ़ से कई कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, महेंद्र मुंडा, मधु साव, भुनेश्वर प्रसाद महतो, रंजीत कुमार बेसरा, मुकेश रावत, आजाद अंसारी, विजय किस्कू, बरतु करमाली, दिलीप कुमार शर्मा, संतोष कुमार, अरूण बनर्जी, रामकिशुन गिरि, गोरंग राय, खुदीराम महतो आदि मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

डाक्टरों ने काला रिबन लगाकर विरोध किया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ जिले में सभी प्राइवेट एवं सरकारी चिकित्सकों ने राजस्थान सरकार द्वारा राइट टू हेल्थ बिल पारित होने के विरोध में एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ,राजस्थान के समर्थन में अपने अपने कार्यस्थल पर काला रिबन लगाकर विरोध स्वरूप काला दिवस मनाया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ ,रामगढ़ ब्रांच ने सिविल सर्जन कार्यालय रामगढ़ में एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें राजस्थान सरकार द्वारा राइट टू हेल्थ बिल पारित करने का सर्वसम्मति से विरोध किया गया। मांग किया कि इसे अविलंब वापस लिया जाए। आई एम ए एवं झासा रामगढ़ ने संयुक्त रूप से उपायुक्त पदाधिकारी माधवी मिश्रा महोदया, रामगढ़ को मुख्यमंत्री ,राजस्थान सरकार के नाम एक ज्ञांपन सौंपा गया। जिसकी प्रतिलिपिप्रधानमंत्री भारत सरकार गृह मंत्री भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान सरकार को ई मेल कर दी गई।

कोयलांचल में भगवान भास्कर को छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस, गिददी, रेलीगढ़ा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में चैती छठ पूजा को लेकर सोमवार को सूर्यदेव के उपासकों ने दामोदर नदी के घाटों और तालाबों के समक्ष भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया। मंगलवार को उदयीमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देकर महापर्व चैती छठ पूजन व्रतिया पूरा करेंगे। सभी भगवान प्रभाकर से पूरे संसार और अपने परिवार के लिए सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली, हरियाली का आशीर्वाद मांगेंगे। पूजा के बाद भक्तों और परिजनों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा।

रामनवमी त्योहार को लेकर फ्लैग मार्च

कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामनवमी त्योहार को लेकर कर्रा थाना क्षेत्र के कर्रा और लोधमा में प्रखंड प्रशासन व कर्रा थाना ने फ्लैग मार्च निकाला.फ्लैग मार्च कर्रा थाना होते हुए मस्जिद चौक, पोस्ट ऑफिस रोड़ कर्रा बस्ती, डाकघर होते हुए कर्रा खूंटी मुख्य से कर्रा थाना आकर समाप्त हुआ.फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारी ने आपसी भाई चारगी व मेल प्रेम के साथ त्योहार मनाने को लेकर जनता से अपील किया गया फ्लैग मार्च के दौरान कर्रा सीओ बैद्यनाथ कामती, कर्रा थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एस आइ रंजित कुमार यादव, एस आइ सफीक खान, भारत रंजन पाठक के अलावे दर्जनों शस्त्र पुलिस के जवान मौजूद थे।

हिंदू परिषद सह बजरंग दल ने रामनवमी को लेकर खलारी पहाड़ी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली

खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता): विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल ने रामनवमी को लेकर खलारी पहाड़ी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाला। जुलूस विहिप खलारी प्रखण्ड मंत्री संजीत सिंह व सेवा प्रमुख अनिल यादव बजरंगदल युवा नेता प्रताप के नेतृत्व में निकाला गया। इससे पुर्व खलारी पहाड़ी मंदिर में विहिप सह बजरंग दल के सैंकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुए। मौके पर कार्यकर्ताओं के बीच भगवा गमछा का वितरण किया गया। बजरंग बली का पूजन कर कार्यकर्ताओं ने श्री राम का जयकारा लगाया। इसके साथ ही भगवा झण्डा लगाए अपने बाइक व चार पहिया वाहनों से जुलूस के रूप में निकले। इस दौरान करीब 500 बाइक पर सवार सैंकड़ो रामभक्तों ने हाथों में भगवा झण्डा लेकर श्री राम,वीर हनुमान का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा खलारी पहाड़ी मंदिर से शुरू होकर हुटाप मोड़ होते हुए मैकलुस्कीगंज, नवाडीह, करकट्टा, खलारी बाजारटांड, खलारी बैंक चौक, केडी मुख्य बजार, डकरा, मानकी, चुरी, राय, डुंडु, बमने, चुरी होयर,महावीरनगर होते हुए पुनः खलारी स्थित श्रीजानकी रमण मंदिर पर आकर समाप्त हुआ। वहीं भव्य बाईक जुलूस के आगमन पर क्षेत्र के मैकलुस्कीगंज, देवी मण्डप करकट्टा, केडी मुख्य बाजार, डकरा, निर्मल महतो चौक सहित अन्य जगहों पर जोरदार स्वागत करते हुए विहिप कार्यकर्ताओं को चना दिया गया और शरबत भी पिलाया गया।

तमाड़ के मानकीड़ीह गांव में जंगली हाथियों का तांडव

तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची जिला अंतर्गत तमाड़ वन क्षेत्र के मानिकाडीह गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने रविवार की देर रात जमकर उत्पात मचाया। करीब पंद्रह हाथियों के झुंड ने एक मोहल्ला को निशाना बनाते हुए एक एक कर दर्जनों घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं हाथियों के हमले से हेमंत मुंडा अपने परिवार के साथ बाल बाल बच निकले। बताया जाता है कि करीब रात के दस बजे हेमंत उसकी पत्नी और उसके तीन छोटे छोटे बच्चे घर पर सो रहे थे। अचानक से पंद्रह की संख्या में हाथियों झुंड जिनमें चार बच्चे भी शामिल है सभी ने हेमंत मुंडा के घर पर चारों तरफ से हमला कर दिया।

स्वच्छता उत्सव 2023 के मौके पर 29 को निकाली जाएगी मशाल रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : नगर पंचायत, खूंटी के कार्यपालक पदाधिकारी की अध्यक्षता में नगर पंचायत के सभागार में स्वच्छता उत्सव 2023 को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी स्वयं सहायता समूह एवं एरिया लेवल फेडरेशन के महिला समूह शामिल हुई। स्वच्छता उत्सव के तहत सभी वार्डों से सहायता समूह की महिलाओं का चयन किया जाना है। इनमें से महिला आइकॉन का भी चयन किया जाएगा जो कि स्वच्छता से संबंधित समूह कार्य कर रही हैं। चयनित महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है।स्वच्छता उत्सव 2023 के मौके पर दिनांक 29.03.2023 को संध्या 3:00 बजे सभी वार्डो से मशाल रैली निकाली जाएगी। रैली में शामिल महिलाएं कचहरी मैदान, खुटी पहुंचेंगी। कचहरी से टाउन हॉल तक पहुंचकर रैली का समापन हो जाएगा।इस बैठक में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं एवं नगर मिशन प्रबंधक संतोष कुमार, विनीत कुमार, आफताब आलम, विपिन टोप्पो एवं सीओसीआरपी, सुपरवाइजर उपस्थित थे।

आम जनता के लिए जीवन- रेखा कही जाने वाली धरोहर दामोदर नदी को कूड़ा- करकट ढोने वाली नदी बना दिया गया है

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीमाना ग्राम हेसला के दामोदर नदी में फैक्ट्रियों से निकलने वाले वेस्टेज छाय- गर्दा, कूड़ा- करकट डाला जा रहा है और दामोदर नदी को प्रदूषित किया जा रहा है। फैक्ट्रियों के मालिक अपने मुनाफा कमाने के लिए आम जन जीवन का लाइफ लाइन कहे जाने वाले दामोदर नदी के स्वच्छ पानी को भी तहस-नहस कर बर्बाद किया जा रहा है।दामोदर नदी का पानी प्रदूषित होने के साथ-साथ दामोदर नदी का बालू भी छाय गरदा युक्त हो जा रहा है। इस तरीके से अब दामोदर नदी सिर्फ कूड़ा, करकट छाय- गर्दा ढोने वाली नदी बन गई है।सरकार के द्वारा चलाई जा रही गंगा शपथ,नमामि गंगे योजना की धज्जियां उड़ाई जा रही है। ट्रकों से लाकर नदी में कूड़ा करकट गिराया जा रहे हैं। ऐसे में दामोदर नदी का अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। दामोदर नदी के किनारे- किनारे लंबे समय से सैकड़ों ट्रैक्टरों से फैक्ट्रियों के कचरे गिराते गए है। इस पर खनन विभाग नदारद है, खनन विभाग कुंभकरण की नींद सोया हुआ है।सरयू बेदिया, लाल कुमार बेदिया,रतन बेदिया, प्रकाश बेदिया, रूपलाल बेदिया, नंदलाल बेदिया, अर्जुन बेदिया, बिनेश्वर बेदिया प्रेमचंद बेदिया आदि दर्जनों ग्रामीणों ने गंगा, दामोदर नदी को साफ- स्वच्छ रखने और इसकी अस्तित्व को बचाने के लिए वैसे लोगों पर कठोर कानूनी कार्रवाई किया जाय, इसकी मांग जिला प्रशासन से की है जिससे जनता का जीवन- रेखा कही जाने वाली दामोदर नदी सुरक्षित और स्वच्छ रह सके।

समझौता लागू करने को लेकर जनता मजदूर संघ ने सीसीएल मुख्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

दूर संघ
सांकेतिक प्रदर्शन

खलारी : कोल इंडिया प्रबंधन में बैठे अधिकारियों के गलत नीतियों के कारण कोयला क्षेत्र का औद्योगिक माहौल खराब हो रहा है.11वां वेतन समझौता को लटका कर और समझौते के बावजूद 19 प्रतिशत एमजीबी पर उहापोह की स्थिति पैदा कर एक तरफ जहां मजदूरों को भड़काने का काम किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कंपनी में योगदान देने वाले नये अधिकारियों का 30-35 वर्षो तक काम करने वाले कामगारों के वेतन से तुलना कर अधिकारी और कर्मचारी के बीच विभेद पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है.उक्त बातें जनता मजदूर संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कही.19 प्रतिशत एमजीबी एवं वेतन समझौता लागू करने की मांग को लेकर संघ ने सोमवार को सीसीएल मुख्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन किया.वक्ताओं ने कोयला मजदूरों के खत्म होते सामाजिक सुरक्षा की समस्यायों को भी प्रमुख रूप से उठाया.प्रदर्शन को मनोज सिंह, संतोष कुमार,निर्मल सिंह,श्रीप्रसाद, जगदीश महतो, डीपी सिंह,निर्मल उरांव,गोल्टेन प्रसाद यादव, आशीष कुमार दुबे,चमन मुंडा,अशोक रविदास, विकास सिंह, दशरथ कुर्मी,मंतोष सिंह,दीपक कुमार, अजय सिंह, सुखदेव प्रसाद, विकास दुबे, अशोक शर्मा, रविंद्र नाथ सिंह, ओमप्रकाश सिंह टीनू ने भी संबोधित किया.अध्यक्षता कमलेश कुमार सिंह, संचालन रविंद्र नाथ सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन ओमप्रकाश सिंह टीनू ने किया.प्रदर्शन के बाद कोल इंडिया चेयरमैन को संबोधित एक ज्ञापन सीसीएल के चीफ मैनेजर आईआर आलोक गुप्ता को सौंपा गया.इस अवसर पर सीसीएल के सभी एरिया के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

करियातपुर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, सचिव प्रदीप केशरी व मनोज कुमार बनें कोषाध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : श्रीरामनवमी महासमिति की ओर से करियातपुर मीटिंग हॉल में बैठक आयोजित किया गया। बैठक करियातपुर मुखिया मनोज कुमार की अध्यक्षता में 2023 की रामनवमी पूजा को करियातपुर के अखाड़ा में सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु अखाड़ा से संबंधित गांव के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में बैठक की गई। बैठक में करियातपुर, कोरियाडीह, धनवार, दूधपनिया, पिपराघोघर, दुलमाहा और लखना के चयनित सदस्य समेत आम जनता शामिल हुए। जहां सर्वसम्मति से श्रीरामनवमी महासमिति का गठन किया गया। जिसमें श्रीरामनवमी महासमिति के अध्यक्ष धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सचिव प्रदीप केशरी, सहसचिव संतोष केशरी, उपाध्यक्ष अनिल केशरी, कोषाध्यक्ष करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, सहकोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति, संरक्षक तोखन प्रजापति, मुरली मनोहर प्रसाद केशरी, बाबूलाल पासवान, सुरेश साव, किशोरिमोहन पाण्डेय, नंदलाल कुशवाहा, जितेंद्र गिरी, नारायण यादव, सुरेश कुशवाहा को मनोनीत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्रीरामनवमी महासमिति के नवमनोनित अध्यक्ष धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शो को आत्मसात करते हुए भगवान राम की जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज के युवा वर्ग अपना नियंत्रण खो देते है।

चैती छठ का पहला अर्घ्य भगवान भास्कर को समर्पित

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ : विष्णुगढ़ प्रखंड के करोंज मोड़ स्थित जमुनिया नदी छठ घाट एवं सातमाइल जमुनिया जलाशय में डूबते सूरज को चैती छठ का पहला अर्घ्य सोमवार को दिया गया।इस दौरान जमुनिया नदी छठ घाट में चैती छठ पूजा के शुभ अवसर पर छठव्रती श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी, इस चैती छठ पर्व की आस्था से लोगों में उत्साह दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।यह पर्व चैती छठ पूजा व्रत लोक आस्था एवं सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। चैती छठ चैत्र मास के नवरात्र में षष्ठी तिथि को हर साल चैती छठ का त्योहार मनाया जाता है। पुराणों के अनुसार, कार्तिक मास की छठ और चैत्र मास की छठ का विशेष महत्व होता है। कार्तिक मास की छठ दीपावली के तुरंत बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में धूमधाम से मनाई जाती है। पुराणों में बताया गया है। कि नवरात्र की षष्ठी तिथि को चैती छठ में भगवान सूर्यदेव की पूजा होती है।सूर्यदेव ने देवमाता अदिति के गर्भ से जन्म लिया था और आगे चलकर विवस?वान और मार्तण्ड कहलाए। इन्हीं की संतान वैवस?वत मनु भी हुए। जिनसे आगे चलकर सृष्टि का विकास हुआ।

महामहिम राज्यपाल ने हजारीबाग के संक्षिप्त दौरे में चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत का किया भ्रमण

चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता): हजारीबाग भ्रमण के क्रम में महामहिम राज्यपाल झारखंड श्री सीपी राधाकृष्णन ने चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत पहुंचे। इस दौरान महामहिम का सखी मंडल की महिलाओं के द्वारा स्वागत परंपरागत तरीके से किया गया। राज्यपाल ने बहेरा के महिलाओं के साथ संवाद किया तथा गांव की महिलाओं के लिए सखी मंडलों को प्रोत्साहित करते हुए उनके मेहनत, लगन की तारीफ़ की। उन्होंने महिला सखी मंडल के उत्पादों को पहचान दिलाने का हरसंभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। साथ ही जिला प्रशासन को सरकार की योजनाओं से जोड़ कर महिलाओं के स्वावलंबन, आर्थिक गतिविधियों से जोड़ कर उनके उत्पादों को बाज़ार से जोड़ने के लिए कहा। उन्होंने महिला समूह की प्रशंसा करते हुए समाज के विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के लिए कहा।

झारखण्ड सरकार, पर्यटन निदेशालय
एम०डी०आई० भवन, द्वितीय तल, धुर्वा, राँची–4
फोन–0651–2400493 फैक्स–0651–2400492 ई० मेल-dirjharkhandtourism@gmai.com

पत्रांक–पर्य०/यो०–11/2022–**336/2023** राँची दिनांक :–**27.03.2023**

प्रेस विज्ञप्ति

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, 2023 के अंतर्गत द्वितीय चरण में पर्यटन विभाग, झारखण्ड सरकार एवं झारखण्ड पर्यटन विकास निगम लि०, राँची के संयुक्त तत्वाधान में राज्य के सभी जिलों के 1001 हिन्दु धर्मावलम्बी वरिष्ठ नागरिकों को जो 60 वर्ष से अधिक एवं (BPL) श्रेणी के थे, 20.03.2023 से 27.03.2023 तक द्वारका एवं सोमनाथ की तीर्थ यात्रा कराई गई। इस तीर्थ यात्रा में सभी तीर्थ यात्रियों को निःशुल्क बस यात्रा, ट्रेन यात्रा, नाश्ता, खाना, होटल में ठहराना एवं बस के माध्यम से स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया गया। इससे पूर्व प्रथम चरण में राज्य के 830 मुस्लिम धर्मावलम्बी, वरिष्ठ नागरिकों को जो 60 वर्ष से अधिक एवं (BPL) श्रेणी के थे। उन्हें दिनांक 15.02.2023 से 21.02.2023 तक अजमेरशरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सिकरी आदि तीर्थ स्थलों का दर्शन कराया गया था।

उक्त दोनों तीर्थ यात्रा में सभी तीर्थ यात्री काफी प्रसन्न हुये एवं झारखण्ड सरकार का धन्यवाद ज्ञापन किया। सभी तीर्थ यात्रियों ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय के इस योजना की काफी सराहना की एवं सरकार से आगे भी इस तरह की योजना जारी रखने की अपील की गई, ताकि उनके जैसे और भी गरीब नागरिक इस योजना का लाभ उठा कर तीर्थ दर्शन कर सके।

ह०/–
निदेशक,
पर्यटन।

PR 293665 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार
योजना एवं विकास विभाग, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय
योजना भवन, द्वितीय तल, झारखण्ड मंत्रालय, नेपाल हाऊस परिसर, डोरण्डा, राँची–834002
e-mail-dsejharkhand@gmail.com/Website-desjharkhand.nic.in

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

योजना एवं विकास विभाग अर्न्तगत अर्थ एव सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा **"झारखण्ड ए स्टैटिस्टीकल प्रोफाईल–2022"** पुस्तक के मुद्रण हेतु मानक स्तर के प्रिन्टर्स से निम्न शर्तो के साथ अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। पुस्तक के मुद्रण में निम्नांकित मापदण्ड के कागज रहेंगे तथा पुस्तकों की कुल संख्या 500 प्रति होगी।

1	साईज	–	¼ Dimy.
2	बुक का कवर पेज	–	300 GSM Multicolour with Lamination Glue Binding.
3	अन्दर के पृष्ट 216	–	Black & White Text, 100 GSM Art Paper.
4	अन्दर के पृष्ट 48	–	Multicolour Text 100 GSM Art Paper.

पुस्तकों के मुद्रण की दर में मल्टीकलर कवर, मल्टीकलर एवं श्वेत/श्याम अन्दर के पृष्टों का डिजाईनिंग, मुद्रण, लिमिनेशन, वाईन्डिग आदि दर सभी कर सहित रहेंगे तथा मुद्रण का दर सूचना एवं जनसम्पर्क द्वारा निर्धारित दर सामान या उससे कम होना चाहिए।

इच्छुक प्रतिष्ठान दिनांक 05.04.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक निविदा अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची, योजना भवन, द्वितीय तल, कमरा न0– 219 में जमा करेंगे। निविदा इच्छुक प्रतिष्ठान के स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 06.04.2023 के पूर्वाह्न 12.00 बजे खोला जायेगा।

सहायक निदेशक
अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची

PR 293619 Planning and Development(22-23)#D

कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा

अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती सूचना (2nd Call)
कुडू बस स्टैण्ड, भण्डरा टेम्पो स्टैण्ड एवं कुडू हाट

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु जिला परिषद् के नियंत्राधीन बस स्टैण्ड एवं हाट की बन्दोबस्ती अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निम्नांकित तिथियों को की जायेगी:–

क्र0	बस स्टैण्ड/हाट का नाम	सुरक्षित जमा राशि	जमानत की राशि	तिथि	समय
1	2	3	4	5	6
1	कुडू बस स्टैण्ड	37,15,650/-	371565/-	03.04.2023	अपराह्न 03:00 बजे
2	कुडू हाट	16,68,650/-	166865/-	03.04.2023	अपराह्न 03:30 बजे

इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 4 में अंकित राशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय एवम् बैंक ऑफ इंडिया, कोर्ट एरिया शाखा में भुगतेय हो तथा संबंधित अंचल अधिकारी या उच्च स्तर से निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र डाक के पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। नियमावली एवम् शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिले की वेबसाइट www.lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 293711 Lohardaga (22-23)_D

कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।

Very Short Time E-Procurement Notice

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, रामगढ़ के नवनिर्मित कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर को सरकारी बैंक/सरकारी बैंक/अर्द्ध सरकारी बैंक/निबंधित फार्म/निबंधित संस्थान/यथा बैंक/एल0आई0सी0 इत्यादि को कार्यालय हेतु बन्दोबस्ती प्रक्रिया 01 वर्ष के लिए दिनांक 28/03/2023 से E-Procurement Notice के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त की जानी है। उच्चतम दर वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।

क्र0 सं0	प्रस्तावित स्थल का नाम	आकार/क्षेत्रफल	जमानत की राशि	प्रति माह/प्रति वर्गफीट की न्यूनतम डाक बोली की राशि
1.	नगर परिषद् कार्यालय निचला तल	4675.17 वर्गफीट	50000/–रू0	12/– रू0

जमानत की राशि का बैंक ड्राफ्ट नगर परिषद्, रामगढ़ के नाम से देय होगा।

प्रस्ताव प्रारंभ की तिथि	प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि	प्रस्ताव निष्पादन की तिथि
दिनांक 28/03/2023 पूर्वाह्न 10:00 बजे से अप0 05.00 बजे तक	दिनांक 10/04/2023 अपराह्न 05:00 बजे तक	दिनांक 11/04/2023 अपराह्न 02:00 बजे

नोट :– बन्दोबस्ती की नियम एवं शर्तें वेबसाइड http://www.jharkhandtenders.gov.in पर एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में नगर परिषद्, रामगढ़ कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 293643 (District) 22-23 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।

"अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"
संख्या –35/2022–23

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 05.04.2023 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06.04.2023 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.04.2023 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल संख्या–02, राँची।
   2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला।
   3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1.	गुमला जिलान्तर्गत अवस्थित कुडूख क्षेत्रिय भाषा एवं सांस्कृतिक भवन गुमला का आवश्यक मरम्मति एवं जीर्णोद्धार कार्य।	24,99,500.00	50000.00	5000.00	3 Month

नोट :- 1. Tender fee 2% अग्रधन की राशि PAN, GST Certificate, Up to Date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात् ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखंड राँची के संचिका सं0–प0नि0वि0/विविध–06–33/2007 (अंश–1)2146(s) दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल,गुमला।

PR 293622 (Building) 22-23 (D)

प्रभात मंत्र

स्वास्थ्य केंद्र में तीसरी बार टीबी मरीजों के बीच किया गया पोषणाहार का वितरण

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : तिसरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत सांसद अन्नपूर्णा देवी के द्वारा तिसरी के दस टीबी मरीज को कार्यक्रम आयोजित कर सामग्री दिया गया। इसके साथ ही मरीजों को दवा के साथ बढ़िया पोषण प्रतिदिन लेने का तरीका बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप चिकित्सा प्रभारी रंजीत कुमार, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव, थाना प्रभारी प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित टीबी रोगी, गण्यमान्य लोग व स्थानीय लोगों को संबोधित कर सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव ने कहा कि तिसरी प्रखंड की ओर से पूरे कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के वासियों की ओर से सांसद अन्नपूर्णा देवी जी एवं नरेंद्र भाई मोदी की प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आह्वान पर 2025 तक भारत को टीवी मुक्त देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसको लेकर अन्नपूर्णा देवी द्वारा पूरे कोडरमा लोकसभा क्षेत्र को गोद लिया गया है। उन्हीं के उद्देश्य को लेकर आज तीसरी बार पोषाहार वितरण किया गया है। वही डाक्टर रंजीत कुमार ने कहा कि टीबी मुक्त अभियान में 85प्रतिशत की सफलता मिल चुकी है। भारत से टीबी मुक्त कराने के लिये सभी का साथ व सहयोग की जरूरत है। अपने क्षेत्र में टीबी मरीज की सूचना हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल व तिसरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दें।

डीएवी स्कूल में कोरोना काल के ट्यूशन फीस को लेकर हुआ हंगामा

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : जिले के शिक्षण संस्थान अभी भी कोरोना काल मे व्याप्त ट्यूशन फीस विवाद का निपटारा नही कर सके हैं। इसका एक ताजा उदाहरण शहर में सोमवार की सुबह कोयला नगर स्थित डीएवी स्कूल में देखने को मिला। जहां कोरोना काल के दौरान छात्रों का बकाया फीस और अन्य शुल्क के मुद्दे पर परीक्षा फल देने से स्कूल प्रबंधन ने इंकार कर दिया। जिसके बाद अभिभावकों ने स्कूल परिसर में जमकर हंगामा किया। लेकिन स्कूल प्रबंधन मामले को का निष्पादन नहीं करते हुए अपनी रुख पर अड़ा रहा। अभिभावकों का कहना है कि छात्रों के बकाया शुल्क को लेकर पूर्व में निर्णय हो चुका था कि शुल्क माफ कर दिया जाएगा लेकिन 2 साल गुजर जाने के बाद आज बच्चों का परीक्षा फल आया तो स्कूल प्रबंधन ने कोरोना काल के बकाये शुल्क की मांग करते हुए परीक्षा फल देने से इनकार कर दिया। जिसके बाद अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया।

तीन दिवसीय चंडी पाठ का आयोजन

टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : पूर्णाडीह ग्रामवासियों द्वारा मां काली मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय "चंडी पाठ" का आयोजन किया गया है।जिसका शुभारंभ "आचार्य सुमन उपाध्याय" के दिशा निर्देश में सोमवार को कलश शोभा यात्रा निकाल कर पूरा ग्राम भ्रमण किया गया। चंडीपाठ में मुख्य जजमान के रूप में विनोद बिहारी तिवारी सह उनके धर्मपत्नी अल्पना देवी है। इस कार्यक्रम में समस्त ग्राम की महिला पुरुष बच्चे सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस शुभ अवसर पर पूर्णाडीह पंचायत मुखिया बसंत नारायण तिवारी जी उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंडी पाठ समिति के अध्यक्ष भागीरथ तिवारी, मदन मंडल,प्रमोद मंडल, कृष्णा मंडल सहित समस्त ग्रामवासियों का अहम योगदान रहा।

राम कथा श्रवण से मनुष्य सुख व शांति की प्राप्ति कर सकता है : आचार्य बालकृष्ण शास्त्री

दिनांक 22 मार्च 2023 से 30 मार्च 2023
कथा स्थल

टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : 55 वां रामनवमी महोत्सव एवं संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन लगातार ढांगी गांव में पं विश्वनाथ पाठक की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। इस भक्तिमय जागरण कार्यक्रम समारोह में भक्तों की लगातार भीड़ उमड़ रही है। बताया जाता है कि जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक के पूज्य पिताजी पंडित विश्वनाथ पाठक लगातार 55 सालों से अपने ढांगी गांव स्थित आवास में रामनवमी महोत्सव के शुभ अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं। उन्होंने एक भेंट में कहा कि इस तरह के आयोजन से सुख शांति और तरक्की मिलती है एवं गांव के लोगों को साल में एक बार भगवान की स्तुति करने का मौका मिलता है। शाम छः बजे से लेकर रात 12 बजे तक वृंदावन धाम से पधारे आचार्य बालकृष्ण शास्त्री की मुखारविंद से राम विवाह की कथा उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को श्रवण कराया जाता है आचार्य बालकृष्ण शास्त्री ने प्रभात मंत्र संवाददाता को एक इंटरव्यू में कहा कि राम विवाह की कथा श्रवण मात्र से मनुष्य सुख और शांति की प्राप्ति बड़े ही सरल ढंग से कर सकता है। इस भक्तिमय जागरण से पूरे ढांगी गांव भक्तिमय से गुंजायमान हो गया देर रात तक लोग भक्ति की गंगा में डुबकी लगाते हुए नजर आए। यजमान के रूप में पं विश्वनाथ पाठक आशुतोष पाठक, जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक,उमातोष पाठक, राकेश रंजन पाठक,आकाश रंजन पाठक की मंच पर उपस्थित रहे और कथा श्रवण करते रहे जबकि कार्यक्रम की सफल आयोजन में मुख्य भूमिका मनोज पाण्डेय,जे.डी.तिवारी, चितरंजन तिवारी, मंजीत तिवारी, मृत्युंजय ठाकुर, मनोज महतो,नरेश रवानी, सिद्धार्थ तिवारी, शैलजानंद तिवारी, दिनेश तिवारी, सुभाष चन्द्र तिवारी, माना पाठक के निजी सचिव मुरारी सिंह की सराहनीय योगदान रहा। यह रामनवमी महोत्सव 22/3 से लेकर 30 मार्च को भंडारा के साथ संपन्न होगा।

बोल्डर लदा हाईवा पलटी

जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के नवडीहा ओपी अंतर्गत नवडीहा सियाटांड़ मुख्य मार्ग सुरजूगादी के पास सोमवार की सुबह लगभग 4:00 तेज रफ्तार से आ रही बोल्डर लदा हाईवा अनियंत्रित होकर पलटा गया। वही इसकी सुचना मिलने पर नवडीहा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर बोल्डर लदी हाईवा को जप्त कर थाने ले आई है। यह कोई नई बात नहीं है नवडीहा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत रात तो दूर की बात दिन के उजाले में बेखौफ अवैध बालू , कोयला और पत्थर की तस्करी की जाती है लेकिन प्रशासन मौन है। प्रतिदिन सैकड़ो गाड़ी बालू , कोयला और पत्थर अवैध तरीके से बिहार के रास्ते अन्य जगहों पर भेजा जाता है। एक तरफ प्रशासन मूक दर्शक बनी हुई है वही तस्कर माफिया खुल्लेआम तस्करी को अंजाम देते है। इस मामले को लेकर कई बार कई अख़बार और स्थानीय मिडिया ने सवाल उठाया लेकिन इसका प्रभाव पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है। इस मामले को लेकर नवडीहा प्रशासन से सम्पर्क करने की कोशिश की लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

धनबाद : माफियाओं के लिए कोयला बना हीरा व मजदूरों के लिए काल

अवैध खनन में सरकार का दावा - 4 साल में सिर्फ 6 मरे, वास्तविकता - पिछले 15 महीने में ही 30 की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : धनबाद जिले में माफियाओं के लिए कोयला बना हीरा और गरीबों के लिए काल। जिले में हर महीने कहीं न कहीं अवैध कोयला गरीब मजदूरों पर मौत का पहाड़ बनकर गिरता है। पिछले चार सालों में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। सिर्फ जनवरी से मार्च 2023 तक अलग अलग खदानों में हुए हादसे में 30 लोगों की मौत हुई है लेकिन पुलिस के पास अवैध खनन से हुई मौतों का रिकॉर्ड नहीं है। न एफआईआर होती है और न कार्रवाई होती है। राज्य के खान एवं भूतत्व विभाग के मुताबिक 4 साल में झारखंड में अवैध खनन के दौरान सिर्फ 6 लोगों की मौत हुई है और इससे संबंधित एफआईआर धनबाद के निरसा थाने में दर्ज हुई है। 2019 में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से सिर्फ एक व्यक्ति की मौत हुई है। 4 साल में अवैध खनन को लेकर 3550 एफआईआर दर्ज की गयी है। 2019 में 379, 2020 में 842, 2021 में 727 और 2022 में अक्टूबर महीने तक 1602 एफआईआर दर्ज हुई हैं। यानी 3550 एफआईआर दर्ज हुई है।

18 नवंबर 2022 : कापासारा में चाल धंसी, 30 लोग फंसे, प्रशासन का इनकार

26 मई 2022 : रामकनाली ओपी क्षेत्र में चाल धंसने से एक की मौत, 3 घायल

22 मई 2022 : श्यामपुर में अवैध खनन के दौरान 1 की मौत

19 मई 2022 : श्यामपुर में अवैध खनन के दौरान 3 की मौत

9 मई 2022 : कापासारा में अवैध खनन के दौरान 3 की मौत, 3 घायल

21 अप्रैल 2022 : डुमरीजोड़ में चाल धंसी, 40 लोग फंस गये, प्रशासन का इनकार

21 मार्च 2022 : मुगमा में अवैध खनन के दौरान 3 की मौत

3 मार्च 2022 : कापासारा में अवैध खनन में चाल धंसने से दो की मौत

1 फरवरी 2022 : कापसारा में चाल धंसने से दो की मौत, 1 घायल

1 फरवरी 2022 : गोपीनाथपुर में अवैध खनन में 10 लोगों की मौत

6 जनवरी 2022 : पंचेत में अवैध खनन में एक युवक की मौत

धनबाद में कोल कंपनियां बीसीसीएल और ईसीएल ने कई जगहों पर कोयला खदानों को परित्यक्तता बना चुकी हैं। जिले में 23 खदानें बंद हैं, जिनमें लगातार अवैध खनन हो रहा है और आये दिन हादसे में गरीब मजदूर अपनी जान गंवा रहे हैं। माफिया, स्थानीय पुलिस और बीसीसीएल अफसरों की मिलीभगत से अवैध खनन का धंधा सालों से चल रहा है। कोयला माफिया स्थानीय गरीब मजदूरों से इन बंद खदानों में अवैध खनन करवाते हैं। मजदूरों को प्रतिदिन 400 से 1000 रुपये की कमाई होती है। मजदूर खदानों में करीब 350 मीटर तक अंदर जाकर कोयला काटते हैं और उसे निकालते हैं। हादसा होने के बाद खनन माफिया फौरन शवों को गायब करने में लग जाते हैं। मृतक के परिवार वालों को डराया जाता है कि अगर मामला पुलिस तक पहुंचा, तो पूरा परिवार जेल जाएगा। ऐसे में डर से लोग चुपचाप शवों का अंतिम संस्कार कर देते हैं और अवैध खनन से मौत का मामला यहीं दफन हो जाता है।

कतरास थाना : आकाश किनारी, कैलुडीह, चैतुडीह,मालकेरा, केशलपुर रोड, बुटूबाबू का बंगला।

सोनारडीह, मधुबन, धर्माबांध थाना : मात्र तीन किलोमीटर दूर तेतुलिया माइंस, धर्माबांध में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है।

बाघमारा थाना : भीमकनाली, दामोदर, घुटवे नदखुरकी, जमुनिया, टुंडू से लेकर नदखुरकी, जमुनिया इलाके में लगभग 10 अवैध कोल डिपो हैं।

महुदा थाना : भाटडीह, लाल बंगला एरिया में अवैध खनन हो रहा है।

पुटकी,भागाबांध थाना : दोनों थानों के बीच खैरा माइंस में अवैध खनन हो रहा है।

केंदुआडीह, धनसार थाना : दोनों थानों के बीच काली बस्ती माइंस में अवैध खनन।

लोयाबाद, जोगता थाना : दोनों थानों के बीच स्थित सेंद्रा माइंस में भी अवैध खनन।

झरिया : राजापुर, बस्ताकोला, धनसार के कुसुंडा के माइंस से भी बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है।

अधिकतर बंद खदानों में रात में खनन होता है। सिर्फ धनबाद जिले के मजदूर ही खनन में नहीं लगाए जाते हैं, बल्कि माफिया तत्व बंगाल से भी मजदूरों को लाकर अवैध खनन करवाते हैं। कोयला माफिया सभी मजदूरों पर नजर रखते हैं यह कोशिश रहती है कि कोई बाहरी व्यक्ति उनके संपर्क में न आये। खनन माफिया मजदूरों का ऐसा ब्रेनवॉश करते हैं कि ये लोग थोड़े से पैसों की लालच में अपनी जान को दांव पर लगाकर रात के अंधियारे में काली सुरंगों में घुस कर अवैध खनन कार्य में जुटे रहते हैं। बताया जाता है कि बीसीसीएल के कई अधिकारी, सीआईएसएफ और इलाके के कई नेता इस अवैध खनन में शामिल हैं। माफिया, अफसर व नेताओं के गंठजोड़ से हो रहा अवैध खनन।

खुले आम चल रहा है धनबाद रेल मंडल में अवैध वेंडरों का धंधा

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : धनबाद रेल मंडल में ख़ाकी वर्दीधारियों की नाक के नीचे खुलेआम अवैध वेंडरों की जमींदारी चलती है। स्टेशन के अलावा यात्री गाड़ियों में इन्हीं अवैध वेंडरों का राज है। चलती गाड़ियों में उनका एरिया तय है। यहां से वहां तक हमारा, वहां से तुम्हारा। किसी वेंडर से पूछने पर खुलेआम कहता है - हां बाबू मैं अपनी जमींदारी बेचता हूं। ऐसे 'जमींदारों ' का एरिया तय है। आगे के लिए जमींदारी दूसरे वेंडर के हवाले कर दी जाती है। धनबाद स्टेशन पर भी इन्हीं अवैध वेंडरों की चलती है। वे रेल परिसर से लेकर प्लेटफॉर्म तक हर जगह बेखौफ अपनी दुकान सजाते हैं। चलंत दुकानें लेकर घूमते रहते हैं।

हर वेंडर का अपना ठिकाना और क्षेत्र :- इन अवैध वेंडरों का क्षेत्र बंटा हुआ है। धनबाद-आसनसोल, धनबाद-गया, धनबाद-चंद्रपुरा, गोमो-कोडरमा, गोमो-बोकारो, गोमो-चोपन और सीआईसी खंड के सभी स्टेशन और वहां से गुजरने वाली ट्रेनें अवैध वेंडरों के शिकंजे में हैं। वेंडर आगे नहीं जाए, इस पर भी नजर रखी जाती है। अगर कोई वेंडर किसी दिन नहीं पहुंचता है तो वह क्षेत्र किसी अन्य वेंडर को 'बेच' दिया जाता है।

हर जगह बंटता है अवैध उगाही का शेयर :- धनबाद रेल मंडल में एक हजार से अधिक अवैध वेंडर हैं जो रोजाना एजेंट को 100 रुपये देकर स्टेशनों और ट्रेनों में खाद्य व पेय पदार्थ की बिक्री करते हैं। धनबाद से एक सरगना पूरे धंधे पर नजर रखता है। सरगना इन वेंडरों से प्रतिदिन 25 हजार रुपये तक की उगाही करता है। इस हिसाब से प्रतिमाह उनकी आमदनी लगभग साथ-आठ लाख और सालाना 90 लाख रुपये होती है। इस अवैध उगाही का शेयर सब जगह बंटता है। जब भी कोई वेंडर एजेंट को पैसा देने से इंकार करता है तो एक-दो दिन में सलाखों के पीछे पहुंच जाता है व जुर्माना देने के बाद ही छूटता है।

सभी ट्रेनों में अवैध वेंडरों का बोलबाला :- पूर्व मध्य रेलवे के ट्रेनों के प्रवेश करते ही अवैध वेंडरों का कब्जा देखने को मिल जाता है। स्लीपर, जेनरल अथवा एसी बोगी, अवैध वेंडर बेधड़क अपना धंधा चलाते रहते हैं। ग्रैंड कॉर्ड लाइन पर गया से आसनसोल के बीच ट्रेनों में आईआरसीटीसी की खानपान व्यवस्था रहने के बावजूद बड़ी संख्या में अवैध वेंडर सक्रिय हैं। उनका आतंक राजधानी एक्सप्रेस को छोड़कर सभी ट्रेनों में है। राजधानी में वीआईपी यात्रियों का डर रहता है। अवैध वेंडरों को खाकी वर्दी वाले का भी समर्थन हासिल है इसलिए वे बिना डर-भय के सामान बेचते हैं। रोक-टोक करने पर वे यात्रियों से उलझने में भी देर नहीं करते।

सस्ता नाश्ता-खाना, बीमारी को दावत :- अवैध वेंडर सस्ते में प्लेटफार्म और ट्रेनों में बासी नाश्ता-खाना यात्रियों को उपलब्ध कराते हैं। यह अलग बात है कि इस तरह का नाश्ता-खाना यात्रियों को बीमार भी कर रहा है। किसी के पास 'रेल नीर' नहीं मिलेगा। दूसरा जल बेचने पर रोक है। लेकिन रोकने वाला ही चांदी के जूते के आगे नतमस्तक है। जाहिर है इस अवैध व्यापार को रोकना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है। भले ही यात्रियों का हाजमा बिगड़ रहा हो। कई बार यात्री इन वेंडरों से खरीदे विषाक्त भोजन से ट्रेन व प्लेटफॉर्म पर ही फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो जाते हैं। कोई कार्रवाई नदारद है। किसी भी स्टेशन पर और ट्रेनों में खुलेआम अवैध वेंडर खाद्य और पेय पदार्थ बिक्री करते देखे जा सकते हैं। इस संबंध में जिम्मेवार अधिकारियों ने यह कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया कि सूचना मिलने पर वे कार्रवाई करते हैं।

गिरिडीह के चार खिलाड़ियों का झारखंड राज्य के टीम में चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह ज़िले से चार लोगों को 30वीं सब जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना किया गया। वही इसकी जानकारी झारखंड थ्रोबाल उप सचिव रणधीर प्रसाद ज्वाला ने बताया कि गिरिडीह ज़िले से बालक एवम बालिका थ्रोबॉल झारखंड टीम मैं बेंगाबाद प्रखण्ड से राकेश रोशन ,सोनू कुमार ,विद्या भारती और सृष्टि कुमारी भाग लेने के लिए सोमवार रवाना किया गया। इधर श्री ज्वाला ने बताया कि प्रतियोगिता आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबॉल संघ के द्वारा 28 मार्च से 30 मार्च भिलाई के मनसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन परिसर में किया जएगा। जिसमे गिरिडीह जिले से चार खिलाड़ियों का चयन झारखंड राज्य के टीम में किया गया है। जो बहुत ही जिला के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए क् पढ़ाई के साथ- साथ खेल कूद भी आवश्यक है। जिससे हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने सभी झारखंड टीम को उज्वलभविष्य की कामना किया है। मौके पर गिरिडीह थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष विवेकानंद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, पंकज कुमार, राहुल, सूरज, पप्पू कुमार वर्मा, अंशुमन, सभी ने बधाई देकर रवाना किया।

कोडरमा-झरही रेलखंड का सीआरएस ने किया निरीक्षण, स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल श्री सुवोमोय मित्रा ने आज कोडरमा-तिलैया नई रेल लाइन परियोजना (65 किमी) के अंतर्गत नवनिर्मित कोडरमा-झरही रेलखंड (17 किमी) का निरीक्षण किया । निरीक्षण के उपरांत विशेष ट्रेन द्वारा सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल किया गया ।

विदित हो कि 65 किमी लंबे कोडरमा-तिलैया नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 24 किमी लंबे तिलैया से खरौंध तक निर्माण कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है तथा 17 किमी लंबे कोडरमा से झरही तक का निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात दिनांक 27.03.2023 को सीआरएस निरीक्षण किया गया । शेष बचे झरही से खरौंध तक का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है ।

गिरिडीह विधायक ने खंडोली जलाशय में वॉटर सप्लाई प्लांट का किया निरीक्षण

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सोमवार को गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू एवं जिलाध्यक्ष झामुमो सह जिला उपाध्यक्ष बीससूत्री कार्यक्रम जिला गिरिडीह संजय सिंह व सांसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव ने सर्वप्रथम गिरिडीह के परिषदन भवन में गिरिडीह की उप नगर आयुक्त के साथ पानी के सप्लाई को आने वाले गर्मी के दिनों में सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए विचार विमर्श किया। गिरिडीह खंडोली जलाशय में स्थित वॉटर सप्लाई प्लांट का निरीक्षण के लिए गए। विधायक ने कहा कि आने वाले गर्मी के दिनों में पेयजलापूर्ति हेतु प्लांट का निरीक्षण व अवलोकन कर जरूरी दिशा निर्देश दिया गया है पुरानी वाटर सप्लाई प्लांट की स्थिति बहुत खराब है उसको जीर्णोद्धार किया जाएगा साथ ही खंडोली जलाशय से गाद जल्द हटाया जाएगा। जिससे ज्यादा से ज्यादा जल जमाव सम्भव हो।

बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का लिया गया संकल्प

प्रत्येक पंचायत स्तर पर होगी निगरानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : जिला प्रशासन एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज 'बाल विवाह मुक्त गिरिडीह' निर्माण हेतु जिलास्तरीय एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन विवाह भवन गिरिडीह में किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ उप विकास आयुक्त, शशि भूषण मेहरा व जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारियों व बच्चों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त, शशि भूषण मेहरा ने कहा कि ÷ बाल विवाह जैसी सामाजिक अपराध को समाप्त करने के लिए सबको सम्मिलित प्रयास करना होगा। ग्राम संरक्षण समितियां और ग्राम पंचायते गॉवों के स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाएं और बाल विवाह पर निगरानी रखें। प्रशिक्षु आईएएस उत्कर्ष कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि ÷हम सभी को मिलकर सूचना तंत्र को मजबूत बनाना होगा ताकि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए सही समय पर तैयारी किया जा सके और लोगों को जागरूक किया जा सके। गौरतलब है कि बाल विवाह के खात्मे के लिए शांति के नोबेल पुरस्कार विजेता और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन के संस्थापक कैलाश सत्यार्थी ने गत वर्ष के 16 अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत किया था जिसे झारखंड सरकार समेत अन्य राज्य सरकारों ने भी समर्थन दिया था। देश में बाल विवाह के आंकड़े काफी डरावने हैं। झारखंड में बाल विवाह की दर काफी ज्यादा है। गिरिडीह जिला बाल विवाह के मामले में सर्वाधिक संवेदनशील जिलों में से एक है। केंद्र सरकार की साल 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 3 लाख 58 हजार 64 लोगों का बाल विवाह हुआ है। जो कि पूरे देश के बाल विवाह का 3 प्रतिशत है। बाल विवाह के मामले में देशभर में झारखंड का 11वां स्थान है। यह आंकड़ा राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के ताजा आंकड़े भी साल 2011 की जनगणना के आंकड़ों की दशा बता रहे हैं।

एक दिवसीय शिक्षकों के लिए आंतरिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में सहोदया स्कूल परिसर के तत्वावधान में एक दिवसीय शिक्षकों के लिए आंतरिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य पी.के.मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने डीएवी गान गाया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में यह बताया कि राष्ट्र एवं विद्यार्थियों की उन्नति के लिए आज के समाज एवं समय के अनुसार शिक्षकों को अद्यतन होना आवश्यक है। इसीलिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण से शिक्षकों को तैयार करने की व्यवस्था बनाई गई है। विषय विशेषज्ञ संजीव कुमार श्रीवास्तव ने जीवन कौशल के बारे में यह बताया कि जीवन को और सरल एवं सहज बनाना ही सरलतम कौशल अर्थात जीवन कौशल है। इनमें आग्रहिता, समय प्रबंधन, सात्विक चिंतन, संबंधों में सुधार स्वयं की देखभाल के साथ-साथ कुछ असहायक आदतें सम्मिलित हैं जैसे - पूर्णतावादी होना, विलंबन या टालना इत्यादि से मुक्ति। श्रीवास्तव जी ने यह बताया कि तीन बुनियादी कौशल हैं बाहुबल, मस्तिष्क बल और हाथ का हुनर। आज के छात्रों को कल व्यवसाय के लिए या रोजगार के लिए अन्य मनुष्यों से मुकाबला करना ही पड़ेगा। उनको बुद्धिमान मशीनों से भी प्रतिस्पर्धा करनी पड़ेगी। ऐसे में सफलता के लिए आज के युवाओं को कुछ अलग जीवन कौशल में निपुणता की आवश्यकता है। ऐसे में हम सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका हो जाती है कि हम उन्हें इन सभी चीजों से मुकाबला करने के लिए तैयार करें। उनके अंदर जिज्ञासा, स्वतंत्र, गहरी और रचनात्मक सोच उत्पन्न करें। सीखने की ललक, आत्मनिर्भर आत्म निर्देशित शिक्षार्थी बने रहना, आत्म जागरूकता, यह तीन चीजें ऐसी हैं जिनके मेल से हम आगे बढ़ सकते हैं। ये तीन चीजें प्राथमिक रंग की तरह हैं जिनको मिलाकर किसी भी अन्य रंग को बनाया जा सकता है। इस कार्यशाला में विद्यालय के प्राचार्य पी.के.मिश्रा, डीएवी कुसुंडा से एक, डीएवी बनियाहीर से चार एवं टाटा डीएवी जामाडोबा के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया और सभी ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत कर कार्यशाला को रुचिकर बनाया। इस प्रकार कार्यशाला बहुत ही रुचिकर एवं लाभप्रद रही। कार्यशाला का समापन शांति पाठ से हुआ।

पेड़ से झूलता मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : जिले के झरिया के सुदामडीह थाना अंतर्गत सोमवार की सुबह 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिसके बाद मौके पर सनसनी फ़ैल गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पेड़ से झूलता युवक का शव मिला। घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है। घटना सुदामडीह थाना क्षेत्र के बाईक्काटर 16 नंबर का है। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर सुदामडीह पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

शांति व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाएंगे रामनवमी : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

कानून से उपर कोई नहीं, जुलूस में अनजान व्यक्ति के दिखने पर प्रशासन को करें सूचित : आर रामकुमार

➲उपायुक्त की अध्यक्षता में रामनवमी पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : रामनवमी-2023 को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद् कार्यालय,लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि श्रीराम के जन्म के समय उनकी जन्मभूमि अयोध्या में मंगलगीत गाये गये थे और एक वर्ष तक उत्सव की तरह माहौल था। एक मंगलगीत से प्रारंभ हुई रामनवमी आगे भी मंगलमय तरीके से मनायी जाती रहे,यह सभी की जिम्मेवारी है। हम सभी मिलकर रामनवमी त्यौहार को शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं। उक्त बातें उपायुक्त ने आज जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शांति की बैठक में कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने रामनवमी एवं रोजेदारों को शुभकामना देते हुए कहा कि त्यौहार के माहौल में सद्भावना रखना बहुत ही जरूरी है। अगर ऐसे में कोई गलत कदम किसी के द्वारा उठाया जाता है तो उसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ता है। युवा ऐसा करते हैं तो पुलिस क्लिरेंस मिलने में परेशानी होती है। सरकारी नौकरी नहीं हो सकती, आपको पासपोर्ट बनवाने में परेशानी आ सकती है। इसलिए जिस तरह बच्चों का ख्याल रखते हैं, उसी तरह युवाओं का भी ख्याल रखें ताकि वे कोई गलत कार्य ना करें। युवावस्था में युवा जो राह चुनेगा वही राह उसका भविष्य तय करेगा। एक क्षण में उत्तेजना और भावना में बहकर कोई गलत कदम ना उठायें। आपसी रिश्तों में मिठास जरूरी है, इसमें कड़वाहट नहीं होना चाहिए। आप दूसरों से वही बर्ताव करें जो आप अपने लिए दूसरों से अपेक्षा रखते हैं। अगर किसी जुलूस में डीजे का इस्तेमाल होता है तो वह निर्धारित डेसीबल सीमा के अंदर ही बजाया जाना है। उसमें किसी तरह का सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाला गाना या नारा नहीं हो। गाने मंगलमय पूर्ण हो।रामनवमी में विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कोई कमी नहीं रहेगी। अगर सौहार्दपूर्ण माहौल में कोई विधि व्यवस्था भंग करने की कोशिश करता है तो प्रशासन द्वारा उसे उचित अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। सुख शांति की सोच के इस त्योहार को सुख शांति से मनाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर0 रामकुमार ने कहा कि कानून से उपर कोई नहीं है। कोई भी विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करेगा उसे छोड़ा नहीं जाएगा। बीते एक वर्ष में सभी त्यौहार काफी शांतिपूर्ण ढंग से मनाये गये,इसके लिए शांति समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। एक-दूसरे के त्योहारों से हमें कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है, इसलिए हमें एक-दूसरे के पर्व-त्यौहार में शामिल होना चाहिए। युवा सद्भावना मंच के द्वारा आपसी सद्भाव बनाये रखने के लिए कई अच्छे कार्य किये गये हैं। इसमें पुलिस जवान और दण्डाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रत्येक प्रखण्ड में शांति समिति की बैठक की गई है। रामनवमी के शोभायात्रा में अगर कोई अनजान बाहरी व्यक्ति दिखे तो तुरंत प्रशासनिक पदाधिकारी/पुलिस अधिकारी को सूचना दें। अखाड़ा वाले अपने वॉलेंटियर्स की सूची थानों में उपलब्ध करायें। बच्चों को गुमशुदगी से बचाने के लिए बच्चों के माता-पिता अपने बच्चों के पॉकेट में माता/पिता का नाम व मोबाईल नंबर लिख कर एक पर्ची अवश्य डालें ताकि पुलिस सकुशल उन्हें उनके घर तक पहुंचा सके। सोशल मीडिया का इस्तेमाल सही तरीके से करें। कोई भी अफवाह नहीं फैलायें, एडमिन का व्हाट्सपग्रुप में नियंत्रण हो। व्हाट्सएप्प, फेसबुक व इंस्टाग्राम में धार्मिक भावना को ठेस पहुँचाने वाला कोई पोस्ट ना करें। शोभायात्रा निर्धारित रूट में ही निकाली जाय और तय समय पर संपन्न कराया जाय। इस दौरान अनुशासन बना रहे। युवाओं को भटकाव से बचाने के लिए उनकी काउंसलिंग करायें। पदाधिकारियों को सभो मेले में हेल्पडेस्क लगाने का निर्देश दिया गया।जुलूस के रास्ते से निर्माण सामग्री यथा ईंट, पत्थर, बालू आदि हटवाने, पार्किंग न करने सहित सीसी टीवी, स्ट्रीट लाइट,बैरिकेटिंग से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। आज की बैठक में सभी प्रखण्डों से शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान प्रखण्डवार सदस्यों द्वारा अपने-अपने प्रखण्ड क्षेत्र में निकलनेवाले शोभायात्रा की संख्या और लगनेवाले मेला के बारे जानकारी दी।

बाल विवाह को जड़ से खत्म करने के लिए समाज को ही आना होगा : जिप सदस्य जोसिमा खाखा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : नगर भवन में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रति जिला स्तरीय जगरिकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर डीसी, एसपी, कई न्यायिक पदाधिकारी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाकरटांड जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि देश में बाल विवाह के खिलाफ कानून बने हैं और समय के अनुसार उसमें लगातार संशोधन कर उसे ओर प्रभावशाली बनाया गया है। फिर भी बाल विवाह लगातार हो रहे हैं। अगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है, तो इस असफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है और इसका निदान सामाजिक जागरूकता से ही सम्भव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि केवल कानून बनाने से यह कुरीति खत्म नहीं होने वाली है। अगर इस कुप्रथा को जड़ से खत्म करना है तो इसके लिए समाज को ही आगे आना होगा तथा बालिकाओं के पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करना होगा। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। कहा कि अभिभावकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक करना होगा। प्रशासन को भी बाल विवाह की रोकथाम के लिये बने कानून का जोरदार ढंग से प्रचार-प्रसार तथा कानून का कड़ाई से पालन करना होगा। बाल विवाह प्रथा के खिलाफ समाज में जोरदार अभियान चलाना होगा। साथ ही साथ रोजगार के कार्यक्रम भी चलाना होगा। ताकि गरीब परिवार गरीबी की जकड़ से मुक्त हो सकें और इन परिवारों की बच्चियां बाल विवाह का निशाना न बन पाएं। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशा

शहीद विलियम लुगुन स्मृति वार्षिक मेला का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

जलडेगा : प्रखण्ड के विलियम चौक में 26-27 मार्च को लगने वाले शहीद कॉमरेड विलियम लुगुन स्मृति वार्षिक मेला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड की आयरन लेडी, सामाजिकता कार्यकर्ता, संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सम्मानित झारखंड के महान क्रांतिकारी दयामनी बारला उपस्थिति थी, साथ ही ठेठईटांगर जिप सदस्य अजय एक्का, जलडेगा प्रखण्ड प्रमूख जुसाफ लुगुन, केन्द्रीय विश्वविद्यालय गया के प्रोफेसर डॉ अनुज लुगुन,संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के प्रोफेसर डॉ सुनील केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि सुजान जोजो, झारखंड आंदोलनकारी प्रभाकर तिर्की, मसकल्याण समद, आनंद सिंह, छोटू बैठा, जलडेगा पंचायत बालमुनी लुगुन, पूर्व मुखिया जयमिला लुगुन, उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण सह श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए की गयी। इसके बाद दयामनी बारला ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने हक और अधिकार के लिए लड़ना जरूरी है। इसके लिए शिक्षित, संगठित होकर हक अधिकार के लिए लड़ना सीखा होगा। इसके साथ ही प्रखण्ड प्रमुख जूसाफ लुगुन , जिप सदस्य अजय एक्का, सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधन की। **कार्यक्रम में डहर पत्रिका का लोकार्पण किया गया :** जलडेगा के धरती से एक नया पहल की शुरुआत की गयी अतिथि के हाथों डहर नामक त्रैमासिक पत्रिका का लोकार्पण किया गया। इस पत्रिका के प्रधान संपादक केन्द्रीय विश्वविद्यालय गया के प्रोफेसर डॉ अनुज लुगुन एवं बानो प्रखण्ड के नागपुरी लेखक मुंगेश्वर साहु हैं एवं शहीद कॉमरेड विलियम लुगुन युवा मोर्चा जलडेगा संपादकीय विभाग है । इस पत्रिका में डॉ सुनील कुमार सहायक प्रोफेसर हिन्दी साहित्य विभाग वर्धा महाराष्ट्र, डॉ रामचंद्र उरांव सहायक प्रोफेसर एनयूएसआरएल रांची, डॉ अनुज लुगुन सहायक प्रोफेसर केन्द्रीय विश्वविद्यालय गया डॉ अभय सागर मिंज सहायक प्रोफेसर डीएसपीएमयू रांची, मुंगेश्वर साहु बानो सहित अन्य लेखकों की रचनाएं संकलित है। इस त्रैमासिक पत्रिका की खासियत यह है कि इसमें हिन्दी, नागपुरी, मुण्डारी, हो, संथाली सहित अन्य भाषाओं में रचनाएं मौजूद हैं।

तीन लोगों की हत्या के अफवाह ने पुलिस बल को किया परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

बोलबा : प्रखंड के बेहरीनबासा पंचायत के छ्प्पलपानी गांव मे तीन लोगों की हत्या की अफवाही सूचना ने थाना प्रभारी अरूनिश रोशन सहित पुलिस बल को परेशान कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छप्पलपानी निवासी राजू महतो ने 27मार्च की सुबह चार बजे बेहरीनबासा पंचायत के पूर्व मुखिया क्लेमेन्ट एक्का के पास जाकर रो-रोकर अपनी मां बुधन देवी और भाई जलसू महतो सहित तीन लोगों की हत्या की दास्तान सुनाने लगा। पूर्व मुखिया तीन - तीन लोगों की हत्या की खबर सुनकर स्तब्ध रह गए तथा आनन फानन में बोलबा थाना एवं अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों तक खबर पहुंचा दी। फिर क्या था खबर सुनते ही आनन फानन में थाना प्रभारी अरूनिश रोशन अपने पुलिस बल के साथ छप्पलपानी गांव पहुंचे। लेकिन बुधन देवी एवं उसके छोटे भाई जलसू महतो को अच्छी खासी हालत में जिन्दा देख दोनों से पूछा कि आपके मृत्यु की खबर किसने फैलाइ। इस पर बुधन देवी ने बताया कि एक सप्ताह से मेरे बड़े बेटे राजू महतो की मानसिक हालत ठीक नहीं है। वह सुबह चार बजे घर से निकला है और उसी ने यह अफवाह फैलाया है ।इसपर थाना प्रभारी ने उसका अच्छी तरह से ईलाज कराने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कोई अफवाह नहीं फैलाने और अफवाहों से सावधान रहने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने थाना का नंबर देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी तरह की जानकारी देने में बिल्कुल भी संकोच न करें।

दो परीक्षा केंद्र में 974 छात्र-छात्रओं ने दी विज्ञान की परीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के अन्तर्गत सोमवार को विज्ञान विषय का परीक्षा सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के दो केंद्रों में 974 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया। झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा मैट्रिक की परीक्षा के लिये प्रखंड के दो विद्यालय नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु में 645 में से 633 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया। 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 342 में से 341 छात्र छात्रओं ने परीक्षा लिखा जिसमें एक छात्र अनुपस्थित रहा। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त सम्पन्न हो जिसके लिये प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य और प्रखंड पशुपालन पदादिकारी डॉ मनोज कुमार को दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस दौरान परीक्षा केन्द्राधिक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा और अभिषेक गौरव ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कदाचारमुक्त सम्पन्न हुआ। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे ए एस आई आयता खेस, जमशेद खान दल बल के साथ मौजूद थे।

प्रखंड प्रशासन ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर खिलाड़ियों को किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सोमवार को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में समिलित होने जा रहे खिलाड़ी ने लोहरदगा जिला ताइक्कांडो के उप सचिव सह जिला कोच अरविंद यादव के नेतृत्व में कुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, कुडू अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह एवं पत्रकारों से मुलाकात किया। इस दौरान सभी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। साथ ही कहा कि अच्छा खेल का प्रदर्शन कर प्रखंड,जिले तथा राज्य का नाम रोशन करें। बता दें कि चार दिवसीय 36 वां सब जूनियर नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2023 का आयोजन राजस्थान के कोटा में होने जा रहा है। जो कि 28 मार्च से लेकर 31 मार्च तक होगा। सब जूनियर वर्ग अंडर 38 द्मद्द में आंकाक्षा कुमारी, एवं अंडर 26 द्मद्द में अंजली उरांव शामिल होने जा रहे हैं। इस मौके पर कुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, कुडू अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह,रितेश कुमार साहू, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी के प्रधानाचार्य मनोहर साहू, इंपीरियल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल रेहान अंसारी, ज्योतिष उरांव, दीपक गोप, संदीप यादव, अभय यादव, बुद्धे उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सदर थाना पुलिस ने रामनवमी को ले थाना क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में फ्लैग मार्च करते हुए ग्रामीणों से विधि व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। सदर थाना प्रभारी अनिल उराँव व सनी कुमार के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी एवं जवानों फ्लैग मार्च में शामिल हुए। इस दौरान हेसल, कुजरा, कुरसे, हिरही, मुन्दो, तिगरा, अरकोसा, रामपुर समेत कई गांवों में फ्लैग मार्च किया गया। मौके थाना प्रभारी अनिल उराँव ने कहा कि त्यौहार के दौरान विधि व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने, शरारती तत्वों का मनोबल कमजोर करने के साथ-साथ आम जनता को सौहार्द्रपूर्ण और सुरक्षित माहौल उत्पन्न कराने के लिए इस प्रकार की पुलिसिया गतिविधि आवश्यक है।ग्रामीण शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने परिवार के साथ त्यौहार मनाएं। किसी भी तरह के अफवाहों से बचें और अफवाह फैलाने वालों की सूचना प्रशासन को दें,पुलिस माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। जिला पुलिस सभी स्थितियों से निपटने को ले पूरी तैयारी में है। पुलिस असामाजिक तत्वों के प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। त्योहार में खलल डालने और जिले की शांति को भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, मौके पर मजिस्ट्रेट सनी कुमार दास, टीनू साहू, सूरज प्रसाद, अख्तर अली समेत कई पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दो बाइक सवार घायलों को पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): भड़गांव तालाब के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग हुए घायल ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव तालाब के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लड़का घायल हो गये। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सेन्हा थाना पुलिस को दिया गया। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच दोनो घायल को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ0 दिव्या निशि द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। घायल की पहचान कुंदगड़ी निवासी जितिया उराँव के 15 वर्षीय पुत्र आकाश उराँव, तथा शिबू उराँव के 15 वर्षीय पुत्र सुलचदेव उराँव के रूप में किया गया। बताया जाता है। कि दोनो लड़का बाइक से अपना घर कुंदगड़ी जा रहे थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन चालक धक्का मारते हुए घटना स्थल से वाहन लेकर फरार हो गया।

चैती छठ पूजा व्रतियों ने दिया अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य

बोलबा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय स्थित डोंगईतटोली छठ घाट में चैती छठ व्रतियों ने अपने आराध्य देव अस्ताचलगामी भगवान भास्कर अर्घ्य देकर घर परिवार गांव समाज के कल्याण के लिए मंगल कामनाएं कीं। चिलचिलाती गर्मी में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के विधि विधानों को निर्जला उपवास कर निभाने में व्रतियों को कितना कष्ट उठाना पड़ता है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। लेकिन जहां बात प्रकृति देव सूर्य की उपासना और छठी मैया के उपर आस्था और विश्वास का हो तो भगवान भास्कर सबका बेड़ा पार लगा देते हैं। इसी आस्था और विश्वास के साथ बोलबा के छठ व्रतियों ने अर्घ्य अर्पण किया। हालांकि चैती छठ व्रत यहां तीन-चार परिवारों में ही होता है लेकिन पूरा प्रखंड मुख्यालय भक्ति और आस्था के सागर में डूब जाता है। मौके पर छठ व्रतियों एवं उनके परिवार के लोगों के अलावे शिक्षक तपेश्वर प्रसाद, सुरेश प्रसाद, सुरेश महतो, अशोक कुमार, रंजीत कुमार, बी सिंह एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सांसद सुदर्शन भगत ने वनों की अवैध कटाई को लेकर सदन में लोकसभा अध्यक्ष को कराया ध्यानाकर्षित

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार को लोहरदगा लोकसभा सांसद श्री सुदर्शन भगत ने नियम-377 अंतगर्त झारखण्ड राज्य में हो रही वनों की अवैध कटाई को लेकर पुनः सदन मे लोकसभा अध्यक्ष ध्यानाकर्षित किया, और कहा की मैं आपका ध्यान झारखण्ड राज्य में लगातार हो रही वनों की अवैध कटाई से उत्पन्न स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ᳭ जैसा कि आपको विदित है, झारखण्ड राज्य अपने समृद्ध वन सम्पदा के लिए जाना जाता है ᳭ घने वन और वन आधारित जीवनशैली यहाँ की पहचान है और यहाँ की अर्थव्यवस्था की धुरी भी है ᳭ घने वन झारखण्ड को देश के सभी राज्यों से अलग पहचान बनाते हैं ᳭ वनों के संरक्षण हेतु राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा अनेकों नियम भी बनाये गए हैं ᳭ वनों के संवर्धन हेतु अब समाज भी जागरूक हुआ है ᳭ किन्तु पिछले कुछ दिनों से झारखण्ड राज्य, विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र के लोहरदगा जिले के पेशरार प्रखंड एवं आसपास के प्रखंडों में बड़े पैमाने पर वनों की अवैध कटाई की जा रही है ᳭ जनसंपर्क के समय स्थानीय लोगों द्वारा एवं आये दिन समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त होती रहती है ᳭ स्थानीय प्रशासन भी मूकदर्शक बना रहता है ᳭ इस सम्बन्ध में राज्य सरकार भी उदासीन है ᳭ यही स्थिति गुमला जिले में भी हैं।

सरेंगदाग थाना क्षेत्र में नक्सलियों की दस्तक दो ट्रैक्टर को किया आग के हवाले

अभियान एसपी पहुंचे घटना स्थल क्षेत्र में अभियान तेज

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के पुनदाग नदी में करोड़ो की लागत से बन रहा चार स्पेन की पुलिया निर्माण कार्य मे नक्सलियों द्वारा पहुँचया गया बाधा दो ट्रैक्टर को आग के हवाले कर क्षेत्र में होने का नक्सली संगठन दिया प्रूफ। लोहरदगा जिला के घोर नक्सल क्षेत्र सरेंगदाग थाना अन्तर्गत पुनदाग नदी में पुल निर्माण कार्य में धावा बोलते हुए नक्सलियों ने एक बार फिर से पहाड़ी क्षेत्र में दस्तक देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। बताया जाता है कि रविवार रात्रि लगभग 12 बजे पुनदाग नदी में बन रहे चार स्पेन की पुल पर कार्य कर रहे दो ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार बता दें कि ट्रैक्टर के माध्यम से गढे की पानी सुखाने का कार्य चल रहा था। जिसको नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया ग्रामीणों ने बताया कि घटना स्थल पर संवेदक द्वारा किसी तरह का बोर्ड नहीं लगाया गया है। लेकीन कोई मिथुन साहू नामक संवेदक के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बता दें कि रविवार रात्रि में रविंद्र गझू अपने दस्ता के साथ 15 से 20 की संख्या में कार्य स्थल पहुंचा। और उग्रवादियों ने सबसे पहले मजदूरों के बीच मुंशी की खोज की मुंशी नहीं रहने पर मजदूरों के साथ कड़ाई से पेश आते हुए पूछताछ किया इसी बीच मजदूरों को पिटाई करने की बात हो रही थी। लेकिन संगठन के बीच से एक नक्सली ने कहा कि मजदूरों की कोई गलती नहीं है। कोई मजदूरों को नहीं मारेगा। तथा मजदूरों को कहा कि काम नहीं करेंगे मामले की सूचना मिलने पर जिले की अभियान एसपी दीपक पाण्डेय एवं सीआरपीएफ के जवान तथा सेरेंगदाग थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गये। और उग्रवादियों का डर पकड़ के लिये कारवाई करते हुए जंगल की ओर छापामारी अभियान तेज कर दिया गया। बताया जाता है कि घटना को अंजाम देने के बाद सभी उग्रवादी पेशरार की ओर चले गये।

लापरवाही : जलडेगा कस्तूरबा गांधी विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा दे रही छात्रा की तबियत बिगड़ी

बिना इलाज किए देर शाम परिजनों को बुला कर भेज दिया गया घर

➲विजिटिंग रजिस्टर में परिजनों से लिखवाया गया, बीमार छात्रा अगर मैट्रिक परीक्षा नहीं लिख पाएगी तो उसका जिम्मेदार परिजन खुद होंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : जलडेगा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अध्ययनरत रीना कुमारी नामक एक छात्रा की शनिवार को अचानक तबियत बिगड़ने के बाबजूद भी उसका इलाज किए बिना रविवार शाम करीब 6 बजे परिजनों को फोन कर के बुलाया गया और घर ले जाकर खुद इलाज कराने को कहा गया। यहीं नहीं छात्रा के पिता जेठू प्रधान और उसकी दीदी मालावती कुमारी ने बताया कि उन्हें स्कूल से फोन कर के बुलाया गया और बीमार बेटी को घर ले जाते वक्त विजिटिंग रजिस्टर में ये लिखवाया गया की अगर छात्रा सोमवार को विज्ञान की परीक्षा नहीं दे पाएगी तो उसका जिम्मेदार परिजन खुद होंगे। देखते हो देखते रात हो गया परिजन किसी तरह अपनी बेटी को प्राइवेट मेडिकल में इलाज करवाने लगे। फिलहाल परिजन चिंतित थे की उसकी बेटी सोमवार को विज्ञान विषय की परीक्षा लिख पाएगी या नही। परिजनों ने कहा की रविवार को अपनी बेटी को लेने समय स्कूल में न तो वार्डन थी ना तो कोई शिक्षिका, बच्ची को स्कूल से लाने वक्त सिर्फ गार्ड और पीटी शिक्षिका आरती कुमारी थी। मामले पर जब हमने इलाजरत छात्रा के पास से रविवार को स्कूल के सरकारी नंबर पर वार्डन सीमा लकड़ा को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया न ही दुबारा कॉल बैक किया। वहीं मामले से संबंधित जानकारी लेने के लिए विद्यालय की शिक्षिका डेजी तिर्की को भी फोन किया गया लेकिन उन्होंने भी फोन नही उठाया। **एक साथ तीन शिक्षिका स्कूल से गायब :** विद्यालय की कार्यशैली से नाराज परिजनों में बताया की एक साथ तीन तीन शिक्षिका स्कूल में अनुपस्थित हैं। ऐसे में अगर किसी को अगर कोई समस्या होगी तो वो किसे अपनी समस्या को सुनाएंगे, परिजनों ने कहा आज उनकी बेटी के साथ ऐसा हुआ है कल किसी और के साथ होगा, विद्यालय में बच्चों की स्वास्थ्य को लेकर कोई गंभीर नहीं है। जिसके कारण विद्यालय की छवि दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। **वार्डन की सफाई - रविवार को दस्तावेजों को साइन कराने के लिए जिला गई थी :** मामले पर विद्यालय की वार्डन सीमा लकड़ा से बात करने पर उन्होंने कहा कि विद्यालय से चूक हुई है। बच्ची को इलाज कराना चाहिए था, वहीं जब उनसे पूछा गया कि ऐसा क्या कारण था जो आपके अलावा दो अन्य शिक्षिकाएं भी रविवार को अनुपस्थित थी? इस पर वार्डन ने कहा कि रविवार को वो जिला गए थे ऑफिस के काम से, वहीं शिक्षिका सीमा कुमारी छुट्टी लेकर घर गई है, जबकि शिक्षिका डेजी तिर्की बिना छुट्टी स्वीकृत किए ही घर चली गई थी। उसको रविवार को बुलाया भी गया था लेकिन वो नहीं आई। उन्होंने स्वीकार किया की स्कूल के तरफ से बीमार बच्ची का इलाज के लिए एक बार भी अस्पताल प्रबंधन को फोन नही किया गया था। **क्या कहते हैं सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा :** मामले पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने कहा की जलडेगा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की ये कोई पहली शिकायत नहीं है, इससे पहले भी इसी तरह के कई शिकायत मिलते रहे हैं, मैंने कई बार स्कूल निरीक्षण के क्रम में शख्त हिदायत देकर वार्डन और शिक्षिकाओं को गलतियों को सुधार करने को कहा है, लेकिन इन लोगों के कानों में जूं तक नहीं रेंगता है। बहुत दुख की बात है मैट्रिक लिखने वाली एक बच्ची का दो दिनों से तबियत खराब है लेकिन फिर भी किसी को इसका ध्यान नहीं है। सुजान मुंडा ने कहा की ऐसा क्या कारण है की आखिर एक साथ स्कूल से वार्डन सहित दो अन्य शिक्षिकाएँ भी गायब हैं। सुजान मुंडा ने कहा कि दोषी वार्डन सहित अन्य जो भी जिम्मेदार लोग हैं सब पर कारवाई होनी चाहिए, नहीं तो वे खुद इस मामले को अर्जुन मुंडा तक पहुंचाएंगे और करवाई के लिए कहेंगे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची, मंगलवार, 28 मार्च 2023

चलते चलते एक नजर

8वीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में तैयार की जाएंगी नई एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकें : धर्मेंद्र

नई दिल्ली (एजेंसी) : केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को यहां नई राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 पर आधारित नई पाठ्यपुस्तकों पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में स्कूली शिक्षा सचिव संजय कुमार, एनसीईआरटी के वरिष्ठ अधिकारियों और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा पर राष्ट्रीय संचालन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों को विकसित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह बहुभाषा शिक्षा प्रदान करने के राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य के अनुरूप होगा। प्रधान ने यह भी कहा कि एनसीईआरटी द्वारा विकसित शिक्षण-शिक्षण सामग्री 'जादुई पिटारा' को खुले शिक्षा संसाधनों के रूप में हर स्कूल तक पहुंचाने के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसे एक जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता है ताकि नवोन्मेषी और रचनात्मक युवा विभिन्न प्रकार की नवोन्मेषी शिक्षण-शिक्षण सामग्री विकसित करने के लिए हाथ मिला सकें।

आईसीएफआरई में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 29 मार्च से

देहरादून (एजेंसी): भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) देहरादून और इंटरनेशनल यूनियन ऑफ फॉरेस्ट रिसर्च ऑर्गेनाइजेशंस (आईयूएफआरओ) के संयुक्त तत्वावधान में कृषि,सामाजिक वानिकी के साथ पर्यावरणीय संरक्षण को लेकर अंतर क्षेत्रीय सहयोग को लेकर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 29 मार्च से शुरू होगी। इस कार्यशाला में 17 देशों के 225 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम पहले दिन उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगा। इसके बाद प्रतिभागियों के लिए मसूरी हिल्स और राजाजी नेशनल पार्क का भ्रमण होगा। जहां उन्हें चूना पत्थर खनन क्षेत्रों और खराब हुए परिदृश्य के पर्यावरण,पुनर्स्थापना के लिए विकसित तरीकों को बताया जाएगा। इसके साथ ही कई अलग-अलग क्षेत्रों की वनस्पति और वनों के प्रकार,वन्य जीवन प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जाएगी। दूसरे दिन 11 तकनीकी सत्र होंगे, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 27 प्रमुख वक्ता 9 विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके साथ ही खराब हुए परिदृश्यों की बहाली के लिए अंतर क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए अपने अनुभव को साझा करेंगे। इसी दिन पोस्टर सत्र में प्रतिभागी शोधार्थियों की ओर से 50 शोध पत्र भी प्रस्तुत किए जाएंगे। संगोष्ठी का समापन समापन सत्र के साथ होगा, जिसमें सत्र में भाग लेने वाले गण्यमान्य व्यक्ति सभा को संबोधित करेंगे और सिफारिशें और आगे की कार्रवाई की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ.दिनेश कुमार हैं। संगोष्ठी में भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रिया, कनाडा, जर्मनी, नीदरलैंड, नेपाल, चीन, अर्जेंटीना, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, इथियोपिया, मलावी, चीन और श्रीलंका से कुल मिलाकर 225 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

सीएम ने किया स्मार्ट सिटी का औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्मार्ट सिटी धुर्वा रांची में मंत्रियों के लिए बन रहे निर्माणाधीन आवास एवं आवासीय परिसर का औचक निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों से माननीय मंत्रियों के लिए बन रहे निर्माणाधीन आवास से संबंधित सभी कार्यों की बिंदुवार जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने तेज गति से आवासीय परिसर का निर्माण कार्य करते हुए निर्धारित समयावधि में योजना को पूर्ण करने का निर्देश भी पदाधिकारियों को दिया। मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

आज रात आसमान में दिखेंगे एक साथ सौरमंडल के 5 ग्रह

एजेंसी

नई दिल्ली : चांद-सितारों की दुनिया में रुचि लेने वालों के लिए आकाश में मंगलवार को अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। इस दिन सौर मंडल के 5 ग्रह एक सीधी रेखा में दिखाई देंगे। बुध, शुक्र, मंगल, बृहस्पति और अरुण (यूरेनस) को हम धरती से सीधे देख सकेंगे। ये दुर्लभ घटना सूरज ढलते के साथ ही दूरबीन से देखी जा सकती है। खगोल वैज्ञानिकों के मुताबिक 5 ग्रहों में शुक्र सबसे चमकीला नजर आने की संभावना है। बुध और बृहस्पति को साफ देखा जा सकता है। इस दौरान बहुत अधिक दूरी होने के कारण यूरेनस को साफ देख पाना मुश्किल हो सकता है। इस दौरान मंगल और चंद्रमा काफी पास नजर आएंगे। 28 मार्च को होने वाली खगोलीय घटना को वृहद ग्रह संरेखण के रूप में जाना जाता है। इसमें 5 से 6 ग्रह एक ही समय में सूर्य के करीब होते हैं।

राहुल और अडाणी मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

कांग्रेस के 15 सदस्य बजट सत्र के लिए निलंबित



एजेंसी

गांधीनगर/अहमदाबाद: कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में कांग्रेस की ओर से देशव्यापी विरोध के तहत गुजरात विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने काला कपड़ा पहन कर प्रदर्शन किया। विधानसभा के नियम 51 के तहत अध्यक्ष शंकर चौधरी ने कांग्रेस के 15 सदस्यों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। बाद में संसदीय कार्य मंत्री ऋषिकेश पटेल की मांग पर सभी को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किया गया। विधानसभा में कांग्रेस विधायक अमित चावडा के नेतृत्व में कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा किया। विधानसभा के प्रवेश द्वार पर कांग्रेस सदस्य धरना पर बैठ गए। कांग्रेस सदस्यों ने अडाणी का मुद्दा भी उठाया। विधानसभा के अंदर कांग्रेस सदस्य बैनर लेकर वेल में घुस गए। इसके बाद गांधीनगर सर्किट हाउस में राहुल गांधी मामले पर प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस विधायक अमित चावडा ने कहा कि भाजपा शासन में लोकतंत्र खत्म कर तानाशाही की जा रही है। सरकार के सामने कोई बोल नहीं सकता है। हाल देश में मित्रकाल चल रहा है, उनके मित्रों के लिए देश की सम्पत्ति लुटाई जा रही है। मित्रों को पोर्ट और एयरपोर्ट दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के मामले में सूरत की अदालत 23 मार्च को जजमेंट देती है और 24 मार्च को राहुल की लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी जाती है।

मुंबई में होगी जी-20 व्यापार व निवेश कार्य समूह की पहली बैठक


G20
1st Trade & Investment Working Group Meeting
MARCH 28-30, 2023
MUMBAI
The Financial Capital of India
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत पहली व्यापार और निवेश कार्य समूह (टीआईडब्ल्यूजी) की बैठक 28 मार्च यानी मंगलवार से शुरू होगी। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 28 से 30 मार्च तक चलने वाली इस तीन दिवसीय बैठक में कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है।वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि पहले दिन टीआई डब्ल्यूजी की बैठक में व्यापार और वित्त पर दो परिचर्चाएं होंगी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल दूसरे दिन इसका उद्घाटन करेंगे और बैठक में हिस्सा लेंगे। बैठक के तीसरे और अंतिम दिन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों-एमएसएमई को वैश्विक व्यापार से जोडने और व्यापार के लिए सक्षम लॉजिस्टिक निर्माण पर चर्चा होगी।

मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि तीन दिन चलने वाली इस बैठक के दौरान जी-20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों, क्षेत्रीय समूहों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 100 से ज्यादा प्रतिनिधि वैश्विक व्यापार और निवेश में तेजी लाने पर विचार-विमर्श करेंगे।भारत की अध्यक्षता में इस बैठक का उद्देश्य वैश्विक व्यापार व निवेश में तेजी के रास्ते में आने वाली चुनौतियों को लेकर साझी समझ बनाना है। साथ ही वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श वाक्य का अनुपालन करते हुए मानवता के कल्याण के मद्देनजर मौजूदा अवसरों का उपयोग कैसे किया जा सकता है, इस बारे में साझे समाधानों का पता लगाना है।

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से मानव जाति को बचा सकता है हाथी

एजेंसी

नयी दिल्ली: हाल ही में असम सरकार ने विधानसभा में एक चौंकाने वाला आंकड़ा पेश किया। सरकार ने कहा कि असम में 2001 से 2022 तक 1,330 हाथियों की मौत हुई है। तो, यह खतरे की घंटी है। यह इसलिए, क्योंकि अगर अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में हुए शोध पर यकीन करें, तो दुनिया में हाथी ही एक मात्र जीव है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से मानव जाति को बचा सकता है। जबसे इन्सान ने अत्याधुनिक मशीनों के जरिये जंगलों की बर्बादी शुरू की है, तबसे वन्य जीव और मानव के बीच टकराव बढ़ा है। जंगली पशुओं को आज जंगल में भोजन नहीं मिल पा रहा है। जंगल के अंदर जो प्राकृतिक जलाशय, पोखर, तालाब, नद और नाल थे, सूखने लगे हैं। छोटे-छोटे पशु तो अपनी भूख मिटा लेते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत अगर किसी पशु को हो रही है, तो वह है हाथी। ऐसी स्थिति में जंगली पशु खासकर हाथी कहां जाएं। इस कारण मानव और हाथियों का संघर्ष पिछले कुछ सालों में बढ़ा है। देश में असम की पहचान एक हाथी वाले प्रदेश के रूप में होती है। मुताबिक केवल 509 हाथियों की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई, जबकि 261 हाथियों की मौत अज्ञात कारणों से हुई है। 102 हाथियों की मौत रेलगाड़ियों की चपेट में आने से हुई, जबकि 65 हाथियों को जहर देकर मारा गया, वहीं 40 हाथियों का इस दौरान शिकार किया गया। 202 हाथियों की मौत बिजली के संपर्क में आने से हुई, जबकि आकाशीय बिजली गिरने से 18 हाथी काल का शिकार हुए। असम के वनमंत्री चंद्रमोहन पटवारी ने सदन को जानकारी दी कि सबसे अधिक हाथियों की मौत (107) 2013 में, उसके बाद 2016 में 97 और 2014 में 92 हाथियों की मौतें हुई। असम में हर साल मानव-पशु संघर्ष में औसतन 70 से अधिक लोगों और 80 से अधिक हाथियों की मौत हो जाती है। अगर बात करें वर्तमान में असम में हाथियों की संख्या की, तो यहां 5,700 से कुछ अधिक हाथी ही रह गए हैं।उल्लेखनीय है कि इस समय देश में 33 हाथी अभयारण्य हैं और 12 सौ वर्ग किलोमीटर में ये फैले हुए हैं। 12 अगस्त दुनिया में हाथी दिवस के रूप में मनाया जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2017 में की गई हाथियों की गणना के मुताबिक देश में हाथियों की संख्या करीब 30 हजार है। एक रिसर्च में पाया गया कि हाथी जंगल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिक वायुमंडलीय कार्बन एकत्रित करने और वन की जैविक विविधता को कायम रखने के लिए उनकी बड़ी भूमिका रहती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि हाथियों की संख्या कम होती है और अगर हाथी विलुप्त हो गए, तो ऐसी स्थिति में वायुमंडलीय कार्बन का प्रभाव बढ़ सकता है। अमेरिका के सेंट लुइस विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पृथ्वी के लिए हाथी के महत्व को रेखांकित किया है।

अरुणाचल प्रदेश में जी-20 की बैठक से नदारत रहा चीन

नई दिल्ली: अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में रविवार को आयोजित जी-20 की बैठक से चीन दूर रहा। हालांकि इस बैठक में दूसरे देशों के प्रतिनिधियों की अच्छी-खासी उपस्थिति रही। जिसमें अमेरिका सहित 50 से अधिक प्रतिनिधियों ने जी-20 रिसर्च इनोवेशन इनीशिएटिव से जुड़ी बैठक में हिस्सा लिया। इन प्रतिनिधियों ने विधानसभा का भी दौरा किया। जी-20 की बैठक में चीन के नहीं शामिल होने को लेकर कहा जा रहा है कि चीन, अरुणाचल प्रदेश पर दावा करता रहा है और उसे दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा मानता है। हालांकि चीन अभी तक भारत की जी-20 की अध्यक्षता का समर्थन करता रहा है। चीन के विदेश मंत्री किन गेंग ने इसी माह की शुरुआत में विदेश मंत्रियों की बैठक को लेकर भारत का दौरा भी किया था।

रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को मिली जमानत

झारखण्ड उच्च न्यायालय
रांची

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में सोमवार को रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को गोला गोलीकांड के दो अलग-अलग मामलों में मिली सजा को चुनौती देने वाली क्रिमिनल अपील पर सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान अदालत ने ममता देवी को हजारीबाग केस में जमानत दे दी, जबकि रामगढ़ केस में सुनवाई के लिए 31 मार्च की तिथि निर्धारित की है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोला नाथ ओझा ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक ममता देवी को रामगढ़ सिविल कोर्ट और हजारीबाग सिविल कोर्ट ने दो अलग-अलग मामलों में सजा सुनाई है। एक मामले में 13 दिसंबर 2022 को उन्हें पांच साल की सजा मिली थी। वहीं दूसरे मामले में चार जनवरी 2023 को हजारीबाग की विशेष कोर्ट ने गोला गोलीकांड के चौथे मामले में ममता देवी और भाजपा नेता राजीव जायसवाल को दो-दो साल की सजा सुनाई थी।

दोनों सजा को चुनौती देते हुए ममता देवी की ओर से हाई कोर्ट में अपील दाखिल की गई है।

सरकारी अस्पतालों में 10 लाख से अधिक लोगों ने करवाया ओपीडी के लिए डिजीटल पंजीकरण

एजेंसी

नई दिल्ली : लोगों को कतारों से मुक्ति दिलाने के लिए देश के अस्पतालों में ओपीडी में स्वास्थ्य जांच के लिए डिजीटल पंजीकरण की संख्या 10 लाख के पार हो गई है। आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के तहत ओपीडी के लिए अबतक 10 लाख से अधिक लोगों ने डिजीटल टोकन की सुविधा का लाभ उठाया। यह पंजीकरण सेवा आभा-अधारित है। सोमवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत तेजी से त्वरित और कतार रहित ओपीडी पंजीकरण अपना रहा है। डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार मरीजों की देखभाल और लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। ओपीडी में कतारों को कम करने के लिए अस्पतालों में डिजीटल टोकन जारी करने की व्यवस्था के मद्देनजर दस लाख से अधिक डिजिटल टोकन जारी किए आभा -आधारित ओपीडी पंजीकरण सेवा का उपयोग करने वाले रोगियों द्वारा उत्पन्न किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के अपनी प्रमुख योजना आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत अक्टूबर 2022 में त्वरित ओपीडी पंजीकरण के लिए स्कैन और शेयर सेवा का शुभारंभ किया। इस सेवा के शुभारंभ के छह महीनों में ही, इस सेवा को 365 अस्पतालों द्वारा अपनाया गया। क्यूआर कोड आधारित तत्काल पंजीकरण सेवा ने इस सेवा में शामिल अस्पतालों के (बाह्य रोगी विभाग) ओपीडी पंजीकरण क्षेत्र में प्रतीक्षा समय को काफी कम करके 10 लाख से अधिक रोगियों को समय की बचत करने में मदद की है।

प्रभात मंत्र में छपी खबर का असर, सरकार ने लिया संज्ञान

अब 60 साल वाले कलाकारों को मिलेगा पेंशन का लाभ

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

रांची। झारखंड के ऐसे कलाकार जिनकी उम्र 80 साल है, उसे झारखंड सरकार के द्वारा पेंशन देने की बात कही गई थी। इस संबंध में प्रभात मंत्र ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था और संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात भी की थी,कि अस्सी साल उम्र वाले कलाकारों की संख्या नहीं के नहीं के बराबर है। उम्र में संशोधन किया जाये। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर 27 मार्च को भी पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग सचिव से संबंध में जानकारी प्राप्त की । पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा विभाग सचिव मनोज कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व वाली संबंधित योजना को संशोधित कर दिया गया है। अब 80 साल वाले उम्र के कलाकारों की जगह पर अब 60 साल उम्र वाले जरूरतमंद कलाकारों को इसका लाभ दिया जाएगा, इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

अधिसूचना : पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा विभाग संचिका संख्या 2 / स.-2 संस्कृति-24/15 के अनुसार विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर 27 मार्च 2023 संकल्प जारी किया गया है । जिसमें राज्य के श्रेष्ठ एवं बेहतरीन अस्वस्थ / वृद्ध कलाकारों के लिए मासिक निवृत्तिका में निर्गत विभागीय संकल्प सं0 259 , 28 अगस्त 2017 में संशोधन। पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के श्रेष्ठ तथा बेहतरीन 60 वर्ष से अधिक के वृद्ध कलाकारों, जो वर्त्तमान में आर्थिक विपन्नता अथवा अस्वस्थता के कारण अपनी कला का प्रदर्शन नहीं कर पाते है तथा दयनीय जीवन यापन करने पर मजबूर है, उन्हें प्रतिमाह रू 1000/- (एक हजार) रूपये मासिक वृत्तिका प्रदान किए जाने संबंधी पात्रता, मापदण्ड प्रक्रिया संबंधी विभागीय संकल्प सं0 259 दिनांक 28 अगस्त 2017 निर्गत है। इस संबंधित संकल्प के क्रम में वित्तीय वर्ष 2017-18 तथा वित्तीय वर्ष 2018-19 में आवेदन आमंत्रित किए गए, जिस क्रम में संबंधित योजना के निर्धारित मानकों यथा कण्डिका 2 (iii) एवं 2(iv) के अनुरूप वर्तमान में उक्त योजना के कोई लाभुक उपलब्ध नहीं हो पा रहे है। योजना का वास्तविक लाभ अधिक से अधिक पात्र कलाकारों को प्राप्त हो सके अतएव संबंधित संकल्प द्वारा निर्धारित पात्रता में संशोधन की आवश्यकता को देखते हुए उक्त संकल्प को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है।



रांची : 60 वर्ष वाले कलाकारों को पेंशन देने की उठी मांग

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) झारखंड सरकार ने राज्य के स्थानीय श्रेष्ठ कलाकारों के मासिक वृतिका को बढ़ा दिया है। बताया गया कि वर्तमान में ऐसे कलाकार जिनकी उम्र 80 वर्ष से अधिक है और आर्थिक संकट से जुझ रहे हैं या अपनी कला को प्रस्तुत करने में असफल हो रहे हैं ऐसे कलाकारों को 1000 रुपये मासिक मिलता है, इसे संशोधित कर 4000 रुपये मासिक करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में कला संस्कृति विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। ऐसे कलाकारों को एक और छूट दी गयी है कि अगर अब सरकार की किसी अन्य योजनाओं का लाभ वे ले रहे हैं तो भी उन्हें मासिक वृतिका सहायता दी जायेगी। ऐसे में पूर्व के इस प्रावधान को विलोपित कर दिया है जिसमें दूसरे अन्य सहायता लेने वाले कलाकारों को मासिक राशि से वंचित किया गया था। वहीं, पहले यह शर्त थी कि कलाकार की मासिक आय चार हजार रुपये से कम होने पर ही मासिक वृतिका दी जायेगी इसे बढ़ाकर आठ हजार तक कर दिया गया। दरअसल, वर्तमान प्रावधान के कारण मासिक निवृतिका के लिए जारी आवेदन में एक भी लाभुकों व कलाकारों ने आवेदन नहीं भरा। यह बात सामने आयी कि नियम के कारण भी कलाकार योजना का लाभ लेने के लिए पात्र नहीं हो पा रहे हैं।ऐसे में इस नियम में बदलाव कर दिया गया है। अब नये सिरे से विभाग आवेदन आमंत्रित करेगा। योग्यता प्राप्त कलाकारों को मासिक निवृतिका राशि चार हजार दिए जायेंगे।

वर्तमान प्रावधान प्रस्तावित संशोधन

विभागीय संकल्प सं0 250, 28 अगस्त 2017 कंडिया (iii)प्रति कलाकार प्रतिमाह 1000/- रू0 की मासिक प्रति कलाकार प्रतिमाह 4000/- रू0निवृत्तिका प्रदान की जायेगी कलाकार जो अन्य सरकारी स्त्रोतों से इसी प्रकार की अन्य वृतिकाओं के लाभ नहीं ले रहा हो। आवेदक कलाकार की मासिक आय रु0 4,000/- (चार हजार रूपये प्रतिमाह से कम हो। की मासिक निवृत्तिका प्रदान की जायेगी कंडिका विलोपित करने का प्रस्ताव है।

आवेदक कलाकार की मासिक आय 8,000/- (आठ हजार रुपये प्रतिमाह से कम हो, कंडिका 2(iv)

विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर 27 मार्च को भी पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग सचिव से संबंध में जानकारी प्राप्त की । पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा विभाग सचिव मनोज कुमार ने जानकारी दी।

4. उक्त संशोधन के साथ ही प्रति वर्ष निवृत्तिका हेतु कलाकारों की उच्चतम संख्या एक सौ (100) का प्रावधान होगा। 5. पूर्व निर्गत विभागीय संकल्प सं0-259, दिनांक 28.08.2017 की अन्य कंडिकाओं के प्रावधान यथावत रहेंगे। उपर्युक्त प्रस्ताव पर राज्य मंत्रिपरिषद की 15 मार्च 2023 को आहूत बैठक के मद संख्या 05 में अनुमोदन प्राप्त है। आदेश आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को झारखण्ड राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय।